सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 12 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 71, पेज 12, 2.00 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 616 अंकों की गिरावट

शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी बढ़त थम गई और सेंसेक्स मुनाफावसूली के कारण 616.75 अंक की गिरावट के साथ 73,502.64 पर बंद हुआ। } 11

## और मजबूत होंगे भारत-मॉरीशस के संबंध

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर मॉरीशस पहुंची। उन्होंने कहा कि वह भारत-मॉरीशस के संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगी। } 12



# मिशन दिव्यास्त्र का सफल परीक्षण

## पांच हजार किलोमीटर है अग्नि-5 मिसाइल की मारक क्षमता

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि मल्टीपल इंडिपेंडेंट टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) प्रौद्योगिकी के साथ स्वदेश विकसित अग्नि-5 मिसाइल का पहला सफल उड़ान परीक्षण संपन्न हुआ और इसके लिए उन्होंने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिकों को बधाई दी।

मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मिशन दिव्यास्त्र के लिए हमारे डीआरडीओ वैज्ञानिकों पर गर्व है, मल्टीपल इंडिपेंडेंट टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) प्रौद्योगिकी के साथ स्वदेश विकसित अग्नि -5



स्वदेश विकसित अग्नि-5 मिसाइल

मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण। एमआईआरवी प्रौद्योगिकी के तहत किसी मिसाइल में एक ही बार में कई परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता होती है और इन हथियारों से अलग-अलग लक्ष्यों को भेदा जा सकता है। इसकी एक अन्य विशेषता यह है कि इसे सड़क के माध्यम से कहीं भी ले जाया जा सकता है। इससे पहले की अग्नि मिसाइलों में यह सुविधा नहीं थी। सूत्रों ने कहा कि मिशन दिव्यास्त्र के परीक्षण के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास एमआईआरवी क्षमता है। यह सुनिश्चित करेगा कि एक ही मिसाइल विभिन्न स्थानों पर कई आयुध तैनात कर सके। सूत्रों ने बताया कि परियोजना निदेशक एक ...शेष पृष्ठ 10 पर

# लखनऊ के विकास का श्रेय योगी आदित्यनाथ को : राजनाथ

## सीएम योगी संग रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 3666 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जो कुछ भी हुआ है, वह योगी के सहयोग से हो रहा है। उनके सहयोग के बिना यह कार्य संभव नहीं हो पाते। यहां के विकास का श्रेय योगी आदित्यनाथ को है। यह हमारा करिश्मा नहीं हैए बल्कि सांसद के कारण मैंने सहयोगी की भूमिका निभाई है। यहां के जनप्रतिनिधि जो कहते गए, वो होता गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ अभी मंच पर भी पूछ रहे थे कि यदि कोई और काम छूटा हो तो बताइए। सीएम योगी को बधाई देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ तेजी से समृद्धि के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री





उत्तर प्रदेश में परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री, लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 3666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिलान्यास कार्य गिनाए। बताया कि अवध चौराहे पर अंडरपास, गोसाईगंज-बनी-मोहन मार्ग पर अनूपगंज में रेलवे क्रॉसिंग संख्या-188 स्पेशल पर 4 लेन रेल उपरिगामी सेतु, किसान पथ से भटगांव डिफेंस नोड संपर्क मार्ग, पक्का पुल से डालीगंज व गोमती नदी के ब्रिज तक 2 लेन आरओबी कम फ्लाई ओवर, हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक रोड कनेक्टिविटी के लिए निशातगंज बंधे का चौड़ीकरण, सरोजनीनगर में 100 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक, एसजीपीजीआई में 500 बेड का एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर (फेज-एक), ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत निशातगंज में ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## रमजान का चांद दिखा पहला रोजा आज



लखनऊ। रमजान के चांद को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि रमजान का चांद नजर आ गया है और पहले रोजा 12 मार्च को रखा जायेगा। मौलाना ने कहा, तरावीह की नमाज के लिए विशेष इंतजाम हैं।

## निर्वाचन आयोग ने केंद्रीय प्रेक्षकों के साथ की बैठक

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश में कार्यरत आईएएस, आईपीएस, आईआरएएस (आईटी)/ आईआरएएस (सी एंड आईटी)/आईआरएएस केन्द्रीय प्रेक्षकों के साथ नई दिल्ली स्थिति विज्ञान भवन में वर्चुअल ब्रीफिंग की। वर्चुअल बैठक में यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा व आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक तथा व्यय प्रेक्षक सहित कुल 65 केन्द्रीय प्रेक्षकों ने सोमवार को डायल यूपी 112 भवन के सभागार से वर्चुअल

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:22 | 5:10 | 6:12 | 5:03 |

# देशभर में लागू हुआ सीएए

## सरकार ने जारी की अधिसूचना, तीन देशों के अल्पसंख्यकों को मिलेगी भारत की नागरिकता

एजेंसी

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश, जिनमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं, से आए गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो जाएंगे। इन छह समुदायों में हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी शामिल हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आज नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत शरणार्थियों को देश की नागरिकता मिल सकेगी। जानकारी के मुताबिक, सीएए के नियम जारी होने के बाद अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक शरणार्थियों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी। देश में लोकसभा चुनाव से पहले 'नागरिकता संशोधन



देशभर में नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने के बाद बढ़ायी गयी सुरक्षा

अधिनियम' (सीएए) के नियम लागू करने को लेकर विपक्ष सरकार पर सवाल उठा रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तो इस मामले में केंद्र पर सीधे-सीधे हमलावर हो गई हैं। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश, जिनमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं, से आए गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो जाएंगे। इन छह समुदायों में हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी शामिल हैं। नागरिकता ...शेष पृष्ठ 10 पर

### यूपी में अलर्ट, अफसरों को सतर्क रहने के निर्देश



लखनऊ। केंद्र सरकार ने आज सीएए को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ये नोटिफिकेशन देश के सभी राज्यों में लागू हो गए हैं। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश में प्रशासन ने अलर्ट घोषित कर दिया है। डीजीपी मुख्यालय से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। सीएए नोटिफिकेशन के बाद यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने अफसरों को अलर्ट किया है। बता दें कि इस कानून के लागू होने के बाद कोई अनहोनी न हो इसके लिए प्रशासन अलर्ट पर है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने सभी जिलों के अधिकारियों को अलर्ट रहने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# चुनावी बॉण्ड : कोर्ट ने खारिज किया एसबीआई का अनुरोध

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को बड़ा झटका देते हुए चुनावी बॉण्ड संबंधी जानकारी का खुलासा करने के लिए समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध करने वाली उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी और उसे 12 मार्च को कामकाजी घंटे समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड संबंधी विवरण उपलब्ध कराने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने निर्वाचन आयोग को भी एसबीआई द्वारा साझा की गई जानकारी 15 मार्च को शाम पांच बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे। पीठ ने एसबीआई को नोटिस दिया कि यदि बैंक उसके निर्देशों और समयसीमा का पालन करने में विफल रहता है तो शीर्ष अदालत अपने 15 फरवरी के फैसले की जानबूझकर अवज्ञा करने के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है।



❍ 12 मार्च को मांगी रिपोर्ट

पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद्द कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और चंदा प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था। लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 ...शेष पृष्ठ 10 पर

# हाईटेंशन तार की चपेट में आयी बस

## पांच लोगों की मौत, मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुख

जिला संवाददाता

गाजीपुर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में सोमवार को एक बस हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई जिससे पांच यात्रियों की मौत हो गयी और करीब 11 लोग झुलस गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख प्रकट करते हुए मृतकों के

❍ अधिशाषी अभियंता, एसडीओ और जेई किये गये निलंबित

परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मौके पर पहुंचे ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सख्त कार्रवाई करते हुए अधिशाषी अभियंता मनीष, एसडीओ संतोष चौधरी, जेई प्रदीप कुमार को निलंबित कर दिया वहीं लाइनमैन संविदाकर्मी



नरेन्द्र की सेवा समाप्ति के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने बताया कि घटना मरदह थाना क्षेत्र में उस समय हुई जब मांगलिक कार्य के लिए मऊजिले से वधू पक्ष के लोग एक बस से महाहर धाम आ रहे थे तभी उनका वाहन हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। मरदह थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विकास कार्यों से उड़ी इंडिया गठबंधन की नींद

## पीएम मोदी का परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गति दोगुनी करने का वादा

एजेंसी

गुरुग्राम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ढांचागत परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गति दोगुनी करने का वादा करने के साथ ही सोमवार को विपक्षी कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर करारा हमला किया और कहा कि नकारात्मकता विपक्षी इंडिया गठबंधन का चरित्र बन गया है।

यहां एक लाख करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में सरकार के विकास कार्यों से इंडिया गठबंधन के नेताओं की नींद उड़ गई है क्योंकि वे केवल उन परियोजनाओं को ढोलपीटने के आदी थे, जिनकी आधारशिला तो रखी गई लेकिन कोई पूरा नहीं हुई।



बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के प्रति अपनी सरकार के रुख की गति का ब्योरा देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने चालू कैलेंडर वर्ष के तीन महीने से भी कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी है या उनका उद्घाटन किया है। इससे पहले मोदी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे के हरियाणा खंड का उद्घाटन किया जो 4,100 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। द्वारका एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 29 किलोमीटर है जिसे 9,000 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया जा रहा है। द्वारका ...शेष पृष्ठ 10 पर

### विशेष खबर

बीबीडी यूनिवर्सिटी में प्रदेश सरकार की ओर से यूथ इम्पावरमेंट स्कीम के तहत फ्री स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

# योगी सरकार की योजना से लाखों छात्र-छात्राओं को मिल रहे स्मार्टफोन : विराज सागर दास

शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी के शैक्षिक सत्र 2022-2023 के सभी विभागों के छात्रों को स्वामी विवेकानंद यूथ इम्पावरमेंट स्कीम डीजी शक्ति के तहत फ्री स्मार्टफोन/टैबलेट फॉर यूथ के अंतर्गत परिसर स्थित डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास व बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास रहे। उन्होंने कार्यक्रम... शेष पृष्ठ 10 पर



स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में बोलते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास



स्मार्टफोन पाने वाले छात्र-छात्राओं के साथ बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास और वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास





छात्रा को स्मार्टफोन देते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, साथ में वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास

संक्षेप

## आनंद विहार-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस अब हफ्ते में तीन दिन चलेगी

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने 14009-14010 बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस जो सप्ताह में दो दिन चल रही थी। रेलवे प्रशासन ने अब इस ट्रेन को सप्ताह में 3 दिन चलाने का निर्णय लिया है। निर्णय के तहत ट्रेन संख्या 14010 आनंद विहार-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस 13 मार्च से प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को संचालित की जायेगी। जबकि ट्रेन संख्या 14009 बापूधाम मोतिहारी-आनंद विहार एक्सप्रेस 14 मार्च से मंगलवार, गुरुवार एवं रविवार को संचालित होगी।

## कामाख्या एक्सप्रेस के समय में होगा परिवर्तन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने ट्रेन संख्या 15621 कामाख्या-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस 14 मार्च से कामाख्या से गोरखपुर तक अपने निर्धारित समय पर आयेगी। जबकि गोरखपुर से आनंद विहार के बीच इसके समय में पविर्तन किया गया है ।यह ट्रेन गोरखपुर 22.30 बजे आने के बजाय 22.45 पर आयेगी। जबकि आनंद विहार टर्मिनल में इसके पहुंचने का समय 18.15 के बजाय 18.50 मिनट पर होगा।

## अखिलेश ने रमजान माह की दी बधाई

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने देशवासियों को रमजान की बधाई देते हुए कहा है कि रमजानुल मुबारक माह में हमदर्दी और सब्र की सीख मिलती है। इस माह में अल्लाह अपनी रहमतों और बरकतों की बारिश करता है। उन्होंने कहा है कि रमजान का मकसद बुराइयों से बचना और नेकियों पर चलना भी है इसलिए रमजान को नेकियों का मौसम-ए-बहार भी कहा जाता है। पैगम्बर मोहम्मद की शिक्षा और उनके संदेश को याद करने का यह अवसर है। उनके जीवन से समानता व भाईचारे की शिक्षा लेना और उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।

## राज्य कर्मचारी पेंशनर्स संघ की बैठक सम्पन्न

**लखनऊ।** मुख्य कार्यपालक अधिकारी संगीता सिंह के निर्देशानुसार आज साचिज कार्यालय के सभागार में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. पूजा यादव की अध्यक्षता में राज्य कर्मचारी पेंशनर्स संघ के साथ एक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में पेंशनर्स संघ से बी.के. तिवारी, अमरनाथ यादव, एस.एस. दुबे आदि एवं साचिज कार्यालय से डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. आदित्य पांडेय, सत्यप्रकाश वर्मा ने प्रतिभाग किया। बैठक में पेंशनर्स की मुख्य समस्या जैसे कि अस्पताल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के लाभार्थियों को योजनान्तर्गत इलाज न देना, स्टेट हेल्थ कार्ड निर्गत करने में आ रही तकनीकी समस्याओं एवं योजना सम्बन्धी बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. पूजा यादव ने अपनी टीम को दिशा-निर्देश दिए कि उपरोक्त समस्याओं के साथ पेंशनर्स द्वारा की गई किसी भी शिकायत का त्वरित संज्ञान लेते हुए उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# विभागीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा दें : सचान

## ओडीओपी उत्पादों के विपणन, ब्रांड प्रमोशन एवं ई-मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग तथा हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के स्तर पर ले जाने हेतु विभागीय स्तर पर की जा रही कार्यवाही एवं कार्यों के संबंध में आज यहां निर्यात

- **राकेश सचान ने विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की**

भवन में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए विभागीय उत्पादों के निर्यात को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाय। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में विभाग की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। एम.एस.एम.ई. (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था में विशेष भूमिका अदा करता है तथा पूंजी निवेश, उत्पादन एवं रोजगार में सार्थक योगदान देता है।

राकेश सचान ने बैठक में निर्देश दिया कि ओडीओपी उत्पादों के विपणन एवं ब्रांड प्रमोशन एवं ई-मार्केटिंग को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से ओडीओपी मार्ट ई-कामर्स पोर्टल को अधिक वाईब्रेट एवं डाइनेमिक बनाने हेतु विभिन्न ई-कॉमर्स कम्पनियों द्वारा आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु जिला उद्योग केन्द्र के अधिकारियों द्वारा उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाय।

समीक्षा बैठक में एनएसई इमर्ज एवं नोडल एजेंसी डिलॉइट संस्था द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। एनएसई इमर्ज द्वारा किये गये प्रसतुतीकरण में एमएसइमई सेक्टर के विकास एवं पूंजी निर्माण के लिए राज्य सरकार से एमएसएमई विभाग के ओडीओपी, लघु एवं मध्यम उद्यम की प्रदेश में संचालित यूनिट्स को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में रजिस्टर कर पूँजिगत



निवेश को बढ़ाने पर जोर दिया गया। डिलॉइट संस्था द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए किये गये प्रस्तुतीकरण में विभागीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई क्लस्टर्स के विकास किये जाने पर जोर दिया गया। डिलॉइट संस्था द्वारा उल्लेख किया गया कि प्रदेश की 11,000 एमएसएमई इकाईयों का योगदान ही जीडीपी में प्रदर्शित होता है। इस सम्बन्ध में प्रदेश की अधिक से अधिक एमएसएमई इकाईयों का जीडीपी में योगदान प्रदर्शित हो इसके लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार में चल रहे गैप को पूरा करने का प्रयास किये जाने पर बल दिया गया है।

समीक्षा बैठक में रॉ मैटेरियल बैंक के सम्बन्ध में विचार विमर्श करते हुए कोयम्बटूर (तमिलनाडु) तथा ओडिशा में कार्य कर रही संस्था द्वारा संचालित कार्यों के अवलोकन हेतु विभागीय अधिकारियों को विजिट करने हेतु कार्यक्रम निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक जनपद की स्थानीय निर्यात सम्भावनाओं को एक्सप्लोर करते हुए अधिकतम सदुपयोग, स्थानीय रोजगार सृजन, निर्यात अनुकूल वातावरण सृजन हेतु उद्यमियों को आवश्यक अवस्थापना, लॉजिस्टिक, वित्त पोषण व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक जनपद को पोटेंशियल एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने के लिए समस्त 75 जनपदों में व्यापक अध्ययन व स्टेक होल्डर्स कन्सल्टेशन के माध्यम से जिला निर्यात कार्य योजना तैयार किये जाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन अमित मोहन प्रसाद सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बनमंखी एक्सप्रेस का पुर्णिया तक मिला विस्तार

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 14617/14618 बनमंखी-अमृतसर-बनमंखी एक्सप्रेस का पूर्व मध्य रेलवे के पूर्णिया कोर्ट स्टेशन तक मार्ग विस्तार किया जायेगा। अमृतसर से 11 मार्च से चलने वाली 14618 अमृतसर-बनमंखी जनसेवा एक्सप्रेस अमृतसर से 06.35 बजे प्रस्थान कर तथा दूसरे दिन बनमंखी से 17.50 बजे छूटकर पूर्णिया कोर्ट स्टेशन पर 18.35 बजे पहुंचेगी ।वापसी यात्रा में बनमंखी से 13 मार्च, 2024 से चलने वाली 14617 बनमंखी-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस पूर्णिया कोर्ट स्टेशन से 05.35 बजे प्रस्थान कर तथा बनमंखी से 06.30 बजे छूटकर दूसरे दिन अमृतसर 16.40 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी का शेष स्टेशनों पर समय एवं ठहराव पूर्ववत रहेगा। इस ट्रेन के विस्तार की डिमांड काफी दिनों से यात्री कर रहे थे। यात्रियों की मांग को देख रेलवे ने विस्तार किया है।

# बाराबंकी के तत्कालीन सीडीओ व एसपी समेत अन्य अधिकारियों को हाईकोर्ट से मिली राहत

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक आपराधिक मामले में बाराबंकी के तत्कालीन सीडीओ मेघा रूपम तथा एसपी अरविंद चतुर्वेदी समेत खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत

- **कोर्ट ने आपराधिक केस में उनको तलब करने वाले आदेश को किया रद**

अधिकारी, थानाध्यक्ष देवा व एसआई जैद अहमद को बड़ी राहत देते हुए इनके खिलाफ आपराधिक मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाराबंकी द्वारा लिए गए संज्ञान व तलबी आदेश को खारिज कर दिया है।

इन अधिकारियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाराबंकी ने विचारण के लिए तलब किया था। यह आदेश




जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने राज्य सरकार की पुनरीक्षण याचिका को मंजूर करते हुए पारित किया। याचिका में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के 17 फरवरी 2021 के एक आदेश को चुनौती दी गई थी।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय निवासी राम प्रताप के प्रार्थना पत्र पर सीजेएम ने देवा थाने को 4 अगस्त 2020 को एक आदेश देकर तत्कालीन बीडीओ अनूप कुमार सिंह व ग्राम पंचायत अधिकारी बीना के खिलाफ वादी पर हमला करने इत्यादि आरोपों में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। उक्त एफआईआर पर जांच के दौरान घटना की जांच सीडीओ द्वारा भी की गई। सीडीओ ने अपनी जांच में राम प्रताप द्वारा लगाए आरोपों को बेबुनियाद बताया व एक रिपोर्ट एसपी को भी प्रेषित कर दी। उधर पुलिस ने सीडीओ की रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर लेकर, विवेचना के उपरांत अभियुक्तों को 20 सितम्बर 2020 को क्लीन चिट देते हुए फाइनल रिपोर्ट लगा दी। वादी ने उक्त फाइनल रिपोर्ट के विरुद्ध एक प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र दाखिल किया। सीजेएम ने उक्त प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए 17 अक्टूबर 2021 को उपरोक्त सभी अधिकारियों को तलब कर लिया था ।राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि सीजेएम का तलबी आदेश मनमाना और अविधिपूर्ण है। कहा गया कि सरकारी अधिकारी होने के नाते इन सभी को सीआरपीसी की धारा 197 के तहत संरक्षण प्राप्त है कि बिना अभियोजन स्वीकृति के इन पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है। कहा गया कि इसके बावजूद बिना अभियोजन स्वीकृति के ही इन सभी को बेवजह तलब कर लिया गया।

# जन समस्याओं का तुरंत निदान हो : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने- 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना

- **उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम**

तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व



शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना, ।जनता दर्शन मे लगभग 2 दर्जन से जिलों से आये कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी।

# सपा और कांग्रेस नेताओं के बीच हुई समन्वय बैठक

## लोकसभा चुनाव में जो भी प्रत्याशी मैदान में उतरेंगे, सपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता करेंगे जमीनी स्तर पर सहयोग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के तहत यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने की तैयारी कर रही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं की सोमवार को पहली समन्वय बैठक लखनऊ स्थित सपा के राज्य मुख्यालय पर हुई। इस बैठक में कांग्रेस की तरफ से पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा और पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया शामिल हुए, जबकि सपा की तरफ से पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल तथा कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, यह पहली बैठक लखनऊ में हुई है।

बैठक इसलिए की गई है ताकि हमारे और कांग्रेस के गठबंधन के तहत संगठन और कार्यकर्ताओं का आपस में



तालमेल बने। उन्होंने कहा, कि आगामी लोकसभा चुनाव में जो भी प्रत्याशी मैदान में उतरेंगे, दोनों ही दलों के कार्यकर्ता उनका जमीनी स्तर पर सहयोग करेंगे।

किसको क्या जिम्मेदारी मिलेगी यह हम दोनों दल मिलकर बहुत जल्द तय कर लेंगे। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य इंडिया गठबंधन के दोनों सहयोगी दल सपा और कांग्रेस के बीच आगामी लोकसभा चुनाव में आपसी समन्वय के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करना था। उन्होंने बताया कि जिन 17 लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस चुनाव लड़ेगी, उन क्षेत्रों से सपा की जिला इकाई के अध्यक्षों, विधानसभा क्षेत्र की इकाई के अध्यक्षों तथा अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी बैठक में आमंत्रित किया गया था। राय ने बताया कि बैठक में सपा कार्यकर्ताओं का कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से परिचय कराया गया और यह तय किया गया कि दोनों दल आगामी लोकसभा चुनाव में बूथ स्तर तक किस तरह आपसी समन्वय कर मैदान में उतरेंगे। बैठक के बाद राय ने संवाददाताओं से कहा, कि निश्चित तौर से मैं विश्वास दिलाता हूं कि हम सब मिलकर पूरी ताकत से इंडिया गठबंधन को जिताएंगे। इसके लिए हमें दिन-रात मेहनत करनी पड़ेगी तो हम करेंगे। आप (सपा) जितनी ताकत से हमारे साथ खड़े रहेंगे हम उससे पीछे नहीं रहेंगे। हम आपको विश्वास दिलाते हैं। इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को 17 सीट की पेशकश की है। इनमें रायबरेली, अमेठी, वाराणसी, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महराजगंज, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी और देवरिया शामिल हैं।

## लोकदल ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को समझा और एसबीआई को कल तक सभी दस्तावेज जमा करने के कड़े निर्देश दिए। यह बहुत अच्छा फैसला है, लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। चुनाव में कालेधन के उपयोग और सत्ता में पूंजीपतियों की गैर कानूनी हिस्सेदारी के खिलाफ है। एक राजनीतिक दल और एक सरकारी बैंक मिलकर देश की उच्चतम अदालत के फैसले को ठेंगा दिखा रहे थे लेकिन ऐसे पार्टियों के लिए सुप्रीम कोर्ट कानून के साथ मनमानी नहीं करने देगा। देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक भी अब भाजपा सरकार की आर्थिक अनियमितता और कालेधन के स्त्रोत को छिपाने का जरिया बन रहा है। जनता को इस पूरे मामले में जो समझना था, वो समझ चुकी है। अब चेहरे से पर्दा उठने का समय आ गया है। अब बैंक और भाजपा चाहे कितने भी षड्यंत्र रच लें, चंदे के इस पूरे खेल का सच कल सबके सामने दिख जायेगा।

# अमेठी, रायबरेली से गांधी परिवार के सदस्य लड़ें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस की यूपी इकाई की चुनाव समिति ने एक प्रस्ताव पारित कर गांधी परिवार के सदस्यों से आग्रह किया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट से वे ही चुनाव लड़ें।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को यह जानकारी दी। राय ने बताया कि यूप कांग्रेस की चुनाव समिति ने रविवार को सर्व-सम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया है जिसमें आग्रह

- **यूपी कांग्रेस ने पारित किया प्रस्ताव, गांधी परिवार के सदस्यों से आग्रह**

किया गया है कि गांधी परिवार का कोई सदस्य ही आगामी लोकसभा चुनाव में रायबरेली और अमेठी से लड़ें। ऐसा इसलिए है क्योंकि इन संसदीय क्षेत्रों की जनता और पार्टी कार्यकर्ता चाहते हैं कि वे यहां से चुनाव लड़ें। राय ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पार्टी उम्मीदवारों की अगली सूची में गांधी परिवार के सदस्यों के नाम शामिल होंगे। राय ने कहा, कि प्रस्ताव को केंद्रीय नेतृत्व को भेज दिया गया है और अंतिम निर्णय सीईसी (केंद्रीय चुनाव समिति) का होगा। इससे पहले गत छह मार्च को, प्रदेश कांग्रेस के एक नेता ने दावा किया था कि पार्टी नेता राहुल गांधी अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली में एक बैठक में शामिल होकर लौटे पार्टी की अमेठी जिला इकाई के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा था कि (राहुल) गांधी अमेठी से पार्टी के उम्मीदवार होंगे और उनके नाम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने 2004 से 2019 तक संसद में अमेठी का प्रतिनिधित्व किया। 2019 के आम चुनाव में, वह भाजपा की प्रत्याशी स्मृति ईरानी से हार गए थे। राहुल वर्तमान में केरल के वायनाड से सांसद हैं। कांग्रेस ने शुक्रवार को अपने 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बार फिर केरल के वायनाड से लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की।

# 6 बस टर्मिनल के फाइनेंशियल बिड को मिली मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में 6 बस टर्मिनल के विकास के लिये फाइनेंशियल बिड को अनुमोदन प्रदान किया गया। इस बात की जानकारी मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद दी गयी। बैठक बस टर्मिनल के विकास के संबंध में हुई। बैठ में अनुमोदन के उपरान्त चारबाग

- **मुख्य सचिव ने की प्रदेश में बस टर्मिनल के पीपीपी मोड पर विकास के सम्बन्ध में बैठक**

(लखनऊ), सोहराबगेट (मेरठ), जीरो रोड (प्रयागराज), अमौसी (लखनऊ), अयोध्याधाम व रायबरेली में बस टर्मिनल का विकास पीपीपी मोड पर किया जायेगा। बैठक में प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वरलू, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, सचिव नियोजन अनुराग यादव, एमडी यूपीएसआरटीसी मासूम अली सरवर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।



## आलू के भंडारण व विक्रय में न हो असुविधा

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य दिलाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों को आलू के भंडारण और विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये। आलू के सीजन से पहले सभी मंडियों को क्रियाशील करा दिया जाये ।मुख्य सचिव सोमवार को आलू उत्पादन, भंडारण व बाजार मूल्य के संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आलू के रेट तथा कोल्ड स्टोरेज की क्षमता और उपलब्धता को सम्बन्धित पोर्टल पर प्रतिदिन अपडेट कराया जाये। मुख्यालय स्तर पर भी जनपद स्तर से इसकी प्रतिदिन रिपोर्ट ली जाये। उन्होंने कहा कि पुराने कोल्ड स्टोरेज को पूरी तरह से मार्डनाइजेशन कराया जाये। बैठक में बताया गया कि देश में कुल आलू उत्पादन का लगभग 35 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में होता है। प्रदेश में 6 लाख से अधिक किसानों द्वारा आलू की खेती की जाती है। प्रदेश में गत वर्ष 6.94 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 243 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ था। वर्तमान में औसत बाजार मूल्य 1039 रुपये प्रति कुन्तल (7 मार्च 2024), जो गत वर्ष की तुलना में लगभग 63 प्रतिशत अधिक है।

राजनीति | यूपी विधान परिषद चुनाव, 13 सीटों के लिए 21 मार्च को होगा मतदान

# राजग के दस व सपा के तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में विधान परिषद की 13 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के दस उम्मीदवारों ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के तीन उम्मीदवारों ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल कर दिया।

विधान परिषद चुनाव में सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन है। भारतीय जनता पार्टी नीत गठबंधन के प्रत्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल करने पहुंचे। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र सिंह, विजय बहादुर पाठक, अशोक कटारिया, रामतीरथ सिंघल, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह और मोहित बेनीवाल ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। अपना दल (एस) की ओर से आशीष पटेल, सुहेलदेव भारतीय



समाज पार्टी (सुभासपा) की ओर से विच्छेलाल जबकि राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की ओर से योगेश चौधरी ने नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद चुनाव के लिए राजग के सभी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य पद के चुनाव के लिए आज नामांकन करने वाले राजग के सभी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। आप सभी की विजय के लिए अनंत शुभकामनाएं। वहीं सपा के प्रान्तीय प्रवक्ता फखरूल हसन ने बताया कि पार्टी ने हाल में बहुजन समाज पार्टी छोड़कर सपा में शामिल हुए पूर्व विधायक शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली, सपा के वरिष्ठ नेता बलराम यादव और किरनपाल कश्यप को विधान परिषद चुनाव के लिये प्रत्याशी बनाया है। तीनों ने सोमवार नामांकन पत्र दाखिल कर दिये। बलराम यादव ने नामांकन दाखिल करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि पार्टी ने उन पर विश्वास जताकर विधान परिषद के लिये उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि वह इस भरोसे पर खरे उतरेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग) के प्रत्याशियों को जिताने का प्रयास करेंगे। गुड्डू जमाली ने कहा कि पीडीए कोई जुमलेबाजी नहीं बल्कि एक सोच है और जमीन पर उसके नतीजे बहुत अच्छे होंगे। यूपी में विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 11 मार्च को समाप्त हो जाएगी और 14 मार्च को नामांकन पत्रों को वापस लेने की आखिरी तारीख तय की गयी है। अगर जरूरी हुआ तो राज्य की 13 सीटों के लिए 21 मार्च को मतदान होगा और उसी दिन शाम को मतगणना के बाद नतीजे घोषित किए जाएंगे।

# 100 रुपये खर्च कर घूम सकेंगे यूपी दर्शन पार्क, 50 रुपये में बच्चे व बुजुर्ग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के लोगों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कर सौगात दी। इनमें लखनऊ विकास प्राधिकरण व नगर निगम समेत अन्य विभागों की परियोजनाएं शामिल हैं। अब शहर के लोगों को दो और पार्क का तोहफा मिल गया है। इनमें यूपी दर्शन पार्क भी शामिल है। लोकार्पण के साथ ही अब यूपी दर्शन पार्क जनता के लिए खोल दिया गया है। हालांकि, यहां जाने के लिए लोगों को टिकट लेना होगा।

- **लोकार्पण के बाद एलडीए ने जनता के लिए खोला पार्क**

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने वेस्ट टू वंडर थीम के तहत यूपी दर्शन पार्क का निर्माण कराया है। स्मार्ट सिटी योजना के 10.14 करोड़ रुपये की लागत से इसके निर्माण में रद्दी स्क्रैप का इस्तेमाल किया गया है। गोमतीनगर में ताज होटल के पीछे यह पार्क स्थित है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका लोकार्पण किया, जिसके बाद जनता के लिए खोला गया। हालांकि यहां प्रवेश के लिए टिकट लेना होगा। घूमने आने वालों को इसकी देखरेख करने वाली कम्पनी को टिकट के रूप में 100 रुपये देने होंगे। बच्चों व बुजुर्गों को 50 रुपये देने होंगे। यूपी दर्शन पार्क में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, लाल किला, रूमी गेट सहित कई धार्मिक स्थलों के स्क्रैप के मॉडल बने हैं। यूपी के विभिन्न शहरों की धार्मिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्मारकों और कलाकृतियों के करीब 18 मॉडल बनाए गए हैं। यह अनुकृतियां बेकार पड़े कबाड़ व अनुपयोगी वस्तुओं जैसे कि लोहे के खराब सामान, बिजली के खंबे, पुरानी कारें, पार्कों की ग्रिल, ऑटोमोबाइल पार्ट, टायर, जालियां व लोहे के पाइप आदि से बनायी गयी हैं। वेस्ट मैटेरियल से जहां श्रीराम जन्म भूमि स्थल व काशी को दर्शाया जाएगा वहीं विंध्यावासिनी, देवीपाटन, चित्रकूट धाम, दुधवा पार्क, आगरा फोर्ट, बड़ा इमामबाड़ा इत्यादि के मॉडल भी बखूबी प्रदर्शित किया गया है। इस पार्क में शहर की ऐतिहासिकता को दिखाया गया है। पार्क को विकसित करने वाली एजेंसी को ही संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। यहां से होने वाली आय का 75 फीसदी एजेंसी व 25 फीसदी एलडीए का हिस्सा होगा।



**हेल्थ एटीएम सेंटर व सामुदायिक मनोरंजन केंद्र की शुरुआत :** मोहनलालगंज में इंट्रास्टेंट ट्रांसमिसन प्रोजेक्ट, वसंत कुंज योजना के सेक्टर-आई में 3,800 प्रधानमंत्री आवास ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत गऊगाट पर सेतु, आईआईएम रोड से हार्डिंग ब्रिज तक बंधा एवं सड़क, यूपी दर्शन पार्क (वेस्ट टू वंडर), केजीएमयू में सेंटर फॉर ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी, एसजीपीजीआई में एडवांस्ड ऑप्थेमलॉजी भवन एवं एडवांस्ड डायबिटिक सेंटर, मेडिकल टेक्लोलॉजी के छात्रों के लिए 200 बेड का छात्रावास, द्वितीय मेन गेट, रोड एवं पर्किंग, कल्ली पश्चिम स्थित नवीन पुलिस लाइन में 4 ब्लॉक का ट्रांजिट हॉस्टल, हर घर नल योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए 34 परियोजनाएं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामुदायिक मनोरंजन केंद्र, एबीडी एरिया में 11 स्मार्ट मार्ग का निर्माण एवं विकास, 75 पब्लिक हेल्थ एटीएम सेंटर, कलेक्ट्रेट परिसर में भूमिगत मल्टीलेवल पार्किंग, जनेश्वर मिश्र पार्क में मल्टीमीडिया लेजर शो, बिजनौर-माती-परवर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद का कार्यालय भवन, कैप्टन मनोज पांडेय उत्तर प्रदेश में सैनिक स्कूल में महिला छात्रावास, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 200 बेड का सावित्री भई फुले महिला छात्रावास- एनाएच-56 से गंगागंज-नगराम रोड का लोकार्पण किया गया।

**इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास :** अवध चौराहे पर अंडरपास, गोसाईगंज-बनी मोहन मार्ग पर अनूपगंज में रेलवे कॉलिन संख्या-188 स्पेशल पर 4 लेन रेल उपरिणामी सेतु, किसान पथ से भटगांव डिफेंस नोड पार्सल संपर्क मार्ग, पक्का पुल से डालीगंज एवं गोमती नदी के ब्रिज तक 2 लेन आरओबी कम फ्लाईओवर, हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक सीधे रोड कनेक्टिविटी के लिए निशातगंज बंधा का चौड़ीकरण, हनुमान सेतु पर दो नए पुल, सरोजनीनगर में 100 बेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक, एसजीपीजीआई में 500 बेड का एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर (फेज-एक), ग्रीन कॉरिडोर के तहत निशातगंज में सेतु का शिलान्यास किया गया।

## 419 विकास परियोजनाओं का आज तोहफा देंगे मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ ही उत्तर प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में विकास कार्यों को धरातल पर लाने के लिए तेजी से कार्य हो रहा है।

नगरों के समृद्ध विकास के साथ ही नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिले, उनके जीवनस्तर में सुधार हो, इसके लिए योगी सरकार संकल्पित है। इसी दृष्टि से नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत की 3419 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण कल 12 मार्च, 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के कर-कमलों द्वारा किया जा रहा। प्रदेश के नगर विकास ए.के. शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के नगरीय जीवन को बेहतर बनाने के लिए यहां की नगरीय व्यवस्थापन को वैश्विक स्तर का बनाने के लिए प्रदेश सरकार कार्य कर रही। प्रदेश की योगी सरकार ने इसके लिए कई विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है। नगरों को स्वच्छ बनाने के लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा। नगर विकास मंत्री ने बताया कि विभाग की 22 योजनाओं के तहत नगरों के विकास के लिए विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जा रहा है। इसमें 9458.66 करोड़ रुपए लागत की 3150 कार्यों का शिलान्यास तथा 1632.58 करोड़ रुपये लागत की 269 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जायेगा।

- **नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ की परियोजनाओं का होगा लोकार्पण व शिलान्यास**

## जनेश्वर मिश्र पार्क में लेजर शो व मोशन थ्री डी चेयर का लोकार्पण

जनेश्वर मिश्र पार्क में वाटर स्क्रीन पर रामायण के साथ श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के दर्शन होंगे। यहां आने वाले पर्यटक सबसे बड़े पानी के परदे पर लेजर के जरिए भगवान विष्णु के दशावतार की कहानी देख सकेंगे। 18 करोड़ रुपये से यह वाटर स्क्रीन तैयार करायी गयी है। इसके साथ ही यहां मोशन चेयर थियेटर भी शुरू होगा। वाटर बॉडी के पास ही यह थियेटर दर्शकों को जल-जंगल का महत्व बताएगा। इसमें मूवी देखते समय दर्शकों को विशेष इफेक्ट के जरिये इस तरह का आभास होगा जैसे वह घड़ियाल व मगरमच्छ के बीच में बैठे हों। दर्शक जिस कुर्सी पर बैठकर मूवी देखेंगे वह विशेष जरूरत पर 360 डिग्री पर तक घूम जाएगी। इस 48 सीटर 7-डी थियेटर में लोग 3-डी फिल्मों को देखने के साथ विशेष इफेक्ट देख व महसूस कर सकेंगे। यहां पर एक साथ 40 दर्शकों के लिए कुर्सियां लगायी गई हैं। इस थिएटर को 3.50 करोड़ रुपये से बनाया गया है। इसका भी लोकार्पण मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री ने सोमवार को किया। वाटर स्क्रीन को होने वाले शो को 500 लोग आंनद ले सकेंगे। शाम को 35 मिनट शो चलाने की तैयारी है। इस शो में चार से पांच मीटर ऊंचाई वाले पानी के पर्दे पर म्यूजिक, लेजर, लाइट एंड साउंड व प्रोजेक्शन के जरिए दशावतार दिखाया जाएगा। इसके लिए टिकट लगेगा। टिकट की दरें अभी तय नहीं हैं। इससे भगवान विष्णु के अलावा रामायण, समुद्र मंथन, महाभारत, अयोध्या, काशी, मथुरा सहित यूपी के महत्वपूर्ण दृश्यों को भी दशार्या जाएगा। एलडीए के मुख्य अभियन्ता एके सिंह ने बताया कि जनेश्वर मिश्र पार्क में लेजर शो तथा मोशन थ्री डी चेयर के टिकट की दर भी जल्दी तय कर दी जाएगी।

**एलडीए जल्द तय करेगा टिकट की दरें**

# मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, एंटी लार्वा छिड़काव के निर्देश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में मौसम बदलने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। सर्द-गर्म मौसम में मच्छरों की तादाद बढ़ रही है। मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए कमिश्नर डॉ. रौशन जैकब ने एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश सीएमओ व नगर आयुक्त को दिए हैं। कमिश्नर ने नगर आयुक्त व मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने लिखा है कि वर्तमान समय में वातावरण में तापमान में वृद्धि के कारण मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से फैल रहा है। मच्छरों के तेजी से फैलने के कारण मच्छरजनित बीमारियों की संभावना को ध्यान में रखते हुए लखनऊ शहर के सभी मोहल्लों, गलियों, वाटर बॉडीज व हरित क्षेत्रों में पहले से ही एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाना जरूरी हो गया है। इस वजह से जोनवार नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर लिया जाये। गठित की गई टीमों से जोनवार एंटी लार्वा के छिड़काव की कार्यवाही प्रारम्भ करा दी जाय ताकि मच्छरजनित बीमारियों के प्रकोप को रोका जा सके। कमिश्नर ने छिड़काव की कार्यवाही से अवगत भी कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

# अकबरनगर में बिना फोर्स कार्रवाई नहीं करेगा एलडीए

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अकबरनगर में रविवार को पथराव व बवाल के बाद सोमवार को कार्रवाई नहीं हुई। एलडीए ने फिलहाल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई रोक दी है। सोमवार यहां बड़ी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई है। अब 24 घंटे पुलिस निगरानी करेगी। एलडीए की ओर से लगाए गए कैम्प के आस पास भी काफी बल तैनात था। अन्दर भी पुलिस और पीएसी गश्त कर रही थी। एलडीए अब बिना पर्याप्त पुलिस बल के यहां कार्रवाई नहीं करेगा। एलडीए इसके लिए आरएएफ तैनात करने के लिए शासन को पत्र लिखेगा, ताकि उपद्रवी लोगों से सख्ती से निपटा जा सके।

- **रात दो बजे निकाली जा चुकी पोकलैंड, पथराव में हुआ नुकसान**




रविवार को पत्थरबाजों ने पुलिस व पीएसी के वाहनों को तोड़ने के साथ ही एलडीए के ठेकेदार की पोकलैण्ड मशीन भी तोड़ डाली है। पथराव के दौरान पुलिस टीम व प्राधिकरण के अफसरों के भागने के समय मशीन चालक वीर बहादुर भी मशीन छोड़कर अपनी जान बचाकर निकल गया था। अकबर नगर द्वितीय में चार मंजिला काम्प्लेक्स को गिराने के दौरान मशीन वहीं फंस गई थी। उपद्रव के दौरान मशीन को निकालने की अधिकारी हिम्मत नहीं जुटा सके। देर रात तक पत्थरबाजी की आशंका पर पुलिस इसे निकलवाने नहीं जा रही थी। रविवार रात लगभग दो बजे बाहर निकाला जा सका। इसकी केबिन आदि सब टूटी मिली। रात में लोगों के सोने के बाद करीब एक बजे पुलिस अन्दर गयी। पुलिस मशीन चालक को ले साथ गई। पोकलैण्ड की केबिन, शीशे आदि टूटे थे। गनीमत रही कि स्टार्ट करने पर यह चलने लगी। इस दौरान कुछ लोगों ने रोकने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें डपटकर खदेड़ा। आसपास से सभी जेसीबी, पोकलैण्ड हटा ली गई हैं। अब अभियान चलने पर ही मौके पर लाया जाएगा।

# पीड़ित मानवता के कल्याण के लिए ऐतिहासिक निर्णय : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने का केंद्र सरकार का कदम पीड़ित मानवता के कल्याण के लिए ऐतिहासिक निर्णय है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में मजहबी बर्बरता से पीड़ित अल्पसंख्यक समुदाय के सम्मानजनक जीवन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने मनुष्यता को आह्लादित करने वाले इस मानवीय निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया है। सीएम ने अधिनियम के तहत भारत की नागरिकता प्राप्त करने जा रहे सभी लोगों का अभिनंदन किया है।

## नागरिकता कानून लाने से क्या होगा : अखिलेश



**लखनऊ।** केंद्र सरकार की ओर से सीएए लागू किये जाने पर प्रदेश के प्रमुख विपक्षी दल सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को सरकार घेरा। इस सम्बन्ध में अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि जब देश के नागरिक रोजी-रोटी के लिए बाहर जाने पर मजबूर हैं तो दूसरों के लिए नागरिकता कानून लाने से क्या होगा? जनता अब भटकावे की राजनीति का भाजपाई खेल समझ चुकी है। भाजपा सरकार ये बताए कि उनके 10 सालों के राज में लाखों नागरिक देश की नागरिकता छोड़कर क्यों चले गये। चाहे कुछ हो जाए कल इलेक्टोरल बांड का हिसाब तो देना ही पड़ेगा और फिर केयर फंड का भी।

## लोगों का संदेह दूर करने के बाद लागू करते सीएए : मायावती

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने केंद्र सरकार द्वारा सीएए की अधिसूचना जारी होने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोमवार को एक्स पर लिखा कि केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून को चुनाव से पहले लागू करने के बजाय इसके लेकर लोगों के मन में जो संदेह, असमंजस व आशंकाएं हैं, उन्हें पूरी तरह दूर करना चाहिए। इसके बाद ही इसे लागू किया जाना ही बेहतर होता।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट के लिए आवास पर लगा तांता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह के लखनऊ प्रवास के तीसरे दिन सोमवार को भी बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों सहित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भी भेंट की और राजधानी में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

- **सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों सहित जनप्रतिनिधियों ने की मुलाकात**
- **अजय त्रिपाठी मुन्ना के नेतृत्व में व्यापारियों ने पूर्ण समर्थन देने के लिए भेंट की**



लखनऊ लोकसभा से लगातार तीसरी बार सांसद के रूप में रिकॉर्ड मतों से जीत के लिए विश्वास व्यक्त करते हुए अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दी। भेंट के दौरान भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल, कार्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ राघवेंद्र शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मौलाना रजा हुसैन, मौलाना शबाहात हुसैन, मौलाना कमरूल हसन, मौलाना मोहम्मद अली, मौलाना हसन जाफर, एडवोकेट अली वारसी, रिजवान राईनी और अमील शम्सी प्रदेश उपाध्यक्ष बीजेपी अल्पसंखयक मोर्चा, बहुजन समाज दल, तमिलनाडु समाज, लखनऊ वैश्य परिवार, सिख समाज, भोजपुरी समाज, सिंधी समाज, पर्वतीय समाज, जानकीपुरम आवासीय समिति से संतोष तिवारी, पंकज तिवारी, एसएन बाजपेई और विभिन्न आवासीय समितियों के प्रतिनिधि मंडलों ने भेंट कर चुनाव में पूर्ण समर्थन दिये जाने का विश्वास दिलाया।

प्रो. दिलीप अग्निहोत्री के साथ पत्रकार प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू एसोसिएशन के सीईओ प्रवीण गर्ग की अध्यक्षता में विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधमंडल ने मुलाकात की। भाजपा सरकार में खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए हो रहे कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। खेल संघ पदाधिकारियों ने पूर्ण बहुमत से दोबारा भाजपा सरकार बनाने के लिए और लखनऊ लोकसभा में भारी बहुमत से जीताने के लिए समर्थन दिया। पार्षद राजेश गब्बर, संजय राठौर, मोंटी, अजय दीक्षित सहित पार्षद दल ने भेंट की। पारा पुल बनाये जाने के लिए पूर्व पार्षद मिंटू उपाध्याय और शालू वाजपेई सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों के हस्ताक्षर सहित लिखित पत्र सौंपकर आभार व्यक्त किया। अजय त्रिपाठी मुन्ना के नेतृत्व में व्यापारियों ने पूर्ण समर्थन देने के लिए भेंट की। अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, श्याम कृपलानी सुशील गुरु नानी और पुनीत ठाकुर के साथ व्यापारियों ने अमीनाबाद में दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बढाये जाने के लिए मांग पत्र सौंपा। जौहरी बाजार चौक व्यापार मंडल प्रतिनिधि मंडल ने गोपाल अग्रवाल अमित मिश्रा, सचिन सिंह, प्रफुल्ल गुप्ता, संदीप वर्मा, अखिल मौर्य, दीपक सोनी, अनिल चौरसिया, अदीब मुस्तफा, अजय राजपूत ने मिलकर चौक जौहरी बाजार के रास्ते के जीर्णोद्धार, मार्ग प्रकाश व्यवस्था और प्रशासन द्वारा बंद कर दिए गए रास्ते को खुलवाने के लिए मुलाकात की और अपना प्रार्थना पत्र सौंपा।

# कर्मचारियों के पीएफ खातों व लेजर की जांच की मांग




**लखनऊ।** नगर निगम कर्मचारी संघ ने भविष्य निधि खातों, लेजर एवं पास बुकों का परीक्षण कराए जाने की मांग की है। संघ की ओर से इस बाबत नगर आयुक्त को पत्र भी लिखा गया है। संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने आरोप लगाया है कि सफाई कर्मचारियों सहित सभी नियमित कर्मचारियों को भविष्य निधि धनराशि का कम भुगतान किया जा रहा है। इस वजह से भविष्य निधि खातों, लेजर एवं पासबुकों का परीक्षण मुख्य नगर लेखा परीक्षक नगर निगम से कराये जाने की मांग की है। जांच से सेवानिवृत्त के बाद सभी कर्मचारियों को भविष्य निधि का सम्पूर्ण भुगतान मय बयाज सहित प्राप्त हो सकेगा। कर्मचारियों को हो रही वित्तीय क्षति से रोका जा सके। महापौर को भी पत्र की प्रति प्रेषित करते हुए इस प्रकरण पर संबन्धित अधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया है।

## पेट नहीं पास किया तो आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट की लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं देना सही

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बिना प्रारम्भिक योग्यता परीक्षा (पेट) पास किये आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट की लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति देने की मांग वाली रिट याचिकायें खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि पेट को लिखित परीक्षा के समान नहीं माना जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि यह केवल क्वालिफाइंग परीक्षा है जिसका तात्पर्य प्रारम्भिक स्तर पर ही अभ्यर्थियों की छंटनी करना है। यह आदेश जस्टिस मनीश माथुर की एकल पीठ ने एकता सिंह आदि की ओर से दायर रिट याचिकाओं को खारिज करते हुए पारित किया। याचियों ने उन प्रावधानों को खारिज करने की मांग किया था जिनके कारण उन्हें बिना पेट पास किये आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट की लिखित परीक्षा मे बैठने के अयोग्य करार कर दिया गया था। याचिकाओं का विरोध करते हुए यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा का तर्क था कि याची जानते बूझते पेट की परीक्षा में नहीं बैठे अतः अब उन्हें 1 फरवरी 2024 को जारी विज्ञापन के अनुक्रम में लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

# मड़ियांव और हसनगंज में दो अवैध निर्माण सील




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को प्रवर्तन जोन-4 की टीम ने मड़ियांव और हसनगंज क्षेत्र में दो अवैध निर्माण सील किये। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि जगनलाल व अन्य द्वारा मड़ियांव में घैला रोड पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय गाजीपुर बलराम के पीछे लगभग 5000 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसके अलावा मो. इसरार अहमद, मेहंदी व अन्य की ओर से हसनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत पुरनिया तिराहा से पक्का पुल को जाने वाली बन्धा रोड पर हमसफर गेस्ट हाउस के बगल में लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन दोनों अवैध निमार्णों के विरूद्ध विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश पारित किये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता राकेश कुमार की ओर से प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से दोनों अवैध निमार्णों को सील कर दिया गया।

**विरोध** एबीवीपी ने लविवि के गेट पर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार का पुतला दहन

# एबीवीपी ने प्रदर्शन कर फूंका पुतला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सिलिगुड़ी पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार तथा ममता बनर्जी सरकार से पोषित दोषियों के खिलाफ सिलिगुड़ी में प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग कर रहे अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला एवं अन्य कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) लखनऊ महानगर के कार्यकर्ताओं ने लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट संख्या एक पर पश्चिम बंगाल की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन एवं नारेबाजी कर ममता बनर्जी सरकार का पुतला दहन किया।



अभाविप लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष जयव्रत राय ने कहा कि प्रतिदिन पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ शोषण एवं हिंसात्मक घटनाओं का होना आम बात हो गई है, जब महिलाएं आज सड़कों पर उतरकर अपनी सुरक्षा और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग सरकार से कर रही हैं तो उन्हें इंसाफ देने के बजाय ममता सरकार अपराधियों को संरक्षण देने का कार्य कर रही है।

लखनऊ उत्तर जिला संयोजक विक्रांत सिंह ने कहा की पश्चिम बंगाल के ममता बनर्जी की सरकार में महिलाओं के प्रति होती हिंसा में लगातार इजाफा हो रहा है और अब तो ये चिंताजनक विषय बन चुका है। महिला हिंसा को बढ़ावा देकर अपने कार्यकताओं को पालना ममता बनर्जी के संवेदनहीन होने को दशार्ता है। पश्चिम बंगाल में आए दिन बढ़ रही महिलाओं के प्रति हिंसा को देखते हुए भारत के राष्ट्रपति को अपनी प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर वहां तुरंत ही राष्ट्रपति शासन लागू कर देना चाहिए। महानगर सहमंत्री आदर्श यादव ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला और अभाविप के अन्य गिरफ्तार कार्यकताओं को तत्काल ससम्मान रिहा किया जाय। इस प्रदर्शन मे अभाविप के प्रांत राज्य विश्वविद्यालय संयोजक नलिन प्रताप सिंह, अधीश श्रीवास्तव, विकास तिवारी, अनुराग मिश्रा, अभिजीत झा, वैभव जोशी, अनुराग, अतिशय जैन, वैभव पाण्डेय, अभिषेक सिंह, देवेन्द्र प्रताप सिंह, आकाश सिंह, हर्षित सिंह, किशन प्रकाश पाण्डेय, विकास मिश्रा, अभिषेक ओझा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# प्रॉपर्टी कारोबारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

- सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र की घटना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में सोमवार की सुबह प्रापर्टी कारोबारी ने अवैध पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को छानबीन के दौरान मृतक के पास से एक चार पेज का सुसाइट नोट व पिस्टल बरामद हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूल रूप से गोसाईगंज क्षेत्र के मलौली गांव निवासी आदित्य मिश्रा (47) परिवार सहित गोमती नगर में रहते थे। जिन्होंने सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र के सेक्टर-एफ 1 में अपना एक ऑफिस बना रखा था। जहां से वह अपना प्रॉपर्टी का व्यवसाय चलाते थे। सोमवार की दोपहर अचानक ऑफिस के अन्दर से गोली चलने की आवाज से हड़कम्प मच गया। गोली चलने की आवाज सुनकर लोगों ने अन्दर जाकर देखा तो आदित्य का खून से लथपथ शव कुर्सी पर पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना लोगों ने परिजनों समेत पुलिस को दी। जिसके बाद इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्रा टीम के साथ पर मौके पर पहुँचे। जिनकी सूचना पर डीसीपी साउथ तेज स्वरूप सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुँच गए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित कराये।

**कई करोड़ के कर्ज से था परेशान:** परिजनों की माने तो मृतक ने कई प्रोजेक्ट में करोड़ो रुपये उधार लेकर फंसा दिए थे। जिसके बाद भी प्रोजेक्ट पूरे नही हुए। ना ही प्रोजेक्ट का पैसा छूटा, जिसकीं वजह से देनदार अपना पैसा मांग रहे थे। जिसकीं वजह से भी वह एक माह से डिप्रेशन में था। प्रॉपर्टी व्यवसायी आदित्य ने आत्महत्या के दौरान लिखे सुसाइट नोट में उन लोगों के नाम लिखे है। जो उसे परेशान कर रहे थे। जिनकी वजह से उसने आत्महत्या की है।

**मुँह में नाल रखकर चलाई गई गोली:** प्रॉपर्टी डीलर ने सोमवार की सुबह करीब 11 बजे अपने आफिस पहुंचे। आधा घंटे किसी से फोन पर बात करने के बाद वह पिस्टल निकालकर उसकी नाल अपने मुंख में रखकर फायर कर लिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

**फिल्म इंडक्ट्री में आजमाया हाथ:** सूत्रों की मानें तो मृतक आदित्य प्रॉपर्टी के साथ फिल्म इंडस्ट्री में भी हाथ आजमा रहे थे जिनकी एक फिल्म कुछ खट्टा कुछ मीठा आ भी चुकी है।

**हिन्दू युवा संघ भी चलाते थे:** हिन्दुत्व को बढ़ावा देने वाले हिंदूवादी नेता आदित्य हिन्दूयुवा संघ के नाम से अपना एक संगठन भी चलाते थे। जिसके तहत 2023 में एक संत समागम भी कर चुके थे।

**प्रेम-प्रसंग की आशंका:** सूत्रों की मानें को आदित्य का विवाह जुनाब गंज उन्नाव की रहने वाली अन्नपूर्णा के साथ हुआ था जिनसे उनके दो बेटे है। कुछ सालों से आदित्य किसी अन्य महिला से बात चीत होने लगी थी और बात इतनी बढ़ गई मामला अपनाने तक पहुंच गया। जिसकीं जानकारी पत्नी को हुई तो आपस मे झगड़े शुरू हो गए थे। पत्नी कुछ दिनों से मायके रह रही थी।

**रहा है आपराधिक इतिहास:** मृतक आदित्य का छात्र जीवन से ही आपराधिक इतिहास रहा है। जिसका नाम लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता उपेन्द्र सिंह मानू की हत्या में आया था। जिसमें यह काफी दिनों तक जेल में भी रहे। इसके अलावा सुशान्त गोल्फ सिटी गोसाईगंज सहित अन्य थानों में भी इनके विरुद्ध कई आपराधिक मुकदमें पंजीकृत है।

**लूलू मॉल में हनुमान चालीसा पढ़ने की थी घोषणा:** सुशान्त गोल्फ सिटी में खुले लूलू मॉल के चालू होते ही वहाँ एक समुदाय के लोगों द्वारा नमाज पढ़ी गई थी। जिसका वीडियो वायरल होने से काफी गहमा गहमी चल रही थी। इसी बीच आदित्य ने घोषणा कर दी थी कि हम वहाँ पर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। हालांकि किसी तरह का कोई साम्प्रदायिक माहौल न बिगड़ने पाये। इसलिए पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**हत्या या आत्महत्या:** प्रॉपर्टी कारोबारी की हत्या के बाद जब धटनास्थल की फोटो व वीडियो वायरल हुआ तो उस समय पिस्टल मेज पर रखी हुयी थी। जिस पर सवार उठा कि गोली चलने के बाद पिस्टल मेज पर कैसे पहुंची। इस सम्बन्ध में इंस्पेक्टर अंजनी मिश्र ने बताया कि आत्महत्सा की सूचना मिलते ही परिजनों मृतक के परिजन समेत अन्य लोग मौके पर पहुचं गये। इस दौरान मृतक के भतीजे ने जमीन पर गिरी हूई पिस्टल को उठा कर टेबल पर रख दिया था। पिस्टल भरी हुयी थी। जिसमें पांच और गोलियां थी। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पिस्टल अवैध बतायी जा रही है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

'सीसीटीवी बंद मिला है। अन्दर कोई नहीं था। आशंका है कि सूचनाकर्ता रोहित ने ही अवैध पिस्टल जमीन से उठा कर मेज पर रखी है। सुसाइड नोट में उसने सिचाई विभाग से एनओसी न मिलने की बात कही है। जिससे उसने बहुत परेशान होने की बात कही है। सुसाइड नोट में उसने अपनी मौत का खुद को जिम्मेदार बताया है। जिससे किसी का दोष नहीं है। पुलिस इसी को आधार मान कर जांच कर रही है। इसके साथ ही कई अन्य पहुलओं पर गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी

**शशांक सिंह**
**एडीसीपी साउथ'**

# कार पर थूकने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

- कई राउंड हुई हवाई फायरिंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में सोमवार सुबह गाड़ी पर गुटखा थूकने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान छत से करीब पांच राउंड हवाई फायरिंग भी की गयी। पुलिस मुकदमा दर्ज जांच में जुट गयी है।

कृष्णा नगर कोतवाली की भोला खेड़ा चौकी अन्तर्गत कनौसी ओशो नगर में सबद इंटरप्राइजेज के नाम से अंशु बजाज का प्लास्टिक का गोदाम है। जहाँ उनके लेबर तारिक अली अपने परिवार के साथ रहते है। आरोप है कि सोमवार सुबह ठेकेदार तारिक ने पान गुटखा खाकर गली में थूक दिया। जिसके छींटे श्याम शंकर मिश्रा की गाड़ी पर पड़ गये। जिससे नाराज होकर उनका बेटा सुनील मिश्रा मुंशी से गाली गलौज करने लगा। जिससे मारपीट करते हुये अपनी गाड़ी भी साफ करवाई। जिसकी जानकारी होते ही गोदाम मालिक अंशु ने विरोध जताया। जिसके बाद मामला मारपीट में तब्दील हो गया। इस दौरान लाठी डंडो की प्रहार कारोबारी अंशु का सर फट गया। जिससे गुस्साये लेबरों ने आक्रोशित होकर मोहल्ले के घरों पर ईट और गुम्मों से प्रहार करना शुरू दिया। जिससे दहशत में आये लोग घरों में कैद हो गए और छत पर चढ़कर हमलावरों को भगाने के लिए लाइसेंसी असलहे से करीब चार से पांच राउंड हवाई फायरिंग कर दी। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने घायल को उपचार के लिए लोकबंधु अस्पताल भेज दिया। वहीं थाने पर पहुंचे दोनों पक्षों के लोगो ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है। पुलिस सहायक आयुक्त कृष्णा नगर विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रथम द्दष्टया में स्पष्ट है कि कबाड़ का कार्य करने वाले अंशु बजाज ने अपने असंख्य लेबरों के साथ मोहल्ले में गुंडई किया गया है। जिससे लोगो में दहशत व्याप्त है। मोहल्लेवालों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले में जाँच की जा रही है।

## मजदूर ने की आत्महत्या की कोशिश, भर्ती

लखनऊ। लविवि में मैदान में काम कर रहे मजदूर ने टेंट के लोहे से लटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जिसे उसके सहयोगी इलाज के लिये ट्रामा सेन्टर ले गये। जहां उसका इलाज चल रहा है। नंदन पुत्र गोपाल (24) निवासी गुरुदत्त पुरवा थाना रसिया जनपद बहराइच लखनऊ यूनिवर्सिटी में लगे रोजगार मेले में टेंट लगाने का काम कर रहा था। जिसने वहां टेंट के लोहे से रस्सी के सहारे आत्महत्या का प्रयास किया। यह देखकर विवि के सुरक्षाकर्मी व पुलिसकर्मी ने तत्काल उसे उतार कर यूनिवर्सिटी की एंबुलेंस से विवेकानंद अस्पताल भिजवाया गया।

# अफवाह फैलाने और पत्थरबाजी करने वाले दहशत गर्दो की तलाश में जुटी पुलिस

लखनऊ। महानगर कोतवाली क्षेत्र में स्थित अकबरनगर मे अफवाह फैलाने और प्रशासन पर हमले करने के मामले में पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बीते रविवार को अकबरनगर में एलडीए के ध्वस्तीकरण के दौरान गिरी बिल्डिंग के नीचे कई लोगों के दबे होने और मौत की अफवाह फैलायी गयी थी। जिसके बाद लोगों ने गुस्से में आकर पत्थरबाजी कर हंगामा काटा था। जिसके बाद पुलिस ने सात लोगों को नामजद करते हुये सैकड़ों अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण के संजीव कुमार ने महानगर कोतवाली मे मुकदमा दर्ज करायी है। जिसमें हबिदुल, अरशद वारसी, मोहम्मद नौशाद, फजल अहमद, मोहम्मद सैफ खान, आदिल इस्तियाक व रेहान को नामजद किया गया है। महानगर कोतवाली मे केस दर्ज कर पुलिस कार्यवाई मे जुटी है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें गठित कर दी गई है। वह दबिश भी दे रही है।

## केंद्रीय मंत्री की फोटो से छेड़छाड़

लखनऊ। महिला केंद्रीय मंत्री की फोटो से छेड़छाड़ पर कांग्रेस के नेशनल मीडिया इंचार्ज और प्रवक्ता डॉ. अरुणेश यादव पर केस दर्ज किया गया है। साइबर थाने के इंस्पेक्टर ने बताया कि अरुणेश यादव के अकाउंट से फोटो पोस्?ट की गई है। इसे डिलीट कर दिया गया है। एक्स को ई-मेल भेजकर पोस्ट के बारे में जानकारी मांगी गई है। उन्?होंने कहा कि? आरोपी के खिलाफ साक्ष्य संकलन किए जा रहे हैं। आरोपित के खाते के बारे में अन्य जानकारियां जुटाई जा रही हैं। तफ्तीश में जो भी साक्ष्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# औरैया में पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़, एक घायल

- पुलिस ने घायल बदमाश के अन्य साथियों को किया गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के औरैया जिले में पुलिस बदमाशों को हुई मुठभेड़ में एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने इसके तीन अन्य साथियों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से अवैध असलहे और कारतूस बरामद हुए है।

यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश के औरैया जिले के थाना दिबियापुर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम प्लास्टिक सिटी रोड ब्रह्मरादेव मन्दिर तिराहा के पास चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को जब रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने जब जबाबी फायरिंग की तो पुरस्कार घोषित आरोपी श्यामबाबू उर्फ श्यामा घायल हो गया। वही इसके साथी धर्मेन्द्र और शिवम तथा अंशु को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चार अवैध तमंचा और विभिन्न बोर के जीवित और खोखा कारतूस तथा तीन मोबाइल फोन और दो मोटर साइकिल बरामद की। घायल को के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक श्यामबाबू उर्फ श्यामा शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद औरैया, कानपुर देहात के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास और लूट तथा गैंगेस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट के सत्रह मुकदमे दर्ज है। श्यामबाबू उर्फ श्यामा औरैया जिले से वांछित चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

**पच्चास हजार के इनामी को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार:** यूपी की एसटीएफ ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर अवैध शराब और मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना व बांदा जिले से पच्चास हजार के इनामी अपराधी मनीष को हरियाणा के सिरसा शहर के स्वास्तिक धर्मकांटा निकट आइरिस होटल के सामने सड़क से गिरफ्तार किया। एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि इसका गॉजा तस्करी का एक सक्रिय गिरोह है। जिसमें सरगना रिन्कू राठी और राकेश प्रमुख रूप से कार्य करते है। यह लोग अपने आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए यह कार्य बीते चार-पॉच वर्षो से कर रहे है। उ0प्र0 के बॉदा, चित्रकूट, फतेहपुर, मेरठ, गाजियाबाद के अलावा दिल्ली व हरियाणा में भी गॉजे की तस्करी करते है। इस काम से जो भी कमाई होती है उसे यह लोग आपस में बॉट लेते है। यह लोग मादक पदार्थ की खेप ले जाने वाले व्यक्तियों को प्रति चक्कर एक लाख रुपए देते है।

## तीन अपराधियों को मिली सजा

लखनऊ। यूपी के रामपुर और बदायू जिले में हत्या और दुराचार के तीन आरोपियों को कड़ी सजा दुहाई। पुलिस के मुताबिक बदायूं जिले के थाना अलापुर पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने थाना अलापुर पर दर्ज दुराचार के मामले के आरोपी नन्हे उर्फ आकाश को दस वर्ष के कठोर कारावास व तीस हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। वही प्रदेश के रामपुर जिले के थाना मिलक पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने थाना मिलक पर दर्ज हत्या और अन्य मामले के आरोपी भूरा और महफूज को दस-दस वर्ष के कारावास व ग्यारह ग्यारह हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# हटाये गये वाराणसी के पुलिस कमिश्नर अब कुर्सी संभालेंगे मोहित अग्रवाल

**लखनऊ।** शासन ने सोमवार को वाराणसी के पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन को हटा दिया। उनके स्थान पर एडीजी एटीएस मोहित अग्रवाल को भेजा गया है। पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे के अगले दिन ही कमिश्नर को हटाने पर कई तरह के चचाएं हैं। सूत्रों का कहना है कि वाराणसी के जनप्रतिनिधियों की नाराजगी के कारण यह कार्रवाई हुई है। अशोक मुथा को पुलिस भर्ती और प्रोन्नत बोर्ड में अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर भेजा गया है। एटीएस एडीजी मोहित अग्रवाल के स्थान पर नीलाब्जा चौधरी को भेजा गया है। नीलाब्जा चौधरी वर्तमान में पीएसी मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षक के पद पर तैनात थे।

शनिवार और रविवार को पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिन के दौरे पर थे। पीएम मोदी का अचानक एक ही दिन पहले विश्वनाथ मंदिर जाने का कार्यक्रम बना। सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने के लिए शनिवार को उस वक्त सुरक्षा बलों ने रिहर्सल की थी। जब विश्वनाथ मंदिर के पास शिव बारात निकल रही थी। इससे लोगों को काफी दुश्वारी का सामना करना पड़ा। रिहर्सल फ्लीट के भारी भीड़ के बीच घुसने से अफरातफरी में गिरकर कई चोटिल भी हुए। इस दौरान कई अव्यवस्थाओं को लेकर लोगों ने पुलिस पर भारी नाराजगी भी जताई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो और समाचार पत्रों में सइे लेकर कई खबरें भी प्रकाशित हुई। बताते चलें कि अशोक मुथा को वाराणसी में दूसरे पुलिस कमिश्नर के तौर पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद तैनाती मिली थी। वर्ष 1995 बैच के आईपीएसी वाराणसी में एसपी सिटी भी रहे थे। वाराणसी के नए पुलिस कमिश्नर बने आईपीएस अफसर मोहित अग्रवाल तीसरे कमिश्नर हैं। बरेली के रहने वाले मोहित अग्रवाल वर्ष 1997 बैच के आईपीएस अफसर हैं। वर्ष 2004 में उन्नाव और कानपुर देहात में एसपी रहे। एटीएस में तैनाती से पहले मोहित अग्रवाल कानपुर रेंज में आईजी रहे। कानपुर में विकास दुबे काण्ड में समय आरोपियों के साथ पुलिस की पहली मुठभेड़ में खुद भी शामिल रहे थे।

# माल सीएचसी पर रात में नहीं ठहरती महिला डाक्टर




माल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सरकारी निदेशों के बाद भी रात्रि में महिला डाक्टर नहीं ठहरती हैं। जिसका खामियाजा प्रसुताओं को भुगतना पड़ता है। माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रात्रि में महिला डॉक्टर इमरजेंसी ड्यूटी नहीं करती हैं, उनकी जगह पर स्टाफ नर्स ड्यूटी करती है। इनके द्वारा गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी भी कराई जाती है। जिससे जच्चा-बच्चा की जान जाने का खतरा भी बना रहता है। जिसका फायदा स्टाफ नर्से और आशा बहू उठाती हैं। जो सीएचसी में महिला डाक्टर न होने की बात कह कर निजी नर्सिंग होमों में ले जाकर मन माने पैसे दिलाकर कमीशन वसूली करती है। इस संबंध में जब अधीक्षक से लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात की जाती है तो वह जबाब देने से कतराते हैं।

# तेज रफ्तार कार ने दो युवकों को रौंदा, मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महानगर क्षेत्र में रविवार की देर रात तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार और स्कूटी सवार दो युवकों को रौंद दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसके आधार पर पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है।

थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि धर्मेन्द्र पाल उम्र करीब 27 वर्ष निवासी दैनियागंज थाना कर्नलगंज जनपद गोण्डा महानगर में माली का कार्य करते थे। जिनकी पत्नी रिंकी पाल ने बताया कि उसके पति किसी कार्य से अपनी साइकिल से जा रहे थे। रास्ते में मिडलैण्ड हॉस्पिटल के पास तेज रफ्तार किया सेल्टास नम्बर यूपी 32 एनएल 0041 के चालक ने साइकिल को जोरदार टक्कर मारकर उसके पति को काफी दूर तक घसीटते हुए लेकर चला गया। जिसमें उनकी मौत हो गयी। जबकी नरेन्द्र कुमार त्रिवेदी 30 वर्ष निवासी ग्राम हीरापुर शाहपुर सीसामऊ कर्नलगंज जनपद गोण्डा जो रहीनगर पन्तनगर में किराये के मकान मे रहकर प्राइवेट नौकरी करते थे। जो अपनी स्कूटी से घर जा रहे थे। उसको भी तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। दोनों को रौंदने के बाद चालक कार को लेकर भाग निकला। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी।

**पूरी घटना कैमरे में कैद:** वायरल वीडियो में दिख रहा है कि सिंगल लेन रोड पर एक तरफ से तेज रफ्तार कार आ रही है। जबकि बाइक और साइकिल सवार एक तरफ से आ रहे थे। वायरल वीडियो में सफेद रंग की कार ने तेजी से टक्कर मार दी। इस दौरान साइकिल सवार व्यक्ति कार में फंसने के बाद पास स्थित खंबे से भी टकरा गया था। घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है।

**तेज रफ्तार डाले ने युवक को रौंदा, मौत:** तेज रफ्तार जा रहे डाले ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी भिटौरा गांव निवासी नरेंद्र गौतम सोमवार की दोपहर देवरी भारत गांव से अपनी मां से मिलकर वापस लौट रहा था। इटौंजा रोड स्थित हरिहरपुर रनीपारा चौराहे पर तेज रफ्तार डाले के चालक ने नरेंद्र की बाइक में टक्कर मारते हुये रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक नरेंद्र गौतम के परिवार में पत्नी मोनिका व दो बेटे अंश पांच और हंस दो वर्ष हैं। जबकि उसकी मां ने देवरी भारत गांव में दूसरी शादी कर ली थी। जिससे मिलकर मृतक अपने घर लौट रहा था।

**सिलेंडर विस्फोट में घायल युवती की भी मौत:** काकोरी के हाता हजरत साबह वार्ड स्थित घर में सिलेंडर में हुए धमाके में घायल अनम (20) की भी सोमवार को मौत हो गई। हादसे में अब तक परिवार के सात लोगों की जान जा चुकी है। जरदोजी कारीगर मुशीर के घर में बीते मंगलवार को घर में आग लगने से सिलेंडर में विस्फोट होने से मकान गिर गया था। जिसमें मुशीर उनकी पत्नी हुस्ना बानो, भांजी हिना, हुमा और भतीजी सइया की मौके पर ही मौत हो गई थी। इंशा ने रविवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। वहीं हादसे में घायल अजमत और लकब का इलाज चल रहा है।

# दस लाख के खोये हु, मोबाइल जीआरपी ने किये बरामद




लखनऊ। थाना जीआरपी चारबाग एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाकर यात्रा के दौरान यात्रियों के खोये हुए 65 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिये गये। जिसे पाकर मोबाइल स्वामियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। प्रभारी निरीक्षक संजय खरवार ने बताया कि यात्रा के दौरान यात्रियों के खोये हुए मोबाइलों के संबंध में पुलिस टीम लगातार अभियान चला रही है। जिसमें टीम ने प्रदेश के विभिन्न जनपद एवं अन्य राज्यों से 65 अदद मोबाइल स्क्रीन टच बरामद किया गया है। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये है। जिसे बरामइ कर प्रदेशों से बुलाये गये मोबाइल स्वामियों को थाना चारबाग बुलाकर उनसे आवश्यक प्रपत्र प्राप्त करके उनकों सौंप दिया गया। जो किसी कारणवश नहीं आ सके। उनके घर पर मोबाइल भेज दिया गया। उधर मोबाइल पाकर सभी स्वामियों ने जीआरपी टीम को धन्यवाद देकर भूरि-भूरि प्रसंशा की।

# नौकर सहित गोदाम मालिक के बेटे पर पेंट चोरी का आरोप

**लखनऊ।** आशियाना थाने में पेंट चोरी होने पर दुकानदार ने नौकर व गोदाम मालिक के बेटे को चोरी का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि कृष्णा नगर के विनय नगर निवासी देवेन्द्र कुमार तिवारी के अनुसार उनका सेक्टर एल में गोटस इण्डिया नाम से एशियन पेंट की दुकान है। जबकी उन्होंने सेक्टर जे अम्बिका बिहार में किराये का गोदाम ले रखा है। जहाँ पेंट का काफी माल स्टॉक में रखते है। दुकान मालिक के मुताबिक वह अपनी गोदाम से पेंट का स्टॉक मिलान करा रहे थे। तो उन्हें बड़ी मात्रा में गोदाम में कम माल रखा पाया गया। जब उन्होंने गोदाम में लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज देखा तो दुकान पर काम करने वाला शिवम तिवारी व गोदाम मालिक के बेटे मयंक वर्मा सामान चोरी करते पाये गये। जांच में पाया गया कि वह दोनों मिलकर करीब दो वर्षो से देर रात में पेंट का डिब्बा चोरी करके ठेकेदारों और दुकानदारों में बेच रहे थे।

**सूचना**

स्वामी सहजानन्द जनता महाविद्यालय समिति द्वारा संचालित स्वामी सहजानन्द जनता महाविद्यालय हरैया आजमगढ़ के प्रबन्ध समिति का चुनाव अनुमोदित प्रशासन योजना के अनुसार अद्योलिखित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न होगा। कार्यक्रम निम्नवत् है- 01-दिनांक 17.03.2024 को प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त करना। 02-दिनांक 17.03.2024 को 10 बजे से 10:30 बजे तक नामांकन पत्र की जांच करना। 03-दिनांक 17.03.2024 को 10:30 से 11 बजे के बीच जांचोपरान्त प्राप्त नामांकन पत्रो का प्रकाशन। 04-दिनांक 17.03.2024 को 11 बजे से 11:30 बजे तक नामांकन पत्रों की वापसी। 05-दिनांक 17.03.2024 को यदि आवश्यक हुआ तो 12:30 बजे से 01:30 बजे तक मतदान कराना। 06-दिनांक 17.03.2024 को मतदान के बाद तुरन्त मतगणना व परिणाम की घोषणा। 07-समस्त प्रबन्ध समिति चुनाव की कार्यवाही स्वामी सहजानन्द जनता महाविद्यालय हरैया आजमगढ़ के प्रांगण से सम्पन्न होगी। 08-समस्त चुनाव कार्यवाही पंजीकृत बाइलाज (नियमावली) के अनुसार सम्पन्न होगी। 09- पंजीकृत बाइलाज (नियमावली) के अनुसार 5 पदाधिकारी एवं 8 सदस्य चुने जायेंगे। 10-प्रबन्ध समिति के चुनाव हेतु श्री उपेन्द्रनाथ राय ग्राम व पोस्ट हरैया आजमगढ़ को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**इन्द्रासन राय-प्रबन्धक**
**स्वामी सहजानन्द जनता महाविद्यालय हरैया आजमगढ़**

# बुलेट प्रूफ कार का इस्तेमाल करता था आदित्य !

- सुसाइड नोट में कई बड़े सफेद पोश और प्रार्पटी डीलरों के नाम होने की आशंका
- लग्जरी कार का शौकीन था आदित्य

राजा शेख (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी में सोमवार को अपने कार्यालय पर प्रापर्टी डीलर आदित्य कुमार मिश्रा ने खुद को पिस्टल से गोली मारी, जिससे उनकी मौत हो गयी। सूत्रों की माने तो जिस पिस्टल से उन्होंने खुद को गोली मारी वह लाखों रुपये में अवैध रूप से उत्तरी भारत के ए क राज्य से खरीदी गयी थी। यही नहीं उसके पास एक बड़ी कार थी जो बुलेट प्रूफ करवायी गयी थी, वह उसी से चलता था।

सूत्रों के अनुसार आदित्य मिश्रा लग्जरी लाइफ और कार का बेहद शौकीन था। इसी कारण उन्होंने एक बड़ी कार को पंजाब से गुपचुप तरीके से बुलेट प्रूफ कराया गया था। यह आदित्य ने तब किया जब वह मानू हत्याकांड से एक साल पहले जेल से बाहर आया था। सूत्र बतातें है कि आदित्य ने प्रापर्टी डीलर के काम से काफी बड़ा साम्राज्य खड़ा कर लिया था, जिस कारण उसके कई सफेदपोश और प्रापर्टी डीलर दुश्मन हो गये थे। फिलहाल इस घटना में मौके से सुसाइड नोट मिला है लेकिन सुसाइड करने की सही वजह साफ नहीं हो सकी है।

बता दें कि गौसाईगंज निवासी आदित्य मिश्रा लगभग 47 वर्ष प्रापर्टी डीलर थे और इनका सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में कार्यालय था। घटना के बाद जिन लोगों ने भी आत्महत्या किये जाने की बात सुनी, वह दंग रह गया। बताया जा रहा है आदित्य प्रापर्टी का बड़े पैमाने पर काम करता था और कई बड़े भू माफियों से लेकर माफियओं तक के सम्बन्ध थे। सूत्रों के अनुसार वह जिस गाड़ी से चलता था वह गाड़ी बुलेट प्रूफ थी और उसने इस पंजाब से मोडिफाई करायी गयी थी। बताया जा रहा है आदित्य का जमीन को लेकर इलाके के कई बड़े प्रापर्टी डीलरों से ताल्लुकात थे। करोड़ों का कारोबार करने वाले आदित्य का रहन सहन शाही था और वह अभी जल्द ही मानू हत्याकांड के मामले में जेल से छूटकर बाहर आया था। सूत्रों की माने तो बाहर आने के बाद ही उसे अपनी जान पर खतरा मंडराने लगा था और इसी कारण उसने अपनी एक कार को बुलेट प्रूफ कराया था और ज्यादातर उसी से चलता था। फिलहाल उसके पास से बरामद सुसाइड नोट को पुलिस ने जब्त कर लिया है। सूत्रों की माने तो उक्त प्रेस नोट में कई सफेद पोश और बड़े प्रापर्टी डीलरों के नाम आये हैं जिसे पुलिस ने गंभीरता से लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आदित्य का इलाके में काफी वर्चस्व था। ऐसे में एक सवाल उठता है कि आखिरकार उसने किस वजह से आत्महत्या की यह सोचने वाली बात है। हालांकि पुलिस अधिकारी प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या ही मान रहे हैं लेकिन अभी फारेंसिक समेत अन्य जांचों के बाद सही स्थिति साफ होगी।

**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई-निविदा सूचना** निम्नलिखित ई-निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई-निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई है: 1. अल्पकालीन खुली ई-निविदा संख्या टी.-17 / 2023-24 विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, जसवन्तनगर पर 01 नग एवं 220के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, सैफई पर 01 नग 33के.वी. सर्किट ब्रेकर बदलने इत्यादि का कार्य किया जाना है। उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति/कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती है। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा।**

**''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''**

**(पत्रांक 546 / दि. 11.03.2024)**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 15/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र. सं. : 1. कार्य का विवरण** : रामनगर स्टेशन पर 600 मीटर लम्बे कैमटेक डिजाइन वाशिंग पिट का प्रावधान और सर्विस बिल्डिंग का विस्तार। **अनुमानित लागत रुपये** : रु. 6,73,32,415.00 **बयाना राशि रुपयों** : रु. 4,86,700/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह **क्र. सं. : 2. कार्य का विवरण** : रामपुर-लालकुऑ अनुभाग में समपार सं. 35 एवं 46 के स्थान पर एल.एच.एस का शेष निर्माण कार्य (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत इज्जतनगर डिवीजन में वमई/I/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में क्रमशः समपार सं. 17 एवं 15 के स्थान पर एल.एच.एस का निर्माण कार्य।) **अनुमानित लागत रुपये** : रु. 5,55,44,645.67 **बयाना राशि रुपयों** : रु. 4,27,700- **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह 1. ई-निविदा दिनांक 01.04.2024 को 15.00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुतति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे की IREPS वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी0)
इज्जतनगर
मुजाधि/डबलू-578

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

# रमजान का चांद दिखा, रोजेदार आज रखेंगे पहला रोजा

● रमजान को लेकर बाजारों में खूब हुई खरीदारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सोमवार को रमजान का चांद हो गया है। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि रमजान का चांद हो गया है। मंगलवार को रमजान की पहली तारीख और रोजा होगा। शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास और इदारा ए शरइया फिरंगी महल से मरकजी अध्यक्ष मुफ्ती अबुल इरफान मियां फिरंगी महली ने ऐलान किया है कि 12 मार्च दिन मंगलवार 29 शाबान उल मुअज्जम को इस्लामी महीना रमजान उल मुबारक के चांद की शरई तस्दीक हो गई है। लिहाजा 12 मार्च दिन मंगलवार को पहली रमजान उल मुबारक होगी। चांद नजर आते ही पुराने लखनऊ में खरीदारी शुरू हो गयी। इस मौके पर अमीनाबाद से लेकर नक्खास तक हर तरफ रोजेदार खरीदारी करने में मशगूल हो गये। मौलाना फरंगी महली ने कहा कि रमजान में सभी जगह पर सुरक्षा और सफाई का इंतजाम रखें। मुसलमान रमजान के दौरान करीब महीने भर रोजा रखते हैं। रोजा समाप्त होने के बाद ईद मनाई जाती है। रमजान के मौके पर पुराने शहर के अकबरी गेट, विक्टोरिया स्ट्रीट, हसनपुरिया, कश्मीरी मोहल्ला, नक्खास, पुल गुलाम हुसैन, मौलवीगंज, खदरा, वजीरगंज, गोलागंज, काजमैन, नूरबाड़ी, मैदान एलएचखां, हुसैनाबाद, मुफ्तीगंज, नैपियर कालोनी, टापे वाली गली, मुसाहबगंज, शीशमहल, शाहगंज, तोप दरवाजा, टूरियागंज, दरगाह रोड, नजफ, हैदरगंज, जनाब वाली गली, पाटानाला और बाजार खाला आदि क्षेत्रों में काफी चहल-पहल रहती है। इन क्षेत्रों में रमजान में प्रयोग होने वाले तरह-तरह के व्यंजनों की भरमार रहती है विशेषकर अकबरी गेट पर लोग काफी दूर-दूर से रात में आकर कुल्चे-नहारी, बिरयानी, कश्मीरी चाय आदि का भरपूर मजा लेते है।

**इस्लामी कलेंडर का नवां महीना है रमजान:** रमजान का महीना सभी मुसलमानों के लिए बेहद शुभ और पवित्र माना जाता है। रमजान को रमदान भी कहते हैं। रमजान इस्लामी कैलेण्डर का नवां महीना है। रमजान के महीने में लोग रोजे व्रत रखने, रात में तरावीह की नमाज पढ़ना और कुरान तिलावत करना शामिल है। मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे महीने रोजा रखते हैं और सूरज निकलने से लेकर डूबने तक कुछ नहीं खाते पीते हैं। इसके साथ में महीने भर इबादत करते हैं।

रमजान में खजूर की बड़ी अहमियत होती है। हर रोजेदार चाहता है कि वह बेहतर खजूर से अपना इफ्तार करे और दूसरों को भी कराए। ऐसे खजूर की मांग है जो स्वादिष्ट व पौष्टिक हो। रोजेदारों की पसंद को देखते हुए बड़े चमचमाते काले कलमी खजूर आ गए हैं। 120 से लेकर 2000 रुपए प्रति किलो तक बिक रहे हैं। ईरानी 125, कीमिया 300, रब्बी 320, फर्द 380, अम्बर 520, कूबा 1100, अजवा दो से तीन हजार रुपये और चटाई खजूर 100 रुपये किलो है।

लच्छे भी तैयार किये जा रहे हैं। रोजेदार सहरी में दूध. लच्छे खाते हैं। पुराने शहर के खदरा, हुसैनाबाद, अकबरी गेट, नखास, मौलवीगंज, दरगाह, पुल गुलाम हुसैन, नूरबाड़ी, काजमैन हैदरगंज, बजाजा टुरियागंज और कश्मीरी मोहल्ला इलाके के बाजारों में लच्छे की दुकानें सज गई है। दुकानदार 150 से 220 रुपये किलो लच्छे बेच रहे हैं।

# मलिन बस्ती के बच्चों ने खेल में दिखाई अपनी प्रतिभा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आर्य श्री शिक्षा समिति द्वारा आज लखनऊ के मलिन बस्तियों के बच्चों के लिए ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में वार्षिक खेल कार्यक्रम का आयोजन किया। आर्यश्री शिक्षा समिति एक पंजीकृत संगठन है जो पिछले 22 वर्षों से आगरा शहर में और 7 वर्षों से लखनऊ में समाज के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहा है, विशेष रूप से वंचित समुदाय की महिलाओं और बच्चों पर यह संस्था विशेष कार्य कर रही है।

संस्था का दृष्टिकोण मजबूत नैतिक मूल्य के साथ प्रभावी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है समाज के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए आर्य श्री शिक्षा समिति ने आगरा और लखनऊ शहर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में सामुदायिक विकास की पहल शुरू की जिसमें प्राथमिक शिक्षा, बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं और जागरूकता प्रमुख हैं। लखनऊ की 6 मलिन बस्तियों गुलजार नगर इंदिरा नगर शहीद नगर मोहल्लापुर गाड़ी कनौरा और नटखेड़ा के बच्चों ने आज तीन तीन नृत्य का प्रदर्शन किया साथी अलग-अलग बस्तियां की रेस भी कराई गई, जिसमें गुलजार नगर केंद्र से रुखसार प्रथम, वैभव द्वितीय, उजमा तृतीय, गढ़ी कनौरा से आराध्या प्रथम, सलोनी द्वितीय, सुनैना तृतीय, मोहबिल्लापुर से आकाश प्रथम, सनी द्वितीय, नितिन तृतीय, नटखेड़ा से पियूष प्रथम, आयुष्मान द्वितीय, सरफराज तृतीय, और शहीद नगर केंद्र से ताज प्रथम, आफरीन द्वितीय, व निखिल तृतीय रहे। इनके अलावा खुशी, अक्षय ,अंशु, रुखसार, आफरीन और सुकुरी को भी अलग-अलग क्षेत्र में पुरस्कृत किया गया। सर्वाधिक जागरूक माता में संजू रावत ममता रजिया रुखसाना आशिया और अमीषा बेगम को भी सम्मानित किया गया।

# सीधे-सादे किसान की कहानी है 'सवा सेर गेहूं'

● एसएनए में दो दिवसीय नाट्य महोत्सव का आगाज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सवेरा फाउण्डेशन की दो दिवसीय नवीनतम नाट्य प्रस्तुति के अतंर्गत पहले दिन मुंशी प्रेमचंद की कहानी सवा सेर गेहूं का मंचन अनुराग शुक्ला के परिकल्पना व निर्देशन में एसएनए के वाल्मीकि रंगशाला में किया गया।

ये कहानी एक सीधे-सादे किसान शंकर की है। जो अपने काम से काम रखता है, वो किसी प्रकार का छल-प्रपंच जानता तक नहीं है। शंकर अपने लडका गनेशी, पत्नी रमिया, और छोटे भाई मंगल के साथ ईश्वर पर आस्था रखे हुए अपना जीवन बिता रहे था, कि एक दिन उसके घर पर एक सिद्ध महात्मा पधारे और भोजन कराने की बात की, तब शंकर संचय में पड़ गया कि घर में तो जौ रखा है, महात्मा जी को जौं की रोटी खिलाना अच्छा नही लगेगा, वह जाकर विप्र महाराज से सवा सेर गेहूँ उधार लाया और महात्मा जी का आदर सत्कार किया। जब फसल काटी तब उसने विप्र जी को सवा सेर के बदले डेयोढ़ा अनाज दिया और अपने को उत्रिृण समझ लिया। सात साल गुजर गये, एक दिन विप्र महाराज उसके घर पर आये और बोले तेरे नाम साढ़े पाँच मन गेहूँ उधार लिखा है कब वापस करेगा। शंकर ने लाख समझाया कि हमने वापस कर दिया था। लेकिन विप्र नही माने, तब शंकर ने वापस करने का व्रत कर लिया और किसी तरह से 60 रुपए एक साल बाद वापस कर दिया, लेकिन उसका व्याज 15 रुपए नही लौटा पाया, सारे गाँव में मांग आया लेकिन उसको 15 रुपए नही मिले क्योंकि अब शंकर विप्र का फंसाया शिकार था, विप्र के खिलाफ कोई नही जाना चाहता था।

धीरे-धीरे कर्जा शंकर पर बढ़ता गया और वह विप्र के घर पर बंधुवा मजदूर बन गया। 20 वर्षों तक गुलामी करके अपने कर्जे का ब्याज देता रहा और मर गया। फिर उसी कर्जे को चुकाने के लिए उसका बेटा और उसकी पत्नी बंधुवा मजदूर हो गये । नाटक में अहम भूमिका गिरिराज किशोर शर्मा, प्रिया यादव, प्रीत मिश्रा, अभिषेक कुमार सिंह, तनीश सिद्दकी, मीत मिश्रा, आर्यमान गौतम, प्रणव श्रीवास्तव, सूर्यमणि त्रिपाठी, अक्षत ऋषि, शिवानी गुप्ता, युवांग गुप्ता और संतोष प्रजापति ने निभायी।

# वाद्ययंत्र समाज को लोक संगीत से जोड़ता है : जयवीर






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने 18 मण्डलों के 18 ग्राम प्रधानों/प्रतिनिधियों को ढोलक, हारमोनियम, मजीरा, घुंघरू तथा झींका वाद्ययंत्रों की किट वितरित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अंचलों की लोक संगीत एवं विरासत को संवर्धित करने के लिए एक अनूठी पहल की गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश के समस्त ग्राम सभाओं को चरणबद्ध रूप से वाद्ययंत्रों का सेट प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल के बढ़ते प्रभाव के कारण ग्रामीण संस्कृति और लोक संगीत की शैली प्रभावित हुई है। इसको जीवंत बनाये रखने के लिए राज्य सरकार ने ग्राम पंचायतों को वाद्ययंत्र उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। जयवीर सिंह आज संगीत नाटक अकादमी गोमतीनगर के परिसर में संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना के तहत ग्राम पंचायतों को वाद्ययंत्र वितरित करने के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में 18 मण्डलों के 475 ग्राम प्रधान/उनके प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने ग्राम प्रधानों का आवाह्न किया कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि सदियों से गॉवों में अपनी लोकगायन की अनूठी परम्परा चलती आई है। मोबाइल के आने से धीरे-धीरे लोककला एवं वाद्ययंत्र विलुप्ति की कगार पर पहुंच रहे हैं। इस लोक विरासत एवं समृद्ध संस्कृति को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। लोक संस्कृति की बहुत गहरी जड़े हैं। गॉव देहात की अपनी अनूठी शैली होती है। इसके माध्यम से सामाजिक एकता, भाईचारा एवं सामाजिक सद्भाव का तानाबाना बना रहता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में मोबाइल के कारण लोग एकांतवादी होते जा रहे हैं, जो हमारे लोक जीवन एवं लोक संस्कृति के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

जयवीर सिंह ने कहा कि लोक संगीत एवं कलाकार सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। राज्य सरकार लोक संगीत, कला एवं वाद्ययंत्रों को जीवित रखने के लिए ग्राम पंचायतों को किट प्रदान करने की पहल की है। धीरे-धीरे सभी ग्राम पंचायतों में वाद्ययंत्र उपलब्ध करा दिये जायेंगे। इससे जहां एक ओर सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर प्राचीन विरासत को जीवंत बनाकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य भी संभव होगा। उन्होंने कहा कि गांव के विकास तथा राष्ट्र की मुख्यधारा में भागीदारी की शुरूआत गांव से ही होती है। गॉव में ही भारत की आत्मा बसती है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश मेश्राम ने प्रदेश के लगभग प्रत्येक जनपद से पधारे 475 ग्राम प्रधानों को बधाई देते हुए कहा कि मोबाइल के दौर में लोक कलायें विलुप्त हो रहीं हैं। पहले के समय में अलग-अलग संस्कारों के अवसर पर गायन वादन होता था। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लोक संस्कृति को जीवंत बनाने के लिए वाद्ययंत्रों का वितरण किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1000 ग्राम पंचायतों के लिए वाद्ययंत्रों की व्यवस्था बजट में की गई है। आगामी वर्षों में सभी 59 हजार ग्राम पंचायतों को वाद्ययंत्र उपलब्ध कराये जायेंगे। इस अवसर पर भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति मांडवी सिंह, सहायक निदेशक संस्कृति रेनू रंग भारती तथा अहिरवार के अलावा विचार परिवार के सामाजिक प्रतिनिधि राम कृपाल सिंह भदौरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# स्थापना दिवस पर साहित्यकारों को किया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चेतना साहित्य परिषद का 53 वां स्थापना दिवस समारोह रवीन्द्रालय सभागार में बनाया गया। समरोह में साहित्यकारों को सम्मानित करने के साथ ही छन्दबद्ध काव्य प्रधान त्रैमासिक पत्रिका चेतना स्रोत और डॉ आशुतोष वाजपेयी द्वारा संपादित ज्योतिष पत्रिका प्रेमनाथ तिथि पर्व पत्रिका का लोकार्पण किया गया। समारोह में चेतना गौरव सम्मान डॉ सुधाकर अदीब, चेतना रत्न सम्मान सुनील गुप्त 'विचित्र' को, चेतना श्री सम्मान डॉ अमित कुमार अवस्थी को, डॉ दाऊ जी गुप्त स्मृति सम्मान प्रो. ओमपाल सिंह 'निडर' को, कृष्ण मुरारी 'विकल' स्मृति सम्मान डॉ दिनेश चन्द्र अवस्थी को, जगमोहन नाथ कपूर 'सरस' स्मृति सम्मान प्रमोद द्विवेदी 'प्रमोद' को दिया गया। इसके साथ ही पं. शिव शंकर मिश्र स्मृति सम्मान डॉ अरविन्द कुमार झा को, चमन लाल अग्रवाल स्मृति सम्मान डॉ अम्बरीष 'अम्बर' को, रमन लाल अग्रवाल स्मृति सम्मान अरविन्द 'असर' को, धर्मांश सम्मान राम मणि शुक्ल को, पंडित रूप नारायण द्विवेदी स्मृति सम्मान डॉ नरेश कात्यायन को, जियालाल अग्रहरि स्मृति सम्मान कात्यायनी उपाध्याय 'कीर्ति' को और विशिष्ट सहयोग सम्मान आगा आसिफ बेग को दिया गया। समारोह की अध्यक्षता डॉ हरि शंकर मिश्र, पूर्व आचार्य, हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय की। मुख्य अतिथि चेतना साहित्य परिषद के संरक्षक रत्नेश गुप्त थे।

# फुलेरा दूज आज, सुख-समृद्धि के लिए भक्त करेंगे श्री राधा-कृष्ण की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पंचांग के अनुसार, हर वर्ष फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को फुलेरा दूज का त्योहार मनाया जाता है। इस अवसर पर श्री राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना करने का विधान है। फुलेरा दूज पर मथुरा में फूलों की होली का आयोजन किया जाता है। इस बार फाल्गुन माह में फुलेरा दूज 12 मार्च को मनाई जाएगी। मान्यता है कि इस दिन विधिपूर्वक श्री राधा-कृष्ण की पूजा और व्रत करने से वैवाहिक जीवन खुशहाली से भरा रहता है और श्री राधा-कृष्ण प्रसन्न होते हैं। आइए जानते हैं फुलेरा दूज पर किस प्रकार से श्री राधा-कृष्ण की पूजा करना फलदायी होता है।

**फुलेरा दूज का शुभ मुहूर्त :** फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि की शुरूआत 11 मार्च को सुबह 10 बजकर 44 मिनट से होगी और इसका समापन 12 मार्च 2024 को सुबह 07 बजकर 13 मिनट पर होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि का विशेष महत्व है। ऐसे में फुलेरा दूज का पर्व 12 मार्च को मनाया जाएगा। इस दिन श्री राधा-कृष्ण की पूजा करने का शुभ मुहूर्त सुबह 09 बजकर 32 मिनट से दोपहर 02 बजे तक है।

**फुलेरा दूज पूजा विधि :** फुलेरा दूज के दिन ब्रह्मा बेला में उठें और दिन की शुरूआत श्री राधा-कृष्ण के ध्यान से करें। इसके बाद स्नान कर साफ वस्त्र धारण करें। अब सूर्य देव को जल अर्पित करें। श्री राधा-कृष्ण का गंगाजल, दही, जल, दूध और शहद से अभिषेक करें। उन्हें वस्त्र पहनाकर विशेष श्रृंगार करें। अब उन्हें चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर कर विराजमान करें। उनके ऊपर टोकरी से फूलों की बरसात करें। इसके बाद नैवेद्य, धूप, फल, अक्षत समेत विशेष चीजें अर्पित करें। घी का दीपक जलाकर उनकी आरती और मंत्रों का जाप करें। इसके पश्चात उन्हें माखन मिश्री, खीर, फल और मिठाई का भोग लगाएं। भोग में तुलसी दल को अवश्य शामिल करें। मान्यता है कि बिना तुलसी दल के भगवान श्री कृष्ण भोग स्वीकार नहीं करते हैं। अंत में लोगों में प्रसाद का वितरण करें।

**फुलेरा दूज का महत्व:** फुलेरा दूज न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्व रखता है, बल्कि ज्योतिष शास्त्र की दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, फुलेरा दूज का दिन समस्त प्रकार के दोषों से मुक्त होता है, यही कारण है कि इस दिन को सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों के लिए विशेषकर विवाह आदि के लिए बहुत ही शुभ माना जाता है। इसलिए इसे अभुज मुहूर्त भी कहा जाता है। इस अवसर पर कृष्ण मन्दिरों में विशेष झांकी अथवा दर्शन आयोजित किए जाते हैं, और भक्तों उनके दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है।

# इंसानियत कायम रखने का संदेश दे गया नाटक 'मीठी ईद'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था जीवन ज्योति सेवा फाउण्डेशन के तत्वावधान में 1/142 विकल्प खण्ड गोमती नगर, लखनऊ में चल रहे दो दिवसीय जीवन ज्योति नाट्य समारोह की अंतिम संध्या में बी.एल. गौड़ की मूल कहानी का प्रेरणा अग्रवाल के रूपान्तरण एवं ज्योति सिंह के निर्देशन में नाटक 'मीठी ईद' का मंचन किया गया।

नाटक 'मीठी ईद' ने मेहनत और ईमानदारी से काम करने की प्रेरणा देते हुए बताया की मेहनत और ईमानदारी यह दोनो ऐसी चीजेंहैं, जिससे व्यक्ति जीवन में सदैव सफल होता है वहीं दूसरी ओर जाति-धर्म से ऊपर उठकर मानवता और उदारता रखने का संदेश दिया। नाटक 'मीठी ईद' के कथानुसार विजय रेलवे में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है और अपनी पत्नी शारदा के साथ सुखी होता है। वह देश व्यापी रेल हड़ताल के दौरान ईमानदारी से मजदूरों का साथ देता है जिसके कारण उसका स्थानांतरण जम्मू हो जाता है। जम्मू में राजेश नाम का एक व्यक्ति विजय का घनिष्ठ मित्र बन जाता है, जहां विजय की मुलाकत अब्दुल नाम के मुस्लिम मजदूर से होती है। दोनो अलग वर्गों से होते हैं और उनके मध्य संवेदनशील रिश्ता बन जाता है। जब अब्दुल बीमार पड़ जाता है तो राजेश के माध्यम से विजय को पता चलता है कि अब्दुल बहुत बीमार है, तब वह अब्दुल के घर जाकर उसकी मदद करता है। कथावस्तु बदलती है और ईद मनाने के लिये अब्दुल की पत्नी फातिमा अपने हाथ के कड़े महाजन के पास गिरवी रख देती है, और अब्दुल, फातिमा के साथ विजय के लिये ईद की सिवईंया लेकर जाता है तो विजय को अब्दुल से पता चलता है कि फातिमा ने यह सब अपनी गरीबी के चलते किया। एक बार विजय के पैर में गम्भीर चोट लग जाती है तो अब्दुल, विजय की सेवा करता है। जब विजय बिल्कुल स्वस्थ हो जाता है तब अब्दुल पांच हजार विजय को वापस करने आता है, तब विजय अब्दुल से कहता है कि उसने पांच हजार रुपए पहले ही चुका दिये है। अब्दुल के आश्चर्य पूर्वक पूछे जाने पर कि कब उसने पांच हजार रुपए चुकाये है। तब विजय अब्दुल को बताता है कि दस दिन तक निरन्तर दिन रात उसके घर में रहकर सेवा करता है उसी में उसके पांच हजार वसूल हो गए। इसके बाद विजय का स्थानान्तरण पुनः गाजियाबाद हो जाता है, वह अपना चार्ज राजेश को सौंप देता और दोनो एक दूसरे को गले लगा लेते हैं, यहीं पर नाटक का समापन होता है। सशक्त कथानक और उत्कृष्ट संवाद अदायगी से परिपूर्ण नाटक 'मीठी ईद' में मनाली सिंह, मुस्कान सिंह, मनीष यादव, सतीश शर्मा, अमन शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, शुभेन्द्र सिंह और नरेश कुमार ने अपने दमदार अभिनय से रंगप्रेमी दर्शकों को देर तक अपने आकर्षण के जाल में बांधे रखा।

# शहर की विरासत और नफासत पर होगा साहित्य सम्मेलन

● दो दिवसीय साहित्य सम्मेलन में जुटेंगे फिल्म और कला के बड़ी हस्तियां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज (केकेसी) में साहित्य सम्मेलन का आयोजन तय किया गया है। जहां शहर-ए-अदब के विरासत और नफासत पर चचाएं होंगी। फिल्म और कला जगत से जुड़ी नामी हस्तियों संग संवाद भी होगा।

केकेसी में दो दिवसीय साहित्य सम्मेलन 14 और 15 मार्च को आयोजित किया जाएगा। जिसका पोस्टर प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्रा ने सोमवार को जारी किया। प्राचार्य ने बताया कि साहित्य सम्मेलन में दो दिनो तक फिल्म, साहित्य, कला और सोशल मीडिया के प्रख्यात विभूतियों का एक मंच पर संगम होगा। इसलिए इसका थीम लखनऊः विरासत और नफासत तय किया गया है। प्रो. चंद्रा का कहना है कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं और आम जनता को शहर की साहित्यिक विरासत, गंगा-जमुनी तहजीब और नफासत के बारे में अवगत कराना है। प्राचार्य ने बताया कि छात्रों को विशुद्ध लखनऊ की ही नामचीन हस्तियां अपने शब्दों में लखनऊवा किस्सों और कहानियों को सुनाएंगे।

**फिल्म निर्देशक सुधीर मिश्रा करेंगे उद्घाटन:** साहित्य सम्मेलनक का उद्घाटन 14 मार्च को सुबह 9:30 बजे फिल्म निर्देशक सुधीर मिश्रा और प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीएन मिश्र करेंगे। सेक्रेटरी मैनेजर जीसी शुक्ला की उपस्थिति में संपन्न होगा। प्राचार्य ने बताया कि साहित्य सम्मेलन में पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। यहां पर छात्र-छात्राओं के लिए प्रख्यात हस्तियों के मशहूर साहित्य उपलब्ध रहेंगे।

**14 मार्च को फिल्म, लिबास और संस्कृति पर चर्चा:** सुबह 10 से 11:30 बजे- लखनऊ से फिल्म जगत का जुड़ाव पर फिल्म निर्देशक सुधीर मिश्रा के साथ बातचीत। सुबह 11:30 से 12:15 बजे- लखनऊ का नवाबी इतिहास पर इतिहासकार रवि भट्ट चर्चा करेंगे। दोपहर 12:15 से एक बजे- लखनऊ का लिबास और संस्कृति पर एलयू की प्रोफेसर ऑफ एमिनेंस निशी पांडेय संग संवाद।

**15 मार्च को तहजीबस रंग मंच और दास्तानगोई:** सुबह नौ से 09:45 बजे- लखनऊ की तहजीब पर प्रख्यात मानवशास्त्री व लखनऊ विशेषज्ञ नदीम हसनैन संग संवाद। सुबह 09:45 से 10:30 बजे- लखनऊ की फिल्में और रंग मंच पर लेखक व अभिनेता अतुल तिवारी के साथ बातचीत। सुबह 10:30 से दोपहर 12:30 बजे- दास्तां ए राग दरबारी का आयोजन होगा।

# 'शैतान' में अजय देवगन और आर माधवन ने दर्शकों का दिल जीता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




● स्टार कास्ट: अजय देवगन, आर माधवन, ज्योतिका, जानकी बोड़ीवाला
● डायरेक्टर: विकास बहल
**रेटिंग-3.5/5**

**लखनऊ।** काला जादू, टोना-टोटका, वशीकरण, असुरी शक्तियां, ये सब हमेशा से बहस के विषय रहे हैं। इनका कोई प्रमाण नहीं है। पढ़े-लिखे लोग इसे अंधविश्वास मानते हैं, लेकिन शायद ही कोई परिवार होगा, जिसने अपने बच्चों की नजर नहीं उतारी होगी। अजय देवगन की नई फिल्म का 'शैतान' कहता है कि जरूरी नहीं कि जो दिखता नहीं है, वो होता भी नहीं है। फिल्म का केंद्र यही काला जादू है जो एकाएक एक हंसते-खेलते परिवार की जिंदगी में भूचाल ला देता है।

कहानी कबीर (अजय देवगन) और उसके हंसते-खेलते परिवार की है, जो अपनी पत्नी ज्योतिका, बेटी जाह्नवी (जानकी बोडीवाला) और बेटे ध्रुव (अंगद राज) के साथ फॉर्म हाउस पर छुट्टी एंजॉय करने जाता है। वहां उसकी मुलाकात एक अजनबी वनराज (आर माधवन) से होती है, जो कबीर की एक छोटी सी मदद करता है पर यह जान-पहचान कबीर को बहुत भारी पड़ती है। दरअसल, खुद को भगवान मानने वाला वनराज, जाह्नवी पर काला जादू करके उसे अपने वश में कर लेता है। वह जाह्नवी को अपने साथ ले जाना चाहता है और कबीर के ना मानने पर जाह्नवी को चायपत्ती खाने, नॉनस्टॉप नाचने, बेतहाशा हंसने से लेकर अपने ही मां बाप और भाई पर जानलेवा हमले करने पर मजबूर कर देता है। क्या कबीर अपनी बेटी को बचा पाता है या उसे वनराज को सौंपने को मजबूर हो जाता है? वनराज ये सब क्यों कर रहा है? ये सब आपको फिल्म देखकर पता चलेगा। विकास बहल निर्देशित यह फिल्म पिछले साल खूब वाहवाही बटोरने वाली गुजराती साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'वश' का रीमेक है। कहानी एक दिन की है, जो एक ही घर में घटित होती है और बिना वक्त गंवाए मुद्दे पर आ जाती है। कहानी के टेंशन, डर और सिहरन भरे माहौल को दर्शक शुरू से ही महसूस करने लगते हैं। इसका श्रेय एक्टर्स खासकर 'शैतान' बने आर. माधवन और उनकी कठपुतली बनी जानकी की कमाल की अदाकारी को जाता है। जानकी गुजराती फिल्म 'वश' में भी इस किरदार के लिए खूब तारीफ बटोर चुकी हैं। वहीं, माधवन ने फिर दिखाया है कि वे कितने उम्दा कलाकार हैं। अजय देवगन और ज्योतिका ने भी एक बेबस मां-बाप की लाचारी को अपनी आंखों से बखूबी उतारा है। हालांकि, अजय देवगन के कद के हिसाब से दर्शक उनके हिस्से में कुछ और मजबूत सीन की उम्मीद करते हैं। तकनीकी रूप से फिल्म मजबूत है। सुधाकर रेड्डी और एकांती की सिनेमटोग्राफी, अमित त्रिवेदी का म्यूजिक और संदीप फ्रांसिस की चुस्त एडिटिंग आपका ध्यान भटकने नहीं देता। दिक्कत फिल्म के सेकंड हाफ में शुरू होती है। ऐसा लगता है कि दूसरे हिस्से को हड़बड़ी में निपटा दिया गया है। फिर भी हॉरर फिल्मों के लाइट जलने-बुझने, उल्टा चलने और झाड़-फूंक वाले आम बॉलीवुडिया टोटके ना अपनाने वाली ये फिल्म माधवन और जानकी की बढ़िया एक्टिंग के लिए एक बार देखी जा सकती है।

# गोमतीनगर के कोच रेस्टोरेंट का पीएम आज करेंगे शुभारंभ






●पटना-लखनऊ व रांची-वाराणसी वंदे भारत को दिखायेंगे हरी झंडी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर व वाराणसी रेल कोच रेस्टोरेंट का पीएम आज करेंगे लोकार्पण। यात्रियों को एक अनोखा भोजन माहौल प्रदान करने के लिए, भारतीय रेलवे अपने प्रमुख स्टेशनों और बिंदुओं पर रेल कोच रेस्तरां खोल रहा है। यह पहल अद्वितीय अनुभव चाहने वाले यात्रियों का ध्यान आकर्षित कर रही है। रेल कोच रेस्तरां का लक्ष्य रेलवे के लिए गैर-किराया राजस्व उत्पन्न करने के अलावा यात्रियों और जनता की जरूरतों को पूरा करना है। भारतीय रेलवे की इस पहल से कुशल और अकुशल दोनों तरह के श्रमिकों के लिए रोजगार पैदा होने की भी उम्मीद है।

मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के लिए पीएम गति शक्ति कार्गो टर्मिनल-भारतीय रेल पर रू. 25 करोड़ की लागत से स्थापित 51 गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण किया जायेगा। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे के हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, नकहा जंगल, अंकुर उद्योग लिमिटेड, सहजनवा एवं अडाणी एग्री लॉजिस्टिक लिमिटेड, जसोदा सम्मिलित हैं। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके)- रू. 05 करोड़ की लागत से भारतीय रेल के 50 स्टेशनों पर स्थापित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र का लोकार्पण किया जायेगा। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर जं., लखनऊ जं., बनारस एवं काशीपुर जं. पर स्थापित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र सम्मिलित हैं। एक स्टेशन एक उत्पादह्य आउटलेट- भारतीय रेल के स्टेशनों पर स्थापित रू. 160 करोड़ की लागत से 1,500 से अधिक एक स्टेशन एक उत्पाद के स्टॉल का लोकार्पण किया जायेगा। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर स्थापित 54 स्टॉल सम्मिलित हैं। इस अवसर पर विभिन्न स्टेशनों 14 श्रेणियों के 6,00,000 विश्वकर्मा प्रधानमंत्री महोदय के कार्यक्रम से सीधे जुड़ेंगे। रेल मंत्रालय ने भारत सरकार के वोकल फॉर लोकल दृष्टिकोण को बढ़ावा देने, स्थानीय/स्वदेशी उत्पादों के लिए बाजार प्रदान करने और हाशिए पर रहने वाले समाज के वर्गों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (ओएसओपी) योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य देश भर के रेलवे स्टेशनों पर बिक्री आउटलेट के प्रावधान के माध्यम से स्थानीय कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों/हथकरघा बुनकरों, शिल्पकारों आदि को आजीविका के बेहतर अवसर प्रदान करना है। प्रधानमंत्री 10 जोड़ी और वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत के साथशुभारंभ करेंगे। इनमे पटना-लखनऊ, रांची वाराणसी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे पर चल रही 22549/22550 गोरखपुर जं.-लखनऊ-गोरखपुर जं. वंदे भारत एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार प्रयागराज जं. तक किया जायेगा। इस वंदे भारत एक्सप्रेस के मार्ग विस्तार का शुभारम्भ प्रधानमंत्री जी द्वारा किया जायेगा।

## जौनपुर-अकबरपुर रेल सेक्शन के दोहरीकरण का होगा लोकार्पण

●मंडल के 18 चिन्हित स्टेशनों एवं स्थानों पर आयोजित होंगे कार्यक्रम
●पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किया जायेगा विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण, शुभारंभ एवं शिलान्यास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो लिंक के माध्यम से विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण, शुभारंभ एवं शिलान्यास किया जाएगा प्रधानमंत्री के इस आगामी कार्यक्रम के तहत मंडल के चिन्हित 18 अलग-अलग स्टेशनों एवं स्थानों पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मण्डल के 21 स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद, का लोकार्पण 01 गुड्स शेड का लोकार्पण, 04 गुड्स शेडो का शिलान्यास, अयोध्या कैंट में 01 कोचिंग डिपो का शिलान्यास, लखनऊ तथा वाराणसी में रेल कोच रेस्टोरेंट का लोकार्पण तथा 03 रेलपथों के दोहरीकरण कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। इसके अलावा अकबरपुर-बाराबंकी रेल सेक्शन का दोहरीकरण, जौनपुर-अकबरपुर रेल सेक्शन का दोहरीकरण और अन्नुपुर-कटनी तीसरी रेल लाइन शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूनिवर्सल कोचिंग रखरखाव सुविधा के निर्माण की आधारशिला रखेंगे। मंडल के चिन्हित इन 18 स्थानों पर कार्यक्रमों में अतिथियों, गणमान्य नागरिकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा आमजन की उपस्थिति में कार्यक्रमों को आयोजित किया जाएगा।

## बरेका को मिलेगा रेल मंत्री राजभाषा शील्ड

**लखनऊ।** रेल मंत्रालय द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार की दिशा में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रथम पुरस्कार के रूप में रेल मंत्री राजभाषा शील्ड के लिए बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी का चयन किया गया है। रेल मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार वर्ष 2022 का रेल मंत्री राजभाषा शील्ड गत 22 मार्च को नई दिल्ली स्थित रेल भवन में बरेका को प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में संसदीय राजभाषा समिति ने भी अपने निरीक्षण के दौरान बरेका के कार्यों और यहां हो रही राजभाषा हिंदी के प्रगति की सराहना की थी। बरेका को रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्रदान किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर महाप्रबंधक बासुदेव पांडा एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सामग्री प्रबंधक (लोको) त्रिलोक कोठारी, वरिष्ठ उप माहाप्रबंधक विजय, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी डॉक्टर संजय सिंह एवं जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बरेका के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी। इससे संपूर्ण बरेका में हर्ष का वातावरण व्याप्त है।

## छह बस अड्डे पीपीपी मॉडल पर बनेंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के छह बस अड्डों चारबाग (लखनऊ), सोहराबगेट (मेरठ), जीरो रोड (प्रयागराज), अमौसी (लखनऊ), अयोध्याधाम व रायबरेली में बस टर्मिनल का विकास पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। इसमें सभी सुख-सुविधाएं होंगी, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को प्रदेश में बस टर्मिनल के विकास के संबंध में आयोजित बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में बस टर्मिनल के विकास के लिए वित्तीय निविदा को अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके बाद लखनऊ में चारबाग व अमौसी, मेरठ में सोहराबगेट, प्रयागराज में जीरो रोड, अयोध्याधाम और रायबरेली बस टर्मिनल को विकसित करने पर सहमति बनी है। बैठक में प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वरलू, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, सचिव नियोजन अनुराग यादव, एमडी यूपीएसआरटीसी मासूम अली सरवर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कर्नाटक के दास सूर्यवंशी ने पुनर्वास विवि का किया निरीक्षण



लखनऊ। कर्नाटक के दिव्यांगजन सशक्तिकरण के राज्य आयुक्त दास सूर्यवंशी ने डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो हिमांशु शेखर झा, कुलसचिव रोहित सिंह, वित्त अधिकारी संजय सिंह परिसर के साथ मिलकर विश्वविद्यालय परिसर का परिभ्रमण किया। इस क्रम में उन्होंने कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र के प्रेक्षागृह, लैब एवं स्टोर आदि का भी भ्रमण किया। साथ ही दिव्यांगजनो को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उनके द्वारा केन्द्र के माध्यम से दिव्यांगजन के हितार्थ किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य की सराहना भी की गयी। इसके साथ उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त विशिष्ठ आउट डोर एवं इन डोर स्टेडियम पहुंचे और खिलाड़ियों से मिले। पुस्तकालय पहुंचकर दिव्यागजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओ टॉकिंग बुक स्टूडियो, सुगम्य कंप्यूटर लैब आदि को देखा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो हिमांशु शेखर झा ने डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय द्वारा दिव्यांगजनों के लिए अपनी कार्य योजनाओं एवं उपलब्धियों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर राज्य उपायुक्त, दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश शैलेन्द्र सोनकर, प्रो आरआर सिंह, डॉ अनिल कुमार मिश्रा, डा रंजीत कुमार आदि उपस्थित रहे।

# आज से रोडवेज बसों में पैनिक बटन की शुरुआत, महिलाओं को होगी आसानी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरकारी बसों में यात्रियों की सुरक्षा के खातिर कई माह से चल रही तैयारी पूरी हो गई। परिवहन निगम अपनी पांच हजार बसों में पैनिक बटन की सौगात यात्रियों को देने जा रहा है।

12 मार्च से यह सुविधा शुरू हो जाएगी। इससे रोडवेज बसों में सफर के दौरान किसी अप्रिय घटना पर यात्री पैनिक बटन दबाकर मदद की गुहार लगा सकते है। हर बसों में दस-दस पैनिक बटन लगाए गए हैं। हर बटन डायल 112 से जुड़ी रहेगी। इसे दबाते ही दस मिनट में स्थानीय पुलिस और रोडवेज कर्मी पहुंचेंगे। बस अड्डे से यात्री लेकर रवाना होने वाली बसों पर लगातार नजर रखी जा सकेंगी। इसके लिए आठ हजार बसों में वीटीएस यानी व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम लगाया गया है। इसके जरिए कमांड सेंटर से नजर रखी जाएगी। इससे बस चालक तय रूट से इतर बसों का संचालन नहीं कर सकेंगे। परिवहन निगम मुख्यालय पर कमांड कंट्रोल सेंटर बनाया गया है। यहां स्क्रीन के जरिए बसों की निगरानी से लेकर पैनिक बटन दबाने वाले यात्रियों को मदद पहुंचाने की व्यवस्था तय की जाएगी। कंट्रोल रूम में टोल फ्री नंबर 1800-180-2877 पर फोन करने वाले यात्रियों की शिकायतों को रिकॉर्ड कर संबंधित डिपो के अधिकारियों को भेजकर समस्या दूर कराई जाएगी। परिवहन निगम के जन सम्पर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि आज से कई डिपो के अन्दर से बस चलने लगेगी।

## एसबीआई की अर्जी खारिज करने संबंधी न्यायालय के आदेश का अखिलेश यादव ने किया स्वागत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनावी बॉण्ड का विवरण निर्वाचन आयोग को देने के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध करने संबंधी भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अर्जी उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किये जाने पर सोमवार को खुशी जाहिर की।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, कि पूरे देश की जनता को इस बात की खुशी है कि उच्चतम न्यायालय के माध्यम से कम से कम वह सूची (चुनावी बॉण्ड से जुड़े लोगों की सूची) सामने आ जाएगी। इस सूची से यह पता लग जाएगा कि चुनावी बॉण्ड किन-किन लोगों से सम्बन्धित है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अब सवाल यह है कि वह सूची सार्वजनिक की जाएगी या नहीं। उन्होंने कहा, कि हम और आप जान पाएंगे या नहीं। भाजपा तो जानती है कि उसे कहां से चंदा मिला है। यदि हमें चंदा मिला होगा तो हमें पता ही होगा। जनता जान पाएगी या नहीं, यह सबसे बड़ा सवाल है। उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने चुनावी बॉण्ड संबंधी जानकारी का खुलासा करने के लिए समयसीमा बढ़ाए जाने के अनुरोध सम्बन्धी एसबीआई की याचिका सोमवार को खारिज कर दी और उसे 12 मार्च को कामकाजी घंटे समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड संबंधी विवरण उपलब्ध कराने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने निर्वाचन आयोग को भी एसबीआई द्वारा साझा की गई जानकारी 15 मार्च को शाम पांच बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे। सुनवाई के दौरान, पीठ ने एसबीआई की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे की इन दलीलों पर गौर किया कि विवरण जुटाने और उनका मिलान करने के लिए अधिक समय की आवश्यकता है क्योंकि जानकारी इसकी शाखाओं में दो अलग-अलग कक्षों में रखी गई थी। उन्होंने कहा कि अगर मिलान प्रक्रिया न करनी हो तो एसबीआई तीन सप्ताह के भीतर इस प्रक्रिया को पूरा कर सकता है। पीठ ने कहा कि उसने एसबीआई को चंदा देने वालों और चंदा प्राप्त करने वालों के विवरण का अन्य जानकारी से मिलान करने का निर्देश नहीं दिया है। उसने कहा कि एसबीआई को सिर्फ सीलबंद लिफाफा खोलना है, विवरण एकत्र करना है और निर्वाचन आयोग को जानकारी देनी है। पीठ ने बैंक से यह भी पूछा कि उसने शीर्ष अदालत के 15 फरवरी के फैसले में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के लिए क्या कदम उठाए हैं। संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद्द कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

## बी. आर्क एवं बी. प्लानिंग की उच्च शिक्षा के लिए मोहक चयनित



**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस के मेधावी छात्र मोहक सहाय बिसारिया ने बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर एवं बैचलर ऑफ प्लानिंग की उच्चशिक्षा के लिए जेईई मेंस पेपर-2 (बी.आर्क एण्ड बी. प्लानिंग) परीक्षा में चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिभाशाली छात्र ने बी. आर्क में 99.59 परसेंटाइल जबकि बी. प्लानिंग में 99.96 परसेंटाइल अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। बी.आर्क एवं बी. प्लानिंग की उच्चशिक्षा के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से अलग से परीक्षा आयोजित की जाती है।

## गोरखपुर की टीम बनी दृष्टिबाधित क्रिकेट लीग की विजेता




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दृष्टिबाधित क्रिकेट लीग के फाइनल मैच में गोरखपुर की टीम ने कानपुर को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में दृष्टिबाधित खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। हिंदुस्तान कॉलेज मथुरा में आयोजित हुए टूर्नामेंट के फाइनल मैच में एसकेएम ग्रुप के एमडी कुलदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड के अध्यक्ष शौकत अली ने बताया कि टॉस जीतकर कानपुर टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान में उतरी गोरखपुर टीम ने 15 ओवर में 305 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। गोरखपुर टीम के बल्लेबाज रवि वर्मा ने 47 गेंदों में 121 रन की आतिशी पारी खेली पारी में उन्होंने 29 चौके लगाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम 9 ओवर में 143 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। मैच जीतकर गोरखपुर की टीम ने विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड की तरफ से विजेता टीम को सात हजार रुपये, रनरअप टीम को पांच हजार रुपये और प्रतिभाग करने वाले टीम को तीन हजार रुपये दिये गये। इस मौके पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड के सचिव अनीस राजा, अध्यक्ष शौकत अली, फरह के पूर्व चेयरमैन केके पचौरी, रवि दिनकर, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## स्मृति ईरानी ने शूटर वर्तिका सिंह की नहीं की कोई मानहानिः हाईकोर्ट

●स्मृति ईरानी के खिलाफ वर्तिका सिंह की याचिका खारिज

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अंतर्राष्ट्रीय शूटर वर्तिका सिंह द्वारा केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के खिलाफ मानहानि के आरोपों को लेकर दाखिल एक याचिका को खारिज कर दिया है। अपने आदेष में कोर्ट ने कहा कि पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए यदि वादी को कांग्रेस पार्टी अथवा पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी की लीगेसी वाले ह्यगांधी परिवारह्न से जुड़ा हुआ कहा गया तो ये उसकी मानहानि नहीं है और न ही यह उसकी मानहानि किए जाने की स्मृति ईरानी की मंशा को दशार्ता है। यह आदेश जस्टिस मो. फैज आलम खान की बेंच ने वर्तिका सिंह की याचिका पर पारित किया। याची ने स्मृति ईरानी पर मानहानि का आरोप लगाते हुए, सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में आपराधिक वाद दायर किया था जिसे निचली अदालत ने 21 अक्टूबर 2022 को खारिज कर दिया। याची ने निचली अदालत के उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची का आरोप था कि पत्रकारों ने स्मृति ईरानी से जब उनके निजी सचिव पर याची द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में पूछा तो उन्होंने याची को कांग्रेस पार्टी का प्यादा और गांधी परिवार से सीधा संबंध रखने वाला बताया।

कोर्ट ने पत्रकारों के साथ स्मृति ईरानी की इस पूरी बातचीत को उद्धत करते हुए कहा कि उन्होंने प्रश्नगत बयान देने से पूर्व दूसरे मामलों पर बात की और इस दौरान याची का नाम भी नहीं लिया। कोर्ट ने कहा कि जब याची के सम्बंध में पूछा गया तब ही उन्होंने कहा कि उसके कांग्रेस पार्टी से सम्बंध हैं और उसका आपराधिक इतिहास भी है। कोर्ट ने पाया कि याची के विरुद्ध आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। कोर्ट ने कहा कि स्मृति ईरानी के बयानों को यदि देखा जाए तो वह एक राजनीतिक दल की आलोचना कर रही थीं और याची की मानहानि करने का उनका कोई आशय नहीं था।

## जैन मंदिर में संयम दीक्षा महोत्सव आज

**लखनऊ।** डालीगंज स्थित जैन मंदिर में 105 गणिनी शिरोमणि आर्यिका विशुद्ध मती माताजी का 55वां स्वर्णिम संयम दीक्षा महोत्सव मंगलवार को मनाया जाएगा। श्री जैन धर्म प्रवर्तनी सभा के अध्यक्ष विनय कुमार जैन ने बताया कि सुबह 5.45 गुरु वंदना, आठ बजे मंगलाचरण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन, माताजी की पूजा, मंगल आरती व विशुद्धमति विन्यांजलि सभा होगी। सोमवार की शाम यहां भजन संध्या का आयोजन किया गया। गुरु मां ने प्रवचन भी दिया।

## यूपी बोर्ड के छूटे प्रैक्टिकल 13 व 14 मार्च को होंगे

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड परीक्षा में जो छात्र किन्हीं कारणों से प्रैक्टिकल परीक्षा नहीं दे पाए थे, उनकी प्रैक्टिकल परीक्षा 13 और 14 मार्च को राजकीय हुसैनाबाद इंटर कॉलेज में होगी। पहले प्रैक्टिकल राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में होने थे लेकिन 13 मार्च को अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा होने के कारण सोमवार को परीक्षा केन्द्र बदलाव किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि लखनऊ जिले 200 छात्र ऐसे है जो प्रैक्टिकल नहीं दे पाए थे। इन सभी छात्रों को 13 और 14 मार्च को प्रैक्टिकल का मौका दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले बचे हुए छात्रों के प्रैक्टिकल के लिए राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज को केन्द्र बनाया गया था लेकिन 13 मार्च को अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा होने के कारण परीक्षा केन्द्र में बदलाव कर हुसैनाबाद इंटर कॉलेज को केन्द्र बनाया गया है।

# संविधान का सम्मान कार्यपालिका और न्यायपालिका पर टिका : मसूदी

●मंत्री अजीत सिंह पाल ने केंद्र सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भारत के 75वें आजादी के अमृत महोत्सव पर्व मनाये जाने के क्रम में न्याय विभाग तथा सीएससी-ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड से जन-जन तक अपनी जनहित सेवाओं की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला एवं मेले का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित मर्करी सभागार में सोमवार को हुआ।

कार्यशाला के तहत जन सेवा जनता के द्वार अभियान के द्वारा जमीनी स्तर के सीएससी संचालको का प्रशिक्षण और आम जनता तक यह योजना पहुंचाना था, टेली-लॉ कार्यक्रम के कार्यान्वयन का समर्थन करना और राज्य में टेली-लॉ, न्याय सेतु और कानूनी साक्षरता कार्यक्रम के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला-ग्राम स्तर पर हमारा संविधान हमारा सम्मान अभियान की शुरूआत की गयी। कार्यशाला का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल तथा स्टेट हैड सीएससी राजेश मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। मुख्य अतिथि ने भारत सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए सीएससी के प्रयासों की सराहना किया। उन्होंने विभिन्न सेवाओं पर आधारित स्टालों का निरीक्षण किया और प्रचार-प्रसार वाहन को झंडी दिखायी। विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति अताऊ रहमान मसूदी ने कहा कि हमारे संविधान का सम्मान लोकतंत्र के कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका पर टिका है।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रशांत कुमार सिंह उप महानिदेशक तथा निदेशक डा. प्रवीन कुमार सिंह क्षेत्रीय कार्यालय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण लखनऊ को शाल तथा मोमेंटों देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संतोष कुमार ने बताया कि भारत के संविधान में संविधान की प्रस्तावना में नागरिकों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया है। सर्विस सेंटरों के माध्यम से टेली-ला योजना एक वरदान के रुप में साबित हो रही है।

कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह लॉ कॉलेज कानपुर के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मौजूद वीएलई (ग्रामीण स्तरीय उद्यमी) तथा लोगों को सचित्र वर्णन करते हुए योजना के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान टेली-लॉ सेवा में सर्वोत्तम कार्य करने वाले सीएससी जिला प्रबंधक/पैनल लायार तथा वीएलई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएससी के नमिता द्विवेदी तथा पैनल लायर नेहा ने संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण राज्य से लगभग 450 कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों समेत द्वारा सीएससी से संबद्ध 70 से अधिक पैनल लायरों ने प्रतिभाग किया।

# लेसा के 70 प्रतिशत 11 केवी खुले तार पर नहीं है गार्डिंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गाजीपुर जिले मे 11 केवी तार के चपेट में आने से बस जलकर खाक हो गयी। जिसमें देर रात तक पांच लोगों की मौत होने की सूचना मिली थी। वहीं दूसरी तरफ लेसा के 70 प्रतिशत 11 केवी बिजली तार में गार्डिंग नही लगी है। गार्डिंग नही लगे होने से खुले तार टुटने के बाद सीधे जमीन पर गिर रहा है। जिससे बड़ी दुर्घटना हो रही है। लेसा सिस गोमती के मुख्य अभियंता ने बताया कि जहां भी 11 केवीतार लगा हुआ है वहां पर गार्डिंग लगाई जायेगी।

बीकेटी, नारदरगंज, चिनहट, मलिहाबाद सहित अन्य क्षेत्रों के बिजली के ज्यादातर 11 केवीतार के नीचे गार्डिंग नही लगी हुई है। उतरठिया के निलमथा में नई कालोनी बसी है जिसके अन्दर से 11 केवी तार गया हुआ है। कही-कही ऐसा एचटी लाईन गयी है जहां से कोई भी अपने छत से पकड़ सकता है। बीते एक वर्ष के अन्दर 12 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इन्दिरा नगर के अमराई गांव के पास खुले तार के नीचे ही लोग घर बनाकर रह रहे है। पावर कार्पोरेशन के नियमो के मुताबिक घर के छज्जे से 2 मीटर तार दूर होना चाहिए। लेकिन ऐसा नही हो रहा है कुछ लोग अपना घर ऐसा बना लिये है जो एचटी लाईन के तार से चिपककर जा रही है। घर से तार चिपकने के कारण लोग तार में प्लास्टिक का पाईप तक पहना लिये है जो नियमतह गलत है।



# अग्नि की उड़ान

भारत एक शांतिप्रिय देश है। मानव मूल्यों के प्रति पूरी तरह समर्पित भारत का शानदार इतिहास है कि आज तक किसी भी देश पर हमला नहीं किया। किसी देश की जमीन का एक इंच कब्जा भी नहीं किया है। लेकिन विश्व शांति और वसुधैव कुटुम्बकम् के प्रति समर्पित भारत की सामरिक स्थिति यह है कि दो खतरनाक दुश्मनों से घिरा हुआ है। चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मन देशों ने भारत पर आधा दर्जन से भी अधिक बार सीधे-सीधे हमला किया है। दोनों देशों ने भारत की जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है। दोनों देश परमाणु हथियार रखते हैं और दोनों देशों में तानाशाही जैसी स्थिति है। ऐसे में यह जरूरी है कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा चाक-चौबंद तैयारी रखे। ऐसा न करने पर मौका पाते ही हमारे दुश्मन हमला करने से बाज नहीं आयेंगे। कई बार की युद्ध में चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मन देशों को अब इस बात का एहसास हो गया है कि वे भारत को सीधे युद्ध में नहीं हरा सकते हैं। ऐसे में इन देशों ने भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ रखा है। चीन विभिन्न तरीकों से भारत के खिलाफ सक्रिय रहता है, तो पाकिस्तान आतंवादियों को पैसा, प्रशिक्षण और हथियार मुहैया कराकर भारत में भेजता है ताकि वे भारत के खिलाफ युद्ध कर सकें। ऐसे में यह जरूरी है कि भारत हमेशा अपनी सामरिक तैयारियों को दुरुस्त करता रहे। हाल के वर्षों में भारत ने अपनी जल, थल और वायु सेना को नये अस्त्रों एवं युद्धक साजो सामान से लैस करने की प्रक्रिया तेज की है। इसी कड़ी में रूस से एस-400 और सुखोई जैसे लड़ाकू विमान, अमरीका से घातक ड्रोन, फ्रांस से रफाल और इजराइल ये अनेक रक्षा प्रणालियों की खरीद गयी। उन्नत रक्षा तकनीकी को टेक्नोलॉजी ट्रॉसफर जैसे समझौतों के जरिए हासिल की गयी है। ब्रह्मोस मिसाइल इसका नायाब उदाहरण है जो रूस से तकनीकी समझौते के जरिए भारत में बनायी जा रही है। अपनी रक्षा को और सशक्त करते हुए भारत ने अग्नि-5 मिसाइल का एक और परीक्षण किया है। करीब-करीब छह हजार किलोमीटर दूर तक अपने टरगेट को ध्वस्त करने की क्षमता वाली अग्नि-5 मिसाइल में सारी प्रौद्योगिकी स्वदेशी है। अग्नि-5 मल्टीपल इंडिपेंडेंट टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल तकनीकी से लैस अग्नि फाइव एक साथ कई टारगेट को वेधने के साथ ही न्यूक्लियर वारहेड ले जाने में भी सक्षम है। हालांकि अब तक अग्नि के आधा दर्जन से अधिक परीक्षण हो चुके हैं और एक दशक से भी अधिक समय से अग्नि-5 को और अधिक ताकतवर बनाने के लिए डीआरडीओ की टीम काम कर रही है। इसी का परिणाम है कि स्वदेशी अग्नि-5 क एमआईआरवी वर्जन का सफल परीक्षण किया गया। इस परीक्षण के साथ ही भारत की रक्षा क्षमता और अधिक मजबूत हुई है। लेकिन साथ ही अनेक चुनौतियां भी हमारे सामने हैं। जिस तरह भारत के सामने दो पड़ोसी देशों की चुनौती है, उसके मद्देनजर न सिर्फ आधुनिक सैन्य साजो सामान विकसित करने की जरूरत है बल्कि यह भी जरूरी है कि हमारे पास कुछ ऐसी तकनीकें भी हों जो किसी और के पास न हों। क्योंकि आज जिस तरह परम्परागत हथियारों के विकल्प विकसित हो रहे हैं उसमें कौन से हथियार कब बेकार हो जायें कुछ कहा नहीं जा सकता। युद्ध के तौर-तरीके लगातार बदल रहे हैं। आज युद्धक विमान, मिसाइल, टैंक, जैसे हथियारों के साथ ड्रोन, एआई तकनीक की भी अहम भूमिका है। इसलिए देश को मिसाइलों के साथ ही मजबूत डिफेंस प्रणाली और ड्रोन्व एआई पर तेजी से काम करने की जरूरत है।



**अग्नि-5 के सफल परीक्षण से हमारे रक्षा वैज्ञानिकों का सामर्थ्य फिर साबित हुआ है, लेकिन अभी देश को विविध किस्म की मिसाइलों की पूरी रेंज विकसित करनी होगी।**

विचार

वैरी वैर करता है और दूसरों के वैर का भागी होता है। इस प्रकार वैर से वैर आगे बढ़ता जाता है। –महावीर.

आग से जलते हुए एक ही सूखे वृक्ष से सारा वन जिस प्रकार जलकर भस्म हो जाता है, उसी प्रकार एक कुपुत्र सारे कुल के लिए संताप और विनाश का कारण होता है। –चाणक्य.

जो तुम सोचते हो वह हो जाओगे। यदि तुम खुद को कमजोर सोचते हो, तो कमजोर हो जाओगे। अगर तुम खुद को ताकतवर समझते हो तो ताकतवर हो जाओगे। –स्वामी विवेकानंद.

सर्वोत्तम कीर्ति प्रतिद्वन्द्वी द्वारा की गयी प्रशंसा है। –टॉमस मूर.

जिस प्रकार श्रम शरीर को शक्ति प्रदान करता है, उसी प्रकार कठिनाइयां मनुष्य को शक्ति सम्पन्न बनाती हैं। –सेनेका.

# चार सौ पार के नारे से सहमा क्यों है विपक्ष

रमण रावल

**भारतीय जनता पार्टी का मौजूदा नेतृत्व यह माद्दा रखता है कि वह एक राष्ट्र के तौर पर भारत की मूल चेतना को जागृत करे, सनातनी मान-सम्मान की बहाली करे और लोकतंत्र के वास्तविक स्वरूप को पूर्णता प्रदान करे इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने 400 पार का नारा दिया है और उसे पाने के लिये समूची पार्टी देश में सक्रिय हो चुकी है। वह जानती है कि इस अवसर को पूरी तरह से नहीं भुनाया गया तो 2029 तक प्रतीक्षा करना भारी पड़ सकता है।**

भाजपा का स्पष्ट तौर पर मानना है कि यदि देश को गुलामी के विभिन्न प्रतीकों, प्रतिबंधों से मुक्त कराना है, तो संविधान बदलने जितनी सीटें पाना जरूरी है। यह संभव है लोकसभा में 404 सीटें जीतकर। यह अकेला लक्ष्य नहीं है, जिसके बूते भाजपा मनचाहा परिवर्तन कर सके। इसके लिये उच्च सदन में भी आवश्यक दो तिहाई बहुमत चाहिये, तब दोनों सदनों का संयुक्त सत्र बुलाकर संयुक्त सदनों की दो तिहाई 521 सीटों से वे संविधान में जरूरी बदलाव कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबसे लोकसभा चुनाव में, 'इस बार 400 पार' का नारा दिया है, तब से जहां भाजपा में इसे लेकर जोश और उत्साह है, वहीं विरोधियों के बीच चिंता पसर गई है। वे इससे कितना डरे हुए हैं, यह तो अभी पूरी तरह से जाहिर नहीं कर रहे, लेकिन अगर विपक्ष की बातों, दलीलों और कार्यवाहियों पर निगाह डालें, तो साफ पता चलता है कि वे भाजपा के इस लक्ष्य से बेहद आशंकित हैं। क्योंकि विपक्ष जानता है कि अगर मोदी जी ने यह लक्ष्य पार कर लिया, तो वह वो सब करेंगे, जो इस जादुई आंकड़े को उलांघ जाने वाला कर सकता है। यह आंकड़ा सरकार को संविधान में वे सारे संशोधन और बदलाव के अधिकार देता है, जिसे वो करना चाहे। भाजपा क्या-क्या करना चाहती है, यह कोई गुप्त एजेंडा नहीं है, सबको पता है। भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक का जो सफर है, उसमें समय-समय पर देश जानता रहा है कि भाजपा सत्ता में आयी तो वह क्या कुछ कर सकती है।

साल 2014 से 2023 तक भाजपा ने अपना ट्रेलर दिखाया है और अब तैयारी है पूरा चलचित्र दिखाने की। 2024 के लोकसभा चुनाव के अनुकूल परिणाम उसे वो ताकत प्रदान करने में सहायक होंगे, जिसकी लड़ाई वह मात्र दो सीटों की ताकत के समय से लड़ती आ रही है। दरअसल नरेंद्र मोदी के प्रभुत्ववाली भाजपा को जानने-पहचानने में अभी-भी विरोधी न तो दक्ष हैं, न योग्य, न तत्पर, न तैयार। वे केवल बयानों के फिजूल तीर चलाते रहते हैं और नरेंद्र मोदी लक्ष्यभेदी मिसाइल दागकर एक ही वार में काम तमाम कर देते हैं। इस नई सदी और नये भारत की भाजपा बेहद फुतीर्ली, रणनीति कुशल, बाहुबल से भरपूर, चेतना से परिपूर्ण और उद्देश्यों के प्रति समर्पित है। उसका स्पष्ट तौर पर मानना है कि यदि देश को गुलामी के विभिन्न प्रतीकों, प्रतिबंधों से मुक्त कराना है, तो संविधान बदलने जितनी सीटें पाना अनिवार्य है। यह संभव है लोकसभा में 400 से अधिक सीटें जीतकर। यह अकेला लक्ष्य नहीं है, जिसके बूते वह मनचाहा परिवर्तन कर सके। इसके लिये उच्च सदन में भी आवश्यक दो तिहाई बहुमत चाहिए। यह जादुई आंकड़ा होता है- 121 सीट। अभी उच्च सदन में भाजपा के पास 97 और राजग के साथ मिलकर 117 सीटें ही हैं। यानि चार कम। यह पूर्ति हो सकती है, लोकसभा में 404 सीटें लाकर। तब दोनों सदनों का संयुक्त सत्र बुलाकर संयुक्त सदनों की दो तिहाई यानी 521 सीटों से वे संविधान में जरूरी बदलाव कर सकते हैं। भाजपा और मोदी की इस मंशा और दृढ़ इरादे को बल प्रदान कर रहे हैं, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता व जनहित याचिकाओं के लिये प्रख्यात अश्विनी उपाध्याय। वे सोशल मीडिया के माध्यम से उन मुद्दों को प्रचारित-प्रसारित कर रहे हैं, जो देश के लिये नासूर साबित हो रहे हैं और जिन्हें बदलने के लिये दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत पाना जरूरी है।



**लोस चुनाव-2024**

भाजपा या देश इस स्थिति को पाने के बिल्कुल करीब है। एक जोर का धक्का यदि जनता लगा देती है तो स्वतंत्र भारत में जो कानून दीमक बनकर उसके सामाजिक ताने-बाने, शिक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था और आम भारतीय के मान-सम्मान को कम किये हुए हैं, वे एक झटके में दुरुस्त किये जा सकेंगे। यह एक ऐसी शल्य क्रिया होगी, जिससे देश रूपी शरीर की तमाम लाइलाज बीमारियों का शर्तियां उपचार किया जा सकेगा। जड़ से उन्हें उखाड़ फेंका जा सकेगा। आइये मोटे तौरपर जानते हैं कि वे कौन से बदलाव हैं, जो 521 की कुल संख्या से किये जा सकते हैं। भारत की सनातनी परंपरा और अस्मिता को दशार्ते हुए 22 चित्र मूल संविधान में थे, जो तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कथित धर्म निरपेक्ष छवि को चमकाने और तुष्टिकरण के चलते हटा दिये थे। ये चित्र राम, कृष्ण, महावीर, गुरुगोविंद सिंह, नटराज, गौतम बुद्ध, छत्रपति शिवाजी, हनुमानजी आदि के थे। इसके लिये संविधान को संशोधित करना होगा। तभी जाकर विद्यालयों की प्रार्थना में हनुमान चालीसा, राम, कृष्ण के उपदेश, गीता, वाल्मीकि रामायण पढ़ाने की व्यवस्था की जा सकती है। इंदिरा गांधी ने आपातकाल के काले दौर में संविधान में 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जोड़ दिया था, वह भी दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत से हट सकता है।

इसी तरह से तमाम तरह के नशे के व्यापार और फिल्मों-टीवी, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर पसरी अश्लीलता को रोकने के लिये सरकार के पास कोई ठोस कानून नहीं है। इसके लिये अनुच्छेद 19 में संशोधन करना होगा, जो अभी किसी भी तरह के व्यापार की स्वतंत्रता देता है। ऐसे ही झूठी शिकायतें करना, मुकदमे लंबे चलना आम है, क्योंकि इसे मूलभूत अधिकार बताया गया है। झूठ बोलने को गंभीर अपराध नहीं माना गया, जिसका भरपूर दुरुपयोग होता है। इसे रोकने के लिये अनुच्छेद 20 को संशोधित कर झूठ बोलने पर सजा का प्रवाधान किया जा सकता है। गुलामीकाल की शिक्षा व्यवस्था जो मुगल और अंग्रेज इतिहास पढ़ाती है, उसे बदलकर वैदिक शिक्षा अनिवार्य करने के लिये अनुच्छेद 21 ए को बदलना होगा यानी 'एक राष्ट्र, एक शिक्षा।' धर्मांतरण रुके और ऐसा करने वाले व्यक्ति या संस्था की संपत्ति जब्त हो और उसे कठोर सजा मिले, इसके लिये अनुच्छेद 25 में सुधार करना होगा। तुष्टिकरण खत्म करने के लिये अनुच्छेद 30 को संशोधित करना पड़ेगा। मूलभूत अधिकार बताने वाला संविधान मूलभूत दायित्व का निर्धारण नहीं करता, जिसे बाध्यकारी करने के लिये अनुच्छेद 51 ए को संशोधित करना होगा।

साथ ही भ्रष्टाचार की जड़ों पर प्रहार करने के लिये एक देश, एक कर प्रणाली अपनाने के लिये अनुच्छेद 12 में सुधार करना होगा। गुलामीकाल की प्रशासनिक व पुलिस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिये भी संविधान में संशोधन जरूरी है। यह अभी राज्य का विषय है, जबकि इसमें केंद्र सरकार का भी दखल आवश्यक है, ताकि संदेशखाली जैसे हालात पैदा होने पर केंद्र सरकार पहल कर सके। देश जिस मुगलकालीन और अंग्रेजकालीन कानूनों और नियमों से चल रहा है, उन्हें पूरी तरह खत्म किये बिना कोई भी सरकार देश को पूरी तरह से तंदुरुस्त नहीं कर सकती। भारतीय जनता पार्टी का मौजूदा नेतृत्व यह माद्दा रखता है कि वह एक राष्ट्र के तौर पर भारत की मूल चेतना को जागृत करे, सनातनी मान-सम्मान की बहाली करे और लोकतंत्र के वास्तविक स्वरूप को पूर्णता प्रदान करे। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने 400 पार का नारा दिया है और उसे पाने के लिये समूची पार्टी देश में सक्रिय हो चुकी है। वह जानती है कि इस अवसर को पूरी तरह से नहीं भुनाया गया तो 2029 तक प्रतीक्षा करना भारी पड़ सकता है। एक संप्रभु राष्ट्र के लिये गुलामी के प्रतीक कानूनों को रद्द करने का सही समय आ गया है। अब बागडोर जनता के हाथ है।

## सोशल मीडिया

यह किसने सोचा था कि भाजपा के ऐसे दिन भी आयेंगे कि कुछ प्रत्याशी टिकट मिलने से पहले कुछ और काम ज्यादा जरूरी बताने का बहाना कर अनी दावेदारी ही छोड़ देंगे। अखिलेश यादव.



आज देश में दो किस्म के लोग रहते हैं– एक देशभक्त व अंधभक्त। जितने देशभक्त हैं वो हमारे साथ आ जाओ और जितने अंधभक्त हैं वो उनके साथ चले जाओ। ए. केजरीवाल.



जो नेता कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं उनमें कांग्रेस ने पहचान दी, केन्द्रीय मंत्री राज्य में मंत्री बनाया, पार्टी में बड़े पद पर बिठाया परन्तु मुश्किल वक्त में वो पार्टी छोड़कर भाग रहे हैं। अशोक गहलोत.



# ईश्वर बहुत दयालु है

अंतर्दृष्टि

साधारण लोग कठिनाइयों को दुर्भाग्य की बात समझते हैं। जिन लोगों ने किसी सम्पन्न परिवर में जन्म लिया है वे तो हर तरह की असुविधा से ही बहुत घबराते हैं और यही अभिलाषा किया करते हैं कि उनकी समस्त आवश्यकताएं बिना किसी दिक्कत के यथा समय पूर्ण होती रहें। अन्य लोग भी ऐसे व्यक्तियों को बड़ा भाग्यवान समझते हैं पर वास्तव में बात ऐसी नहीं है। जिन लोगों ने कभी जीवन की कठोरता के दर्शन नहीं किये हैं, वे अनेक दृष्टियों से कच्चे रह जाते हैं। वहां दुखों और कठिनाइयों की रचना कर दी है। इनका अनुभव हुए बिना मनुष्य अपूर्ण रह जाता है और उसका उचित विकस नहीं हो पाता। भागवान को दया सिन्धु एवं करुणा का सागर कहा जाता है। उनके वाल्सल्य दान और उपकार का कोई अंत नहीं पर इतना महत्व होता तो उस महान प्रभु का अपने बालकों पर कितना स्नेह होगा इसकी कल्पना करना भी सजह नहीं है। चित्रकार अपनी मूर्ति को, किसान अपने खेत को, गड़रिया अपनी भेड़ों को अच्छी उन्नत, विकसित स्थिति में रखना चाहता है। उन्हें अच्छी स्थिति में देखकर प्रसन्न होता है, फिर परमात्मा अपनी सर्वश्रेष्ठ रचना मनुष्य को अच्छी स्थिति में न रखना चाहे, ऐसा नहीं हो सकता। निश्चय ही प्रभु का यह प्रयत्न निरन्तर रहता है कि हम सब सुखी एवं सुविकसित हों। उनकी दया और करुणा निरन्तर हमारे ऊपर बरसती रहती है। इतना होते हुए भी देखा जाता है कि कितने ही मनुष्य अत्यंत दुखी हैं। उन्हें अनेक प्रकार के कष्ट अभाव सता रहे हैं, भय, पीड़ा, वियोग, त्रास अन्याय एवं अभाव से संत्रस्त हुए कितने ही व्यक्ति बुरी तरह दुख के सागर में गोते लगा रहे हैं। किसी-किसी पर ऐसी आकस्मिक विपत्ति आती है कि देखने वालों का हृदय दहल जाता है। ऐसे अवसरों पर ईश्वर की दयालुता पर संदेह होने लगता है, कई बार तो कष्टों को दैवी कोप, ईश्वरीय निष्ठुरता मान लिया जाता है परन्तु वस्तुस्थिति ऐसी नहीं है। प्रभु एक क्षण भर के लिए भी करुणा रहित नहीं हो सकते। उनकी अनन्त दया का निर्झर एक क्षण के लिए भी नहीं रुक सकता। जिसे हम विपत्ति समझते हैं, वह भी एक प्रकार से उनकी दया ही होती है। माता का अपने बच्चे पर असाधारण प्यार होता है, वह उसे सुखी बनाने के लिए अपनी तरफ से सारे प्रयत्न करती है तो भी उसके कई कार्य ऐसे हैं जो बालक को अप्रिय होते हैं। बालक किसी स्वादिष्ट भोजन को बहुत अधिक खाना चाहता है, माता जानती है अधिक खाने से बीमार हो जायेगा इसलिए वह बच्चे के रूठने, रोने हाथ-पांव पीटने की परवाह नहीं करती।

# सड़कें फाड़ने का टॉप सीजन...

व्यंग्यलोक

सड़कें फाड़ना राष्ट्रीय कर्तव्य है। मैं राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक हूं। इसलिए जनहित में कुछ जरूरी सूचनाएं देना अपना कर्तव्य समझता हूं। यह सूचना बिजली वाले, टेलीफोन वाले व टेंट वाले भाइयों के लिए है। सूचना है कि मेरे पिछवाड़े की सड़क पहले ऊबड़-खाबड़ थी। बीस वर्षों की कठोर तपस्या के बाद अब यह सड़क सोलह सिंगार से सज-धज कर पेवर रोड के रूप में बदल गई है। मारे शर्म के सड़क का घूंघट प्यारे मंत्री जी ने उघाड़ा था। उन्हीं मंत्री जी ने सड़क का उदघाटन किया। जिन्होंने इस सड़क के गभार्धान के बाद एक सुंदर बंगले को जन्म दिया था। तो साहब कुल जमा सूचना यह है कि सड़क ने सिने तारिकाओं के गालों जैसा रूप धर लिया है। अतः हे बिजली वालों! हे टेलीफोन वालों! हे पानी के नल बिछाने वालों! हे टेंट गाड़ने वालों! देवी और देवताओं आप तुरंत इधर चले आइए! अपने गैंती, फावड़े और कुदालों के साथ तुरंत आ धमकिए। आपको फटी, पुरानी, बूढ़ी, खूसट सड़क खोदने में शर्म आती है। फटेली सड़क के साथ छेड़छाड़ करने में आपका शर्म से पानी-पानी हो जाना भी वाजिब है। असली आनंद सोलह सिंगारवान नई नवेली सड़क को चीरने में ही आता है। आप भी क्या करें श्रीमान! आपके गैंती फावड़े भी पुरानी सड़कों को खोदने से मना कर देते हैं। नई सड़क देखते ही आपके मुंह में पानी का टैंकर आ जाता है। आपकी भुजाएं फड़कने लगती है। आपके गैंती फावड़े सड़क को चीरने के लिए मचल उठते हैं। आप कई बार कागजों में बनी पेपरी सड़क को कागजों में ही खोल डालते हो। कागजों में ही सड़क बनाना व कागजों में ही इसे फाड़ देना आपकी कुशलता है। यह आपकी अतिरिक्त योग्यता है। परंतु करें भी क्या? इधर वास्तव में गलती से एक सड़क बन ही गई है। सड़क बनाने वाले दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही तो होगी ही। किंतु सड़क फाड़ना आपका कर्तव्य है। इसलिए भाइयों तुरंत आ जाओ! फिर मत कहना कि सूचना नहीं दी। टेलीफोन वाले भाइयों आप आ जाओ। कल को बिजली वाले पहले सड़क फाड़ गये तो आपकी जग हंसाई होगी। फिर मुझे मत कहना। पानी के पाइप डालने वाले बंधुओं आप भी आ जाओ। हालांकि आपके पाइप पूरे वर्ष सिर्फ हवा का ही आदान प्रदान करते हैं। परंतु इससे क्या! पाइपों में चाहे हवा आए या कीचड़ मुख्य बात तो सड़क फाड़ने की है। टेंट वाले सजनवा आप पधार जाइए! ठोक दीजिए सड़क के सीने में खूँटियां कसकर बांध दीजिए सड़क का गला। सड़कों के यही उपयोग हैं। सड़क वही जो फाड़ने के काम आए। पूरा-पूरा देश ही सड़क के पीछे रोजगारवान हुआ पड़ा है। आधा देश सड़क बनाकर उससे कोठी और कार पैदा करता है। शेष आधा देश सड़क फाड़कर विदेश यात्रा को प्राप्त होता है।



रामविलास जॉंगिड़

# पेट दुरुस्त करता है एक गिलास गुनगुना पानी...



स्वास्थ्य

डॉ.माजिद अलीम

गुनगुने पानी से होने वाले फायदों का हर तरफ जिक्र मिल जाएगा लेकिन तभी अचानक आपके सामने से कोई ऐसा लेख गुजरेगा कि गुनगुने या गर्म पानी के कोई फायदे नहीं हैं उल्टे तमाम तरह के नुकसान होते हैं। यह लेख हल्के गर्म या गुनगुने पानी को लेकर हुए दर्जनों शोध निष्कर्षों के जरिये तैयार किया गया है कि गुनगुना पानी कब कब और कितना फायदेमंद होता है और क्या सावधानी न बरती तो फायदा नुक्सान में बदलने लगता है। तो आइये गुनगुने पानी की कुछ प्रचलित खासियतों पर एक नजर डालते हैं कि वे कितनी सच हैं।

**क्या यह सर्दी-जुकाम से राहत देता है?**

हेल्थ एक्सपर्ट्स मानते हैं कि नियमित रूप से हल्का गर्म या गुनगुना पानी पीने से सर्दी जुकाम का खतरा कम हो जाता है। अगर सर्दियों में ही पीया जाये तो भी सर्दी और खांसी से राहत पायी जा सकती है। इसके साथ ही यह गले को बैक्टीरिया के हमले से भी सुरक्षा देता है। सर्दियों में गर्म पानी से नहाना भी सेहत के लिए फायदेमंद होता है। एक्सपर्ट मानते हैं कि गर्म पानी से जुकाम ठीक हो जाता है। क्योंकि गर्म पानी से कोषिकाएं हाइड्रेटेड होती हैं, इससे ये बलगम को ढीला कर देती हैं, जिससे कफ या खांसी को शरीर से बाहर निकालना आसान हो जाता है।

**क्या इससे पीरियड्स आसान हो जाते है?**

पीरियड्स के दौरान गुनगुने पानी से नहाने पर ब्लड वाहिकाएं फैल जाती हैं, जिससे ब्लड फ्लो तेज हो जाता है। इससे आराम महसूस होता है, क्योंकि आपकी मांसपेशियां शांत होती हैं। पीरियड में हल्का गर्म पानी पीने से दर्द और आने वाली सूजन से बचा जा सकता है। यह शरीर में ऐंठन पैदा करने वाली मांसपेषियों में तुरंत राहत पहुंचाने में मदद करता है। पीरियड में हल्का गर्म पानी पीने से कमर दर्द कम होता है। हैवी ब्लीडिंग की समस्या से भी राहत मिलती है।

**क्या गर्म पानी बॉडी डिटॉक्स करता है?**

शहद और गर्म पानी का मिक्सचर बॉडी का बेस्ट डिटॉक्सिंग एजेंट साबित होता है। नियमित रूप से हल्का गर्म पानी पीने से शरीर के विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और बॉडी में एक्स्ट्रा फैट भी जमा नहीं होता है। वास्तव में गर्म पानी हमारे शरीर के तापमान को बढ़ाकर हमारे हाइपोथैलेमस को सक्रिय करता है, जो गर्मी नियामक के रूप में कार्य करता है। यह प्रक्रिया हमें पसीना निकालने, विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और हमारे शरीर को प्राकृतिक रूप से साफ करने में मदद करती है।

**बढ़ती उम्र को कैसे रोकता है हल्का गर्म पानी?**

लगातार हल्का गर्म पानी पीने से शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं, इससे यह त्वचा की समय से पहले उम्र बढ़ने से रोकता है। इसके अलावा, गर्म पानी पीने से त्वचा की कोषिकाओं की मरम्मत की प्रक्रिया भी तेज होती है। इस नीले ग्रह पर जीवन पूरी तरह पानी पर निर्भर है। एक वयस्क मानव शरीर 60 प्रतिशत तक पानी से बना होता है। यह हमारे शरीर के हर अंग के कार्य के लिए महत्वपूर्ण है, हमारे सबसे महत्वपूर्ण जननांग भी शामिल हैं। हालांकि यह कल्पना भी ज्यादती है कि दिन में कुछ अतिरिक्त गिलास पानी पीने भर से चेहरे की महीन रेखाएं यानी झुर्रियां गायब हो जायेंगी और ढीली त्वचा में निखार आ जाएगा।

**क्या गर्म पानी से पेट दुरुस्त रहता है?**

आहार विषेषज्ञों के मुताबिक सुबह गर्म पानी पीने से पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है। खाली पेट एक गिलास गुनगुना पानी पीने से आपका पाचनतंत्र दुरुस्त रहता है। रोजाना सुबह सुबह पानी पीने की आदत होने से गैस की समस्या और पेट फूलने की समस्या से भी राहत मिलती है। शरीर से विषाक्त पदार्थ भी बाहर निकल जाते हैं। खाली पेट गर्म पानी पीने से भूख भी बढ़ती है। इससे सुबह का नाश्ता करने में परेशानी नहीं होती और भरपूर नाश्ता करने के कारण शरीर में दिनभर ऊर्जा बनी रहती है, थकान भी नहीं लगती।

**जरूरी हैं सावधानियां**

गर्म पानी पीते समय उचित सावधानी जरूरी है ताकि इससे होने वाले नुकसान से बचा जा सके-

1. कभी भी बहुत ज्यादा गर्म पानी न पियें। 2. पानी का तापमान 54 और 71 डिग्री सेल्सियस के बीच सुनिश्चित करें। 3. गर्म पानी को गटकें न धीरे-धीरे पिएं। 4. त्वचा को भाप से दूर रखना चाहिए, क्योंकि इससे थर्मल बर्न हो सकता है।

## आपकी बात

# चुनाव मौसम के वैज्ञानिक

लोकसभा चुनाव से पहले एक बार फिर दल बदल की दौर शुरू होने वाला है। लेकिन इससे हमारा लोकतंत्र वास्तव में कमजोर होता है। राजनीति के इस मूल्यविहीन दौर में दल बदलुओं की पौ बारह है। हर पार्टी दोनों बांह फैलाकर दल बदलुओं का स्वागत करने को तैयार हैं भले ही उसके जमीनी कार्यकर्ता जिन्होंने पांच साल तक मेहनत करके चुनाव लड़ने की तैयारी की है उनका कुछ भी हो जाये। अभी भाजपा से अचानक कई विधायकों का मोह भंग हो गया और उन्होंने पार्टी से इस्तीफा देकर दूसरी पार्टी का दामन थाम लिया है। दरअसल भाजपा ने जब चुनावी नशे में इनको अपना बनाया था तब उसकी गलती थी। इन नेताओं का भाजपा के साथ किसी भी तरह का वैचारिक तालमेल नहीं था फिर भी इनको अपने यहां लिया और सियासी तय-तोड़ में अच्छी कीमत भी दी। पांच साल तक मंत्री रहे, अपने परिजनों को सेटल किया और जब चुनाव आया तो निकल लिये। ये दरअसल इन दल बदलू नेताओं की गलती नहीं बल्कि गलती भाजपा की है कि क्यों उसने ऐसे लोगों को पार्टी में लिया? क्यों उसने ऐसे लोगों को तरजीह दी। दरअसल पार्टी ने विस्तारवाद के नाम पर अपनी छवि को काफी खराब कर लिया। इससे भाजपा को सत्ता और ताकत तो मिली जो पार्टी विथ डिफरेंस की छवि थी वह जाती रही। अब पार्टी को इन हरकतों से बाज आना चाहिए और चुनावी टिकट अपने कार्यकर्ता को देना चाहिए। ऊल-जलूल समझौते भी नहीं करना चाहिए। अगर पार्टी में किसी समाज के लोगों का प्रतिनिधित्व कम है तो उनको टिकट देना चाहिए न कि उस समाज से जुड़ पार्टी से गठबंधन। ऊल-जलूल गठबंधन ने भी भाजपा को बहुत छति पहुंचायी है। आज भाजपा पूरे देश में है। जहां नहीं है वहां अपनी नीतियों, कार्यक्रमों एवं कार्यक्ताओं व काम के जरिए लोगों के दिलोदिमाग में उतरने का प्रयास करे। हमेशा गठबंधन का रास्ता उचित नहीं है। अभी हाल में ही में भजापा के कई गठबंधन साथी छोड़कर चले गये और सभी ने ताकत भाजपा से ही पायी थी। इसलिए अपनी ताकत गंवाने के बजाय हर वर्ग के लोगों, हर समाज के लोगों को अपने साथ जोड़े। भाजपा की सरकारों ने बेहतर काम किया है और उससे सभी वर्गों को लाभ हुआ है। इससे पार्टी की लोकप्रियता बढ़ी है। इसलिए दल बदलुओं के बजाय अपने कार्यकर्ता को आगे बढ़ाना चाहिए।

**आशीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

# महिलाओं की सुरक्षा

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं।

जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सुरक्षा पहली शर्त है। दरअसल किसी भी सरकार का प्रथम दायित्व नागरिकों की सुरक्षा करना ही है। ऐसे में अपराध की बढ़ती घटनाएं, महिला संबंधी अपराधों का दिनोंदिन और क्रूर होते जाना न सिर्फ चिंता की बात है बल्कि इस बात पर भी सवाल उठाता है कि सरकारें महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को रोकने लिए गंभीर हैं भी या यूं ही लंबी चौड़ी बातें ही करती रहती हैं।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## दुकान में आगजनी हड़कम्प

**प्रतापगढ़।** दुकान में अचानक आग लगने से हड़कम्प मच गया। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला बाजार में पुरानी चौकी के बगल पंजाब बीज भण्डार की दुकान है। रविवार की देर शाम दुकान संचलक राममिलन दुकान बंद करके अपने खैरपूरे छेमी चला गया। देर शाम अचानक दुकान के अंदर से धुआ देखा गया तो आस-पास के व्यापारी चीखने चिल्लाने लगे। सूचना पाकर राम मिलन भी मौके पर पहुंचा। फायर बिग्रेड और बाजार वासियों की मदद से आगजनी पर काबू पाया गया। आगजनी में दुकान में रखे सामान नष्ट हो गये।

## दुष्कर्म का आरोपी धराया, गया जेल

**प्रतापगढ़।** दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। लालगंज कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार यादव सोमवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच भदारी कला के शिव बक्स का पुरवा के हनुमान मंदिर के पास पुलिया पर दुष्कर्म का आरोपी जेठवारा थाना के रायपुर खुर्द निवासी आरोपी अजय सिंह पुत्र राम सिंह पुलिस को दिख गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जेल भेजा दिया।

## मारपीट का आरोप जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पीड़िता ने परिवार के दो लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के बासूपुर गांव की नीलम पत्नी जसवत ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते रविवार की शाम पारिवारिक रंजिश को लेकर परिवार के दो लोगों ने उसे मारापीटा। शोर गुल सुनकर बीच बचाव को पहुंचे उसके पति को भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया। एसओ नरेन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिली जांच के बाद उचित कार्यवाई की जायेगी।

## छात्र की चाकू गोदकर हत्या

बरेली। जिले के बिशारतगंज में एक छात्र की चाकू गोदकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि मरने वाले की पहचान बिशारतगंज के वार्ड संख्या आठ के लोहिया नगर निवासी विजय साह (17) के तौर पर की गयी है। विजय 11 वीं का छात्र था। मृतक के भाई अजय ने बताया कि विजय की रविवार को दिन में पड़ोस के दो लड़कों के साथ कहासुनी हो गई थी, रात आठ बजे इन लड़कों ने फोन कर विजय को घर से बाहर बुलाया और अपने साथ लेकर चले गए। पुलिस के मुताबिक अजय ने आरोप लगाया कि जब वे गांव के पास खेत में पहुंचे तब एक आरोपी ने विजय को पकड़ रखा था, और दूसरे ने चाकू से उस पर वार कर दिया, जिससे इस घटना में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। मिश्रा के मुताबिक घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान रविवार की देर रात उसकी मौत हो गयी। अजय की तहरीर पर विशारतगंज थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ओर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# जनपद का प्रत्येक व्यक्ति करेगा रामलला के दर्शन

## प्रत्येक रविवार को निःशुल्क बस सेवा : दिनेश प्रताप सिंह



**रायबरेली।** जनपद वासियों के लिए भगवान राम की जन्म भूमि अयोध्या में बने राम मंदिर दर्शन के लिए प्रत्येक रविवार को निरूशुल्क बस रवाना हो रही है। उक्त जानकारी देते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री दिनेश प्रताप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि जिले के सभी मंडलों से एक-एक बस प्रत्येक रविवार को जाएगी, जिसमें प्रभु श्री राम के निशुल्क दर्शन कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रायबरेली वासी को अयोध्या दर्शन कराने का संकल्प उन्होंने लिया है और जब तक एक-एक व्यक्ति को अयोध्या दर्शन नहीं करा देंगे तब तक यह निशुल्क बस सेवा जारी रहेगी। इस यात्रा के संयोजक विजय कुमार सिंह ने बताया कि सभी लोग अपने मंडल के अध्यक्ष को अपना नाम नोट करवा दें जिससे कि आवश्यकता अनुसार बस की व्यवस्था की जा सके। सभा की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी एवं अन्य पदाधिकारियों ने इस पुनीत कार्य के लिए मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह का माल्यार्पण कर सम्मान किया।सुरेंद्र बहादुर सिंह दाढ़ी ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतिक्षा के बाद अब प्रभु श्री राम मंदिर दर्शन के लिए किसी को भी कोई असुविधा नहीं होगी। इस अवसर पर पूर्व भाजपा अध्यक्ष आरबी सिंह, अजय त्रिपाठी, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी विनोद बाजपेई, मुकेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, दिनेश त्रिपाठी, मुकेश श्रीवास्तव, अनुभव कक्कड़, अरविंद श्रीवास्तव, जिला महामंत्री शरद सिंह, पूर्व जिला महामंत्री विशाल पांडे, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, अखिलेश तिवारी, अभिषेक वर्मा, जनमेजय सिंह, मोहित अग्रवाल, परमजीत सिंह गांधी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

- बलरई थाना क्षेत्र से जुड़ता है तीन जिलों का बॉर्डर

**जसवन्तनगर, इटावा।** लोकसभा चुनावों को देखते हुए पुलिस ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बलरई थाना क्षेत्र में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। संयुक्त बल ने संवेदनशील गाँव से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं।साथ ही आमजन को यह विश्वास दिलाया कि निडर होकर मतदान करें।लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स की कंपनियों की मांग गृह मंत्रालय से की गई थी। चुनाव में पुलिस को सहयोग करने के लिए कंपनिया जिला मुख्यालय पहुंच गई हैं।बलरई थाना क्षेत्र से तीन जिले के बॉर्डर सटे हुए हैं जिसमें से दो रास्ते आगरा जिले के लिए दो फिरोजाबाद जिले के लिए व एक मैनपुरी जिले के लिए जाता है इन सभी बॉर्डर पर चेकिंग की जा रही है। इसके साथ ही अर्द्धसैनिक बलों ने भी पुलिस के साथ मिलकर चेकपोस्ट पर चेकिंग की।यहां से गुजरने वाले सभी वाहनों को चेक किया गया। बॉर्डर चेकपोस्ट पर पुलिस को भी तैनात किया गया है। इस दौरान शराब की तस्करी को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। बॉर्डर की सीमाओं पर लगातार सीसीटीवी कैमरों से भी चेकिंग की जा रही है।

## बीच में पोल लगाने पर एसडीएम से शिकायत

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के ग्राम धरबार में गली के बीचो-बीच विद्युत पोल लगाने को लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी दीपशिखा से शिकायत की है। ग्रामीण महेश चंद्र, राघवेंद्र, श्रीकांत, संजय कुमार, राम अवतार, इंदल सिंह, जगराम, राकेश पाल, ओमप्रकाश, सुग्रीव आदि लोगों ने शिकायत की कि राजू पाल के घर से संजय ठाकुर के घर तक गली आती है, जिसमें गली के बीच में पड़ने वाले घरों के लोगों ने अपने दरवाजे पर सीमेंट की स्लैब डाल रखी है।इसके अलावा इन लोगों ने विद्युत पोल गाड़ने वाले ठेकेदारों से मिलकर रास्ते पर पोल लगवा दिया है, जिससे हम लोगों को भूसा तथा अनाज आदि सामान को ट्रैक्टर से लाने ले जाने में रुकावट आ गई है।हम सभी ने ठेकेदारों से इस बारे में कई बार कहा लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी दीपशिखा से गली को खुलवाने की मांग की है।

# काव्यांजलि में केसरी नंदन के व्यक्तित्व को किया गया नमन



**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ साहित्यकार स्व. केसरी नंदन शुक्ल की स्मृति में काव्य गोष्ठी का अयोजन किया गया। सांगीपुर क्षेत्र के मुरैनी गांव में काव्यांजलि में साहित्यकारों ने स्व. केसरीनन्दन के साहित्य के क्षेत्र में योगदान पर व्यापक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक साहित्यकार यज्ञ नारायण सिंह ने कहा कि स्व. केसरी नन्दन ने साहित्य लेखन के क्षेत्र में नवोदित लेखकों व कवियों को भरपूर प्रेरणा दी है। ओज कवि अंजनी अमोघ ने अपने पिता की स्मृतियों को लेकर पढ़ा- मेरी कविता के बुलंद आवाज है पिता। वही अध्यक्षीय कवि अर्जुन सिंह ने भी स्व. शुक्ल को रचनाधर्मी के रूप में याद किया। संचालन अजीत शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में गुरुवचनसिंह बाघ, बाबूलाल सरल, कृष्ण लाल श्रीवास्तव, राम जी मौर्य, रघुनाथ यादव, अरविंद सत्यर्थी, कलीम अहमद, राजकुमार सिंह, सुनील शर्मा आदि ने भी काव्यपाठ किया।

## अधिवक्ताओं के चुनाव में समिति ने किया मतदाता सूची का सत्यापन

**प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर सोमवार को हुई बैठक में रणनीतिक मथन हुआ। समिति ने चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के मतदाता सूची का सत्यापन किया है। इसके तहत पांच दर्जन से अधिक अधिवक्ताओं के मतदाता सूची में पुनरीक्षण कराये जाने पर सहमति बनी। समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी तेरह मार्च को पुनरीक्षण के दायरे में आने वाले मतदाताओं को समिति की बैठक में बुलाया गया है। वही पन्द्रह मार्च को नये मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किये जाने की भी सहमति बनी है। बैठक का संचालन महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया कि पन्द्रह मार्च के बाद सदस्यता के लिए कोई आवेदन समिति स्वीकार नही करेगी। बैठक में शिवाकांत उपाध्याय, वीरेन्द्र सिंह अगई, अजय शुक्ल गुडडू, राधारमण शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय, रामलगन यादव, टीपी यादव ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर अपने अपने सुझाव रखे।

## कार की टक्कर दो की मौत, एक घायल

गोरखपुर। गोरखपुर जिले के गोरखनाथ क्षेत्र में एक कार की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रामनगर तिराहा के पास एक तेज रफ्तार कार ने तीन युवकों को पीछे से टक्कर मार दी। ग्रोवर ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मोइन (42) और अकील अहमद (38) को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल ताहिर का उपचार किया जा रहा है, उसकी हालत नाजुक बतायी जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी मिला है जिसमें दिख रहा है कि टक्कर लगने से एक युवक करीब 100 फुट दूर जाकर गिरा। एसएसपी ने बताया कि तीनों युवक गोरखनाथ क्षेत्र में स्थित जाहिदाबाद कॉलोनी के निवासी थे। रविवार रात वे खाना खाने के बाद टहलने निकले थे। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद कार का चालक मौके से भाग गया, हालांकि सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने सोमवार को एक शख्स को हिरासत में लिया है।

## किराये को लेकर विवाद , महिला की हत्या

**बलिया।** उजियारपुर गांव में बिहार की रहने वाली एक महिला की किराये के वसूली को लेकर हुए विवाद में हत्या कर दी गयी। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि इस मामले में तीन लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नरही थाना क्षेत्र के उजियारपुर गांव में रविवार शाम को एक नवनिर्मित मकान में एक महिला का शव मिलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त बिहार के बक्सर जिले की रहने वाली खैरुन निशा (56) के रूप में की गई है। खैरुन निशा के सिर पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि महिला की सिर पर प्रहार कर उसकी हत्या की गयी है। उन्होंने बताया कि निशा के बेटे हैदर की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। तिवारी ने बताया कि महिला रविवार को सुबह बक्सर से उजियारपुर गांव में अपने नवनिर्मित मकान में किरायेदारों से किराया वसूल करने के लिए आयी थी। खैरुन्निशा का किराये को लेकर किराएदार से विवाद चल रहा था।

## मतदाता सूची को तैयार करने में दिखेगी पूरी पारदार्शिता : एसडीएम

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर तहसील सभागार में बीएलओ तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीम प्रवीण द्विवेदी ने राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों से मतदाता सूची के वार्ड तथा गांव वार अभियान में सहयोग मांगा। वही एसडीएम ने बीएलओं तथा सुपरवाइजर से मतदान केन्द्रों में प्रबंधों को लेकर आख्या भी दिये जाने के निर्देश दिये। एसडीएम ने बताया कि अब तक रामपुर खास में परिवर्धन के प्राप्त उन्नीस हजार पांच सौ अटठान्वें में आवेदन में से अठारह हजार चार सौ छह स्वीकृत हुये है। वही विलोपन के तहत कुल ग्यारह हजार छह सौ अठारह स्वीकृत किये गये है। इसी तरह संशोधन में दो हजार चौरानवें के सपेक्ष अठारह सौ इक्सठ स्वीकृत तथा तिरसठ अस्वीकृत हुये है। बैठक में कांग्रेस के प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने राजनैतिक दलों को बीएलओं तथा सुपरवाइजर की सूची उपलब्ध कराये जाने का सुझाव रखा। भाजपा के राजेश मिश्र ने छूटे नामों को बढ़ाये जाने पर जोर दिया। सपा के रामधन यादव तथा आम आदमी पार्टी के बृहस्पति पाण्डेय भी सुझाव रखे। बैठक मे तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यवृति प्रस्तुत किया। संचालन निर्वाचन पटल सहायक सुरेश यादव ने किया।

## हापुड़ में सिपाही ने गोली मारकर खुदकुशी की

**हापुड़।** जिले में एक सिपाही ने सोमवार को अपने घर में खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव चित्तोली निवासी जॉनी बाना (35) मुजफ्फरनगर पुलिस लाइन में सिपाही के पद पर तैनात था। वह घर पर आया हुआ था और आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में खुद को गोली मारकर उसने आत्महत्या कर ली। सिपाही के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# चौधरी साहब को सिर्फ भाजपा ने दिया सम्मान : चाहर

**आगरा।** एनडीए गठबंधन में शामिल होने के बाद राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता उत्साहित नजर आ रहे हैं। रविवार को इसकी बानगी साफ दिखाई। फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत रोहता नहर स्थित मैरीगोल्ड मैरिज होम में राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष महेश जाटव की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन के दौरान चौधरी चरण सिंह के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

सम्मेलन में राजकुमार चाहर ने कहा कि एनडीए गठबंधन में शामिल होने के बाद राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकताओं को भाजपा परिवार की तरफ से छोटे भाई की तरह पूरा सम्मान मिलेगा। कार्यकर्ताओं का स्वाभिमान सर्वोपरि होता है, और यही नीति भाजपा की पहचान है। रालोदकी नीतियां सदैव चौ. चरण सिंह से प्रभावित रही हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. जयंत सिंह के पिता चौधरी अजीत सिंह ने अपने पिता के आदर्शों कर चलकर मुकाम स्थापित किया, आज चौधरी जयंत सिंह भी सही जगह पर आकर राजनीति में प्रमुख चेहरे बन रहे हैं। चौधरी चरण सिंह को भाजपा ने हमेशा सम्मान दिया। उनकी नीतियों का अनुसरण किया। उनको भारतरत्न भी भाजपा सरकार में ही मिला है, जबकि विपक्षी पार्टियां उनके नाम कर राजनीतिक रोटियां सेंकती रही।राष्ट्रीय लोकदल के बृज क्षेत्र अध्यक्ष बृजेश चाहर, प्रदेश प्रवक्ता कप्तान सिंह चाहर समेत अन्य वक्ताओं ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि राजकुमार चाहर की जीत, पिछली जीत से बड़ी होगी। राजकुमार चाहर ने अपने संसदीय कार्यकाल में विकास की सौगातें दी गई हैं। सींगना में आलू अनुसंधान केंद्र की स्थापना से लेकर हर घर नल योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं सांसद चाहर की मेहनत का नतीजा हैं। किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उन्होंने पार्टी का पक्ष किसानों के समक्ष मजबूती से रखा है। आगामी दिनों में राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर जाकर गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में कार्य करेंगे। राजकुमार चाहर की जीत इस बार 8 लाख वोटों से अधिक होगी।

# चोरी करने की फिराक में पकड़ी गयीं तीन महिलाएं

जिला संवाददाता (vol)



**इटावा।** पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुये तीन महिला अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। कब्जे से चोरी हुये कपडे का झोला, 4 मदार्ना पर्स, 2 लेडीज पर्स, 2 छोटी टार्च, 2 छोटी कैंची, 2 हाफ ब्लेड, सफेद धागे की रील व 3250 रुपए किये बरामद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सोमवार को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा शास्त्री चैराहा पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि काजी पैट्रोल पम्प के बगल में भरथना ओवरब्रिज के नीचे तीन महिलाएं बैठी है, जो चोरी करने की योजना बना रही है। सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुये तीनों महिला अभियुक्तों को भरथना ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग रेलवे स्टेशन तथा टैम्पों आदि में बैठकर भीड-भाड में घुसकर लोगो की जेब काटती है व टैम्पों में बैठी महिलाओं के बैग में रखे जेवरात व पर्स भी चुरा लेती है तथा चोरी किया सामान भी हमने रेलवे स्टेशन इटावा व इकदिल के भीड-भाड वाले स्थानों से चोरी किया है। उन्होंने अपने नाम अनीरा देवी पत्नी राजवीर, गुडिया देवी पत्नी अर्जुन पासवान, पायल उर्फ प्रीती पुत्री मुकेश कुमार निवासी ग्राम सहारा थाना बिछवा जनपद मैनपुरी बताया। एसएसपी संजय कुमार ने बदमाशों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में शामिल प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विक्रम सिंह चैहान, एसआई राजेश कुमार मौर्य, हे.का. शमशुल हसन, सुशीला देवी आदि की सराहना की।

# विसटा लाइड केयर का हुआ उद्घाटन




**इटावा।** विसटा लाइड केयर प्रा. लि. की ओर से कंपनी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सराय दयानत स्थित ईसीए अध्यक्ष सर्वेश सिंह चैहान के द्वारा किया गया। विसटा के डायरेक्टर मुजीब उल्लाह ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए आर्थो हम कैप्सूल के बारे में बताया कि घुटने में दर्द, जोड़ों में दर्द, गठिया सूजन, अकड़न, स्लिप डिस्क साइटिका, सर्वाइकल दर्द व कैल्शियम की कमी आदि रोगों में अति लाभदायक है।

उन्होंने बताया कि टैबलेट मूल्यवान जड़ी बूटी व भस्मों से निर्मित है व तेल शिलाजी लिक्विड के गुणों से भरपूर है। कैल्शियम पाउडर शरीर में कैल्शियम की माया की पूर्ति कर ताकत, ऊर्जा का संचार को बढ़ाता है गठिया रोग में सहायक शरीर में होने वाल दर्दो को खतम कर घुटनों में कैल्शियम की कमी को पूरा कर ताकत प्रदान करता है। डर्मा क्रीम दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा व फंगल इन्फेक्शन में अतिलाभदायक होती है। कॉन्स्टि रूट पाउडर पुरानी कब्ज, एसिडिटी गैस, पेट दर्द, खराब पाचन व आंतों की सफाई करने में अति लाभदायक रहता है। ब्रेन प्रो कैप्सूल चिंता, डिप्रेशन, तनाव ब्लड प्रेशर मानसिक कमजोरी मिर्गी के दौरे आना यादास्त की कमी व नींद न आना व दिमाग की नसों को शान्त करने में अति लाभदायक रहता है। लीव सिरप लिवर में सूजन सिरोसिस अल्सर, पीलिया हेपेटाइटिस वायरस पेट की गर्मी दूर रहती है। वार्ता के दौरान डायरेक्टर ऑफीशल डा. एजाज खान मौजूद रहे।

## मंगल मिलन आज

**इटावा।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाला साप्ताहिक मंगल मिलन सत्संग आज मंगलवार 12 मार्च को शाम 6 बजे से लालपुरा तिराहा स्थित हनुमान मन्दिर में आयोजित किया जा रहा है। संयोजक देवेश शास्त्री ने सभी धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया कि वे समय से पहुंचकर सत्संग का लाभ प

# उचित दर की दुकान उचित स्थान पर बने

**इटावा।** ग्राम सभा की खुली मीटिंग में प्रस्ताव हुए मनमाने तरीके से उचित दर की दुकान का निर्माण रोके जाने का शिकायत पत्र जिला अधिकारी को संबोधित अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मलखान सिंह को कर्तव्य एवं जन अधिकार आंदोलन के संयोजक विनोद सिंह चैहान के नेतृत्व में सौंपा गया।

शिकायत पत्र में कहा गया है की एक ग्राम सभा में बख्तियारपुर अंहकारीपुरा माखनपुर सम्मिलित है पंचायत घर बख्तियारपुर में बना है जहां सुविधा पूर्वक उचित दर की दुकान बनाई जा सकती है ग्राम प्रधान मजरा माखनपुर का निवासी है इसलिए वह अपने स्वार्थवश उचित दर की दुकान ग्राम पंचायत घर से एक किलोमीटर दूर अपने ही गांव में बनवाना चाहता है जो कि जनहित में नहीं है ग्राम प्रधान ने इसके लिए ग्राम सभा की कोई खुली मीटिंग नहीं कराई जो कि लोकतांत्रिक परंपरा के खिलाफ है जबकि मुख सड़क पर ग्राम सभा बख्तियारपुर में इटावा फरुर्खाबाद रोड के किनारे गाटा संख्या 493 व 478 ख खाली भूमि पड़ी है। जो की उचित दर की दुकान के लिए उपयुक्त है क्योंकि यह स्थान ग्राम पंचायत क्षेत्र के केंद्र में है पंचायत घर के पास भी गाटा संख्या 531 खाली पड़ा है उचित दर की दुकान यहां भी जनहित में हो सकती है इस संबंध में ग्राम सभा के लोगों ने एक शिकायत पत्र उप जिलाधिकारी जी को भी दिया था जिसकी शिकायत अभी तक इंस्पेक्टर खाद्य विभाग के यहां लंबित पड़ी है ऐसी स्थिति में ग्राम प्रधान अपनी मर्जी से दुकान अपने गांव में बनवा लेगा जो कि जनहित में नहीं है लोगों ने शिकायत में जिलाधिकारी से निवेदन किया है कि इस समस्या का समाधान शीघ्र कराया जाए। शिकायत पत्र देते समय धीरेंद्र यादव, दीपक राज, शैलेंद्र प्रताप, राजेंद्र सिंह, शिवानंद पासवान, बीके कुलश्रेष्ठ, बलवीर कठेरिया, महेश चौहान, राधा कृष्ण लोग मौजूद रहे।

# कुस्ती पर जयवीर, बल्लू पहलवान के बीच रहा बराबरी का मुकाबला

**चकरनगर, इटावा।** चंबल घाटी में प्रसिद्ध महाभारत कालीन सिद्धनाथ मंदिर की धरती पर दूसरे दिन का आखाडा बेहद रोचक रहा। उक्त मल्लयुद्ध में करीब एक सैकड़ा जोड़ कराए गए। जिसमें कोई पहलवान जीता, तो किसी का बराबरी का मुकावला रहा। सभी पहलवानों के उचित ईनाम से नबाजा गया। इस दौरान पुलिस की चाक चैबंद व्यवस्था देखने को मिली।

चकरनगर के सहसों के सिद्धनाथ मंदिर पर चल रहे दो दिवसीय दंगल के दूसरे दिन ब्रजेंद्र सिंह यादव ने दंगल कुस्ती का हाथ मिलाकर शुभारंभ किया। जिसमें प्रदीप दिल्ली ने रवि आगरा, आशीष झांसी ने मंजेश रौन, विनोद मेहगाव ने राकेश आगरा, गुड्डू धौलपुर ने किशन चैरसिया मुरैना, गोलू मिटहटी ने रवि बिठौंद, राहुल आगरा ने भरत अकबरपुर को पछाड़ा। इसी क्रम में देवेन्द्र बराहा आगरा का जीतू ग्वालियर, महपाल बड़ा गांव आगरा का लज्जाराम मुरैना, भरत मुरैना का भोला भिंड, भूपेंद्र मुरैना का रवि फिरोजाबाद से बराबरी का मुकाबला रहा। बल्लू भिंड का झंडा कुस्ती पर जयवीर शेरपुर से बराबरी का मुकाबला रहा। दंगल का समापन प्रभारी निरीक्षक सहसों रण बहादुर सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान दंगल कमेटी में आलोक दुबे, रविन्द्र सिंह चैहान, बिजय बहादुर कुशवाह, राम महेश दुबे, अवनीश कुमार तिवारी, अरविंद तिवारी, अखिल तिवारी, देशराज यादव, रामकेश यादव, नरेन्द्र यादव, राजेंद्र कनौजिया, कैलाश मिश्रा, अमोल डीलर, विजय बहादुर यादव, नगेन्द्र पाल, कौशलेन्द राजावत, गुलशन दोहरे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वर्षों बाद मिले तो बोल अब न छोड़ेंगे साथ

- जीआईसी के पूर्व छात्रों का हुआ पुनर्मिलन



**इटावा।** बीते दिवस शहर के एक होटल में गवर्नमेंट इंटर कॉलेज इटावा के एक पूर्व छात्रों का पुनर्मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ष 1991 हाई स्कूल बैच के छात्र एकजुट हुए। कार्यक्रम में जिले में रह रहे इन पूर्व छात्रों के साथ दिल्ली मुंबई ग्वालियर आदि शहरों में कार्यरत पूर्व छात्रों ने भी हिस्सा लिया। लगभग 33 साल बाद वह एक दूसरे को देखकर छात्र जीवन को याद करते हुए भावुक दिखाई दिए।

इस कार्यक्रम में वह पूर्व छात्र शामिल थे जो वर्ष 1993 मैं इंटर करने के साथ ही एक दूसरे से बिछड़ गए थे। इस पुनर मिलन कार्यक्रम में वर्षों बाद जब वह एक दूसरे के सामने पहुंचे तो उन्हें छात्र जीवन की यादें ताजा हो गयीं। कार्यक्रम में सब ने अपने 33 साल के अनुभवों को आपस मैं बांटा और गले लगकर जीवन भर एक दूसरे के सुख-दुख में साथ रहने की बात कही। जिले से बाहर रह रहे साथियों ने इस अनूठी पहल के लिए अपने मित्र डॉ आशीष दीक्षित, अनुज निगम, अंशुमान अग्रवाल, विक्रम सिंह, पुष्कल दुबे, मनोज यादव, बृजेश सक्सेना व राजेश यादव की तहे दिल से सराहना की। इस पुनर मिलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिल्ली से अरुण माथुर, सुनील दुबे, बेंगलुरु से संतोष दुबे, आगरा से विपिन परिहार, मैनपुरी से राम सिंह भदोरिया शामिल होने शहर पहुंचे। इसके साथ ही कार्यक्रम में पूर्व जीआईसी छात्र आशीष अग्रवाल, अजय यादव, अनुराग पचोरी, अशोक त्रिपाठी, मनदीप सिंह, डॉ लोकेश, डॉ मोहित श्रीवास्तव, नीरज जैन, राकेश पालीवाल, संजीव वर्मा, वशिष्ठ दुबे शरद बाजपेई, बॉबी धनगर, मनोज तिवारी, तपेश चतुवेर्दी संजय मिश्रा, अनुज वर्मा, संजीव पोरवाल, अमित दत्त चतुवेर्दी, नरेंद्र सिंह, शिवाकांत दीक्षित सुशांत यादव, प्रेम कोस्टा आदि शामिल रहे।

**क्षेत्रीय कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., चित्रकूटधाम, मण्डल बाँदा**

पत्रांकःपी.सी.एफ./क्षे.का./प्रा.स./ई-टेण्डर/2023-24/924 दिनांकः-11.03.2024

**अल्पकालीन पुनः ई-टेण्डर-नोटिस**

पी.सी.एफ. में रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले गेंहू को जिलाधिकारी, महोदय द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों पर क्रीत गेंहू के **हैण्डलिंग कार्य हेतु** चित्रकूटधाम, मण्डल बांदा के जनपद **बांदा एवं हमीरपुर** के नये अनुमोदित क्रय केन्द्रों हेतु पुनः ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https/etender. up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी क्षेत्रीय प्रबन्धक पी.सी.एफ. चित्रकूटधाम, मण्डल बांदा के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं.-8765985022 पर की जा सकती है।

**प्रशान्त त्रिवेदी**
**वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक**
**पी.सी.एफ. चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा**

संक्षेप

## संविधान बदलने को हो रही 400 पार की बात

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनंत कुमार हेगड़े के बयान को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा पर सामाजिक न्याय एवं धर्मनिरपेक्षता का विरोधी होने का आरोप लगाया और दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में 400 सीट की बात जा रही है, ताकि संविधान बदला जा सके। भाजपा सांसद हेगड़े ने रविवार को कहा था कि प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने के लिये भाजपा संविधान में संशोधन करेगी। उन्होंने लोगों से लोकसभा में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत देने का आह्वान किया था, ताकि देश के संविधान में संशोधन किया जा सके। भाजपा ने हेगड़े के बयान को उनका निजी विचार करार दिया है। प्रधानमंत्री एक तरफ बात करते हैं कि संविधान नहीं बदलेगा, लेकिन अपने लोगों से कहलवाते हैं कि 400 सीट दो, ताकि संविधान बदला जा सके। उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा, ये लोग सामाजिक न्याय के खिलाफ हैं, संविधान में धर्मनिरपेक्षता शब्द के खिलाफ हैं...इनकी मानसिकता बुरी है और इससे देश में हंगामा मचेगा।

## मांगें पूरी न होने पर चुनाव के बहिष्कार की धमकी

गोपेश्वर (उत्तराखंड)। जोशीमठ में भूमि धंसाव से प्रभावित लोगों ने उत्तराखंड सरकार की पुनर्वास नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और 15 दिन के भीतर उनकी मांगों पर कार्वाई नहीं होने की स्थिति में आम चुनाव का बहिष्कार करने की धमकी दी। मूल निवासी स्वाभिमान संगठन के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने हल, दरांती और कुदाल लेकर रविवार को जोशीमठ में रैली निकाली और उपमंडल कार्यालय में सार्वजनिक बैठक की। उन्होंने उप-विभागीय मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में जोशीमठ में भूमि धंसाव की समस्या के लिए उपचारात्मक उपाय शुरू करने, पुनर्वास नीति में संशोधन और प्रभावित लोगों के लिए विस्थापन भत्ता सहित 15 मांगों की एक सूची शामिल है। संगठन के अध्यक्ष भुवन उनियाल ने कहा, भूमि धंसने से खेती, पशुपालन, बागवानी और आजीविका के अन्य पारंपरिक साधन बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हम चाहते हैं कि राज्य सरकार अपनी पुनर्वास नीति को संशोधित करे और प्रभावित लोगों को शहर के भीतर ही सुरक्षित क्षेत्रों में भेजे।

## मिजोरम में काम कर रहे 3,300 फर्जी कर्मचारी

आइजोल। मिजोरम में कम से कम 3,365 सरकारी कर्मचारियों ने अपनी जगह दूसरे लोगों को काम पर लगाया है जो अवैध रूप से विभिन्न विभागों में उनकी जगह सेवा दे रहे हैं। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों ऐसा ज्यादा देखा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पिछले साल दिसंबर में सत्ता संभालने के तुरंत बाद, मुख्यमंत्री लालदुहोमा के नेतृत्व वाली जोरम पीपुल्स मूवमेंट सरकार ने स्थानापन्न कर्मचारियों के बारे में जानकारी मांगी थी और जनवरी तक रिपोर्ट सौंपने को कहा था। अधिकारियों ने बताया कि अब तक की जानकारी के मुताबिक स्कूली शिक्षा विभाग में सबसे अधिक 1,115, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग में 624 और बिजली विभाग में 253 लोग मूल कर्मचारियों की जगह काम कर रहे हैं। मिजोरम में राज्य सरकार के लगभग 50 हजार कर्मचारी हैं।

## अग्रिम जमानत देने से कोर्ट का इनकार

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की भर्ती और संपत्तियों को पट्टे पर देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन मामले में अग्रिम जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। खान उस समय वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष थे। न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा ने कहा कि इस स्तर पर अग्रिम जमानत का कोई आधार नहीं बनता है। आदेश की विस्तृत प्रति की प्रतीक्षा है। ओखला विधायक ने मामले में अपनी अग्रिम जमानत अर्जी सुनवाई अदालत में खारिज हो जाने के बाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। धन शोधन का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी और दिल्ली पुलिस की तीन शिकायतों पर आधारित है। ईडी ने विधायक के परिसरों पर छापे मारे थे।

# भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए राहुल कस्वां



नयी दिल्ली। राजस्थान के चुरू क्षेत्र से लोकसभा सदस्य राहुल कस्वां सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस में शामिल हो गए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। खरगे ने पार्टी में उनका स्वागत किया। इस मौके पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी मौजूद थे। भाजपा द्वारा लोकसभा टिकट काटे जाने के बाद कस्वां ने यह कदम उठाया है। कांग्रेस में कस्वां का स्वागत करते हुए खरगे ने कहा, पार्टी में शामिल होने पर मैं राहुल कस्वां जी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। मुझे खुशी है कि सामंतवादी लोगों के खिलाफ लड़ने वाले राहुल कस्वां जी कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा, अगर ऐसी विचारधारा के लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ते गए तो भाजपा कहीं की नहीं रहेगी। भाजपा डराने-धमकाने जैसा काम हमेशा से करती आई है लेकिन हमें राहुल कस्वां जी जैसे लोगों की जरूरत है। खरगे के अनुसार, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं अशोक गहलोत, सचिन पायलट तथा कुछ अन्य लोगों से बातचीत एवं सहमति बनाने के बाद कस्वां को पार्टी में शामिल करने का फैसला हुआ। कस्वां ने कहा, अपने लोकसभा क्षेत्र चुरू की जनभावनाओं के अनुरूप आज मैं कांग्रेस पार्टी में शामिल हुआ हूं। इस मौके पर मैं खरगे जी, सोनिया गांधी जी और राहुल गांधी जी का धन्यवाद करता हूं। भाजपा सरकार में लगातार किसानों की आवाज को अनसुना किया जा रहा है। कई और ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें देखते हुए आज कांग्रेस परिवार से जुड़ा हूं। कांग्रेस पार्टी में रहकर मैं जनता के हित में काम करता रहूंगा। कांग्रेस में शामिल होने से पहले कस्वां ने भारतीय जनता पार्टी और संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, 'राम-राम मेरे चूरू लोकसभा परिवार.....मेरे परिवारजनोंउ आप सब की भावनाओं के अनुरूप, मैं सार्वजनिक जीवन का एक बड़ा फैसला लेने जा रहा हूं। राजनीतिक कारणों के चलते आज इसी समय, मैं भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं संसद सदस्य पद से इस्तीफा दे रहा हूं। कस्वां ने कहा, 'समस्त भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं अमित शाह का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने मुझे 10 वर्षों तक चूरू लोकसभा परिवार की सेवा करने का अवसर दिया। विशेष आभार मेरे चूरू लोकसभा परिवार का, जिन्होंने मुझे सदैव बहुमूल्य साथ, सहयोग और आशीर्वाद दिया।

# लोकसभा चुनाव अच्छाई और बुराई के बीच की लड़ाई: नकवी



बहरामपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को आगामी लोकसभा चुनाव की महाभारत से तुलना करते हुए कहा कि चुनाव अच्छाई और बुराई तथा न्याय एवं अन्याय के बीच की लड़ाई होगी। पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस लड़ाई को जीतेंगे क्योंकि वह देश की सुरक्षा, समृद्धि और सभी के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का प्रतिनिधित्व करते हैं।

उन्होंने कहा, मोदी जी ने पांडवों की तरह ही न्याय, नैतिकता और सच्चाई का ध्वज धारण कर रखा है। उन्होंने नकली धर्मनिरपेक्ष लोगों के राजनीतिक पूर्वाग्रह को सभी के लिए समान विकास को प्राथमिकता देकर बदल दिया है। हालांकि, कौरव भारत के वैश्विक गौरव को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा नेता जिला मुख्यालय बहरामपुर पर पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन, कोर कमेटी और चुनाव प्रबंधन समिति और अन्य चुनाव संबंधी कार्यक्रम की बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रगति के रास्ते से सभी बाधाओं को दूर करके मोदी देश की दिव्यता और गरिमा को बनाए हुए हैं। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए, नकवी ने कहा कि वंशवाद का गिरोह लोकतंत्र के गौरव का अपहरण नहीं कर सकता। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी इंडिया गठबंधन पर हमला करते हुए नकवी ने कहा कि कांग्रेस का गोदी गिरोह भ्रष्टाचारियों का गठजोड़ बन गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मोदी का करिश्मा हर किसी पर हावी रहेगा। नकवी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय ने भाजपा को हराने के अपने फैशन (चलन) को भाजपा का समर्थन करने के पैशन (जुनून) में बदल दिया है।

# शरजील इमाम की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजद्रोह और गैरकानूनी गतिविधियों (यूएपीए) के आरोपों समेत वर्ष 2020 के सांप्रदायिक दंगों के मामले के संबंध में जमानत देने का अनुरोध करने वाले छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम की याचिका पर सोमवार को पुलिस से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने इमाम की जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ उसकी याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। आरोपी की ओर से पेश वकील ने कहा कि निचली अदालत ने उसे गलत तरीके से जमानत देने से इनकार कर दिया जबकि वह इस मामले में दोषी ठहराए जाने की सूरत में मिलने वाली अधिकतम सजा की आधी से अधिक अवधि जेल में काट चुका है। अभियोजन के अनुसार, इमाम ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिलिया इस्लामिया और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में भाषण दिए जहां उसने असम तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र को देश के बाकी हिस्सों से अलग करने की धमकी दी। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने इस मामले में इमाम पर मुकदमा दर्ज किया। शुरुआत में राजद्रोह के अपराध में मुकदमा दर्ज कया गया और बाद में विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 13 हटा ली गयी।

# निर्वाचन आयुक्त गोयल के इस्तीफा देने से संवैधानिक संकट पैदा हो गया है : चिदंबरम



चेन्नई। कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम ने सोमवार को कहा कि निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल के अचानक इस्तीफा देने से एक संवैधानिक संकट पैदा हो गया है और केंद्र ने अभी तक इस मामले पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

कार्ति ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि एक संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के इस्तीफा देने को लेकर कोई संवाददाता सम्मेलन नहीं किया गया और न ही कोई वजह बतायी गयी। उन्होंने कहा कि एक परिपक्व लोकतंत्र में अगर संवैधानिक पद पर बैठा कोई वरिष्ठ पदाधिकारी इस्तीफा देता है, तो कम से कम इस्तीफे की वजह बताने के लिए कोई संवाददाता सम्मेलन होगा या कोई बयान जारी होगा। उनके अचानक इस्तीफा देने से एक संवैधानिक संकट पैदा हो गया है और सरकार ने इस पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह दुख की बात है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले यह हुआ है। शक्तियों के हस्तांतरण और उपकर लगाने जैसे मुद्दों पर उन्होंने कहा कि केंद्र, राज्य सरकारों के अधिकारों का सम्मान नहीं करता है। संविधान में संशोधन करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के पास संसद में दो-तिहाई बहुमत होने की आवश्यकता संबंधी भाजपा सांसद अनंतकुमार हेगड़े के बयान पर उन्होंने कहा कि ऐसे सभी कारकों ने देश में खतरनाक स्थिति पैदा कर दी है। कार्ति ने आरोप लगाया कि भाजपा सांसद ने यह नहीं बताया कि उनकी पार्टी क्या करना चाहती है।

# महुआ मोइत्रा की याचिका पर मई में होगी सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर मई में सुनवाई करेगा जिसमें उन्होंने लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती दी है।

उनकी याचिका न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आयी। मोइत्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि उनका इस मामले में लोकसभा महासचिव द्वारा दाखिल जवाबी हलफनामे पर प्रत्युत्तर दाखिल करने का इरादा नहीं है। पीठ ने कहा, छह मई से शुरू होने वाले सप्ताह में एक गैर-विविध दिन की सूची बनाएं। याचिकाकर्ता (मोइत्रा) के वकील का कहना है कि उनका प्रत्युत्तर दाखिल करने का इरादा नहीं है। शीर्ष अदालत ने तीन जनवरी को निष्कासन को चुनौती देने वाली मोइत्रा की याचिका पर लोकसभा महासचिव से जवाब मांगा था। पीठ ने उनके अंतरिम अनुरोध पर आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने अदालत से लोकसभा की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। लेकिन न्यायालय ने यह कहते हुए कि इसकी अनुमति नहीं दी कि यह उन्हें मुख्य राहत देने के समान होगा। शीर्ष अदालत ने लोकसभा अध्यक्ष और सदन की आचार समिति को नोटिस जारी करने से भी इनकार कर दिया था।

# चार दशकों का सबसे भीषण सूखा : शिवकुमार



बेंगलुरु। बेंगलुरु में पानी की भारी कमी के बीच, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि राज्य में पिछले तीन-चार दशक में इतना भीषण सूखा नहीं देखा गया और आगामी दो महीने अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने कहा कि प्रशासन इस संकट से निपटने और नागरिकों को पानी की आपूर्ति के लिए सभी प्रयास कर रहा है और शहर में जल माफिया को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने पिछले 30-40 साल में ऐसा सूखा नहीं देखा। सूखा पहले भी पड़ा था लेकिन हमने कभी इतनी बड़ी संख्या में तालुकाओं को सूखा-प्रभावित घोषित नहीं किया। बेंगलुरु में विकास के प्रभारी शिवकुमार ने कहा कि शहर में जहां कहीं भी कावेरी नदी के पानी की आपूर्ति की जानी है, वहां की जा रही है, लेकिन बेंगलुरु में करीब 13,900 बोरवेल में से लगभग 6,900 बोरवेल काम नहीं कर रहे। उन्होंने कहा, इसलिए स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, हमने पानी की आपूर्ति के वास्ते टैंकर की व्यवस्था की है। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) और बेंगलुरु जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोड इस संबंध में सभी प्रयास कर रहे हैं। कर्नाटक ने 240 तालुकाओं में से 223 को सूखा प्रभावित घोषित किया है, जिनमें से 196 को गंभीर रूप से सूखा प्रभावित के रूप में वर्गीकृत किया गया है। शिवकुमार ने विपक्ष (भारतीय जनता पार्टी एवं जनता दल-सेक्युलर) पर इस मुद्दे को लेकर राजनीति करने की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने जल माफिया को नियंत्रित करने और निजी बोरवेल से पानी लेकर उपलब्ध कराने के प्रयास किए हैं तथा पानी के टैंकर द्वारा तय की जाने वाली दूरी के आधार पर दरें तय की गई हैं। उन्होंने कहा, इसके लिए एक अलग ऑनलाइन प्रणाली लाई गई है और इसकी निगरानी के लिए अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। जल संसाधन मंत्री शिवकुमार ने कहा कि अगले दो महीने अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि पानी की बर्बादी न हो। उन्होंने कहा, कावेरी (परियोजना के) पांचवें चरण को लागू करके हम मई के आखिरी सप्ताह तक (बेंगलुरु के आसपास के) 110 गांवों को कावेरी का पानी उपलब्ध कराने के लिए सभी प्रयास करेंगे। शिवकुमार ने कहा कि जल माफिया को नियंत्रित करने के लिए अब तक।,500 से अधिक निजी टैंकर का पंजीकरण किया गया है और अन्य के पंजीकरण के लिए समय सीमा 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, बीबीएमपी और बीडब्ल्यूएसएसबी इसकी निगरानी करेंगे और टैंकरों पर पंजीकरण संख्या वाला एक बोर्ड होगा।

# आतिशी ने दी सड़कों की गुणवत्ता में सुधार की परियोजनाओं को मंजूरी



नयी दिल्ली। दिल्ली की लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निगम बोध घाट से चंदगी राम अखाड़ा सिग्नल तक रिंग रोड के उन्नयन के लिए मंजूरी दी है। सोमवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक लोक निर्माण विभाग मिशन मोड में काम कर रहा है। इसमें कहा गया कि हाल में स्वीकृत परियोजनाओं के तहत, निगम बोध घाट से चंदगी राम अखाड़ा सिग्नल तक रिंग रोड का उन्नयन किया जाएगा और इसकी गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा।

आतिशी ने हाल ही में सड़कों की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य ऐसी सड़कों का निर्माण करना है जिससे यात्रियों की सुरक्षा में कोई कमी नहीं रहे। उन्होंने कहा कि सड़कों के बुनियादी ढांचे में सुधार करने और इसे आकर्षक बनाने के लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ये परियोजनाएं दिल्ली के नागरिकों को विश्वस्तरीय सड़क बुनियादी ढांचा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। रिंग रोड का उन्नयन ऐसी सड़कें बनाने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है...इन सड़कों के मजबूत होने से लाखों यात्रियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, भीड़-भाड़ कम होगी और आवागमन भी आसान होगा। आतिशी ने कहा कि इन सड़कों का निर्माण बहुत पहले किया गया था और धीरे-धीरे इनकी गुणवत्ता खराब होती गई। ऐसे में पीडब्ल्यूडी ने विशेषज्ञों की सहायता से सड़कों का गहन मूल्यांकन किया जिसके बाद इन सड़कों के उन्नयन का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सरकार दिल्ली की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है।

## पेज एक का शेष

### मिशन दिव्यास्त्र

महिला हैं और इसमें महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। हथियार प्रणाली स्वदेशी एवियोनिक्स सिस्टम और उच्च सटीकता वाले सेंसर पैकेज से लैस है। यह क्षमता भारत के बढ़ते प्रौद्योगिकीय कौशल का भी प्रतीक है। अग्नि-5 की मारक क्षमता 5,000 किलोमीटर है और इसे देश की दीर्घकालिक सुरक्षा जरूरतों को देखते हुए विकसित किया गया है। यह मिसाइल चीन के उत्तरी हिस्से के साथ-साथ यूरोप के कुछ क्षेत्रों सहित लगभग पूरे एशिया को अपनी मारक सीमा के तहत ला सकती है। अग्नि। से 4 मिसाइलों की रेंज 700 किमी से 3,500 किमी तक है और पहले ही तैनात की जा चुकी हैं। भारत पृथ्वी की वायुमंडलीय सीमाओं के भीतर और बाहर दुश्मन देशों की बैलिस्टिक मिसाइल को भेदने की क्षमताएं विकसित कर रहा है।

### लखनऊ के विकास

सेतु का शिलान्यास हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज लखनऊ नगर के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। लखनऊ नगर के चारों ओर 5500 करोड़ से 104 किमी की आठ लेन की आउटर रिंग रोड का लोकार्पण किया जा रहा है। यह कॉरिडोर प्रारंभ होने जा रहा है। रक्षा मंत्री ने अपील की कि कानपुर हाईवे से हरदोई मार्ग तक केवल 15 दिन हल्की गाड़ियां ही चलें, भारी वाहन बिल्कुल भी नहीं। आउटर रिंग रोड चालू होने के बाद अनुमानतः एक लाख वाहन प्रतिदिन बाहर ही बाहर निकल जाएंगे। नगर वासियों को जाम से मुक्ति मिल जाएगी। यह आउटर रिंग रोड नगर निगम की वृहद आर्थिक उन्नति की गति को तेज करेगा। इसके किनारे कई योजनाएं प्रस्तावित हैं। लखनऊ-कानपुर हाईवे के अंतर्गत छह लेन की 66 किमीण लंबे एक्सप्रेसवे का तेजी से निर्माण हो रहा है। बनी तक कानपुर हाईवे को छह लेन चौड़ा किया जा चुका है। अगले वर्ष एक्सप्रेसवे निर्माण पूरा होने पर लखनऊ से कानपुर की दूरी 40-45 मिनट में पूरी होगी। इसी के साथ पर्यटकों के लिए होटल इंडस्ट्री व हॉस्पिटल इकाइयां होंगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि उप्र के लोगों ने कल्पना नहीं की होगी कि ब्रह्मोस मिसाइल यूपी की धरती पर बनेगी। यह काम भी बहुत जल्द पूरा हो जाएगा।

### देशभर में

संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। एक दिन बाद ही इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति मिल गई थी। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी। ऐसे अल्पसंख्यक, 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हों। इससे पहले भारत की नागरिकता हासिल करने के लिए किसी भी व्यक्ति को कम से कम 11 साल तक भारत में रहना जरूरी था। नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के अंतर्गत इस नियम को आसान बनाया गया है। नागरिकता हासिल करने की अवधि को 1 से 6 साल किया गया है। सीएए को लेकर देश में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली थीं। कई राजनीतिक दलों ने भी इसका विरोध किया था। उस वक्त केंद्र सरकार इसे लागू करने का मन बना चुकी थी, लेकिन कोरोना के चलते सीएए अधर में लटक गया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में 200 से अधिक जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं। इन सबके बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यह कहते रहे कि सीएए हर सूरत में लागू किया जाएगा। कोविड-19 महामारी के कारण इस अधिनियम को लागू करने में देरी हुई है। जो लोग सोचते हैं कि ऐसा नहीं होगा, वे गलत साबित होंगे।

### यूपी में अलर्ट,

के निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की है। साथ ही पूरे यूपी में पुलिस को फूट पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पूरे राज्य में फुट पेट्रोलिंग के साथ ही प्रदेश में सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी करने का भी निर्देश दिया गया है। वहीं, सोशल मीडिया पर भी डीजीपी मुख्यालय से पैनी नजर बनाई जाएगी। डीजीपी कार्यालय ने कहा है कि इस कानून से किसी की नागरिकता नहीं जाएगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट पर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### चुनावी बॉण्ड

से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने एसबीआई की उस याचिका पर सुनवाई की जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाए जाने का अनुरोध किया गया था। पीठ ने एक अन्य याचिका पर भी सुनवाई की जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कहा कि अर्जी में एसबीआई की दलीलों से पर्याप्त संकेत मिलता है कि न्यायालय ने जिस जानकारी का खुलासा करने का निर्देश दिया था वह आसानी से उपलब्ध है। उसने कहा, उपरोक्त चर्चा के मद्देनजर, 30 जून, 2024 तक चुनावी बॉण्ड की खरीद और उन्हें भुनाए जाने के विवरण को सार्वजनिक करने की समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध करने वाली एसबीआई की याचिका खारिज की जाती है। पीठ ने कहा, एसबीआई को 12 मार्च को कामकाजी घंटों की समाप्ति तक विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया जाता है। उसने कहा, जहां तक ईसीआई (भारत निर्वाचन आयोग) का संबंध है, हम निर्देश देते हैं कि ईसीआई जानकारी संकलित करेगा और 15 मार्च, 2024 को शाम पांच बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर विवरण प्रकाशित करेगा।

### निर्वाचन आयोग ने

प्रतिभाग किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्भीक, प्रलोभनमुक्त, सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिशा निर्देश दिये गये। आयोग द्वारा प्रयुक्त होने वाले आईटी एप्पलीकेशन एवं ईवीएम तथा वीवीपैट से संबंधित जानकारी व निर्देश भी दिए गये। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा, चन्द्रशेखर, श्री कुमार विनीत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### हाईटेंशन तार

घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी और 11 लोग झुलस गये। सूचना मिलते ही जिले के वरिष्ठ अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये।

जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी मौके पर हैं और उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राहत और बचाव का कार्य जारी है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, जनपद गाजीपुर में एक दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। योगी ने कहा मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तथा उनके निःशुल्क उपचार के निर्देश दिए हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

### विकास कार्यों से

एक्सप्रेस-वे भारत का पहला एलिवेटेड 8-लेन एक्सेस कंट्रोल शहरी एक्सप्रेस-वे है, जो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भीड़भाड़ कम करने के लिए एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में 60,000 करोड़ रुपये की राजमार्ग विकास योजना का हिस्सा है। द्वारका एक्सप्रेस-वे के हरियाणा खंड में 10.2 किलोमीटर दिल्ली-हरियाणा सीमा से बसई रेल-ओवर-ब्रिज (आरओबी) और 8.7 किलोमीटर बसई आरओबी से खेड़की दौला के दो पैकेज शामिल हैं। द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ-साथ मोदी ने देश भर में एक लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास किया और कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए अगले पांच वर्षों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की कार्यान्वयन गति कई गुना तेज होगी। करीब 114 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्र ने आधुनिक संपर्क की दिशा में एक और बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश इतना बदल गया है, लेकिन कांग्रेस के चश्मे का नंबर अभी भी नहीं बदला है। उन्होंने कहा देश में हो रहे लाखों करोड़ रुपये के इन विकास कार्यों से सबसे ज्यादा दिक्कत सिर्फ कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन को है। उनकी नींद हराम हो गई है। इसलिए वो लोग कह रहे हैं कि मोदी चुनाव के कारण लाखों करोड़ रुपये के काम कर रहा है। उन्होंने कहा नकारात्मकता और नकारात्मकता, यही कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों का चरित्र बन गया है। यह तो वे लोग हैं जो केवल चुनावी घोषणाओं की सरकार चलाते थे। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया गठबंधन को अक्सर प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता इंडी या घमंडिया गठबंधन कहते रहे हैं। मोदी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में देश इतना बदल गया लेकिन कांग्रेस और उसके दोस्तों का चश्मा नहीं बदला। इनके चश्मे का नंबर आज भी वही है। ऑल निगेटिव। पूर्ववर्ती सरकारों पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि पहले की सरकारें छोटी सी कोई योजना बनाकर और छोटा सा कोई कार्यक्रम करके पांच साल तक उसकी डुगडुगी पीटती रहती थीं। उन्होंने कहा, वहीं भाजपा सरकार जिस रफ्तार से काम कर रही है, उसमें शिलान्यास व लोकार्पण के लिए समय और दिन कम पड़ रहे हैं...पहले विलंब होता था, आज विकास होता है। कांग्रेस ने सात दशक तक जो गड्ढे खोदे थे वे तेजी से भरे जा रहे हैं। अगले पांच वर्ष में इस नींव पर बुलंद इमारत बनाने का काम होने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 के अभी तीन महीने भी पूरे नहीं हुए हैं और इतने कम समय में 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण हो चुका है। समस्या और संभावनाओं में केवल सोच का फर्क होता है और समस्याओं को संभावनाओं में बदल देना ही मोदी की गारंटी है। द्वारका एक्सप्रेस-वे को इसका बहुत बड़ा उदाहरण करार देते हुए मोदी ने कहा कि एक समय शाम ढलने के बाद लोग इधर आने से बचते थे और टैक्सी ड्राइवर भी मना कर देते थे कि उधर नहीं आना है। इस पूरे इलाके को असुरक्षित समझा जाता था लेकिन आज कई बड़ी-बड़ी कंपनियां यहां आकर अपनी परियोजनाएं लगा रही हैं।

### योगी सरकार

का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन कर गणेश प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विराज सागर दास ने तकनीकी रूप से युवाओं को सशक्त बनाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने बीबीडी यूनिवर्सिटी को इसका हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा कि डीजी शक्ति के तहत पूरे प्रदेश में 40 लाख स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित किया जायेगा। बीबीडी यूनिवर्सिटी के छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्मार्ट फोन एवं टैबलेट दिये जाने से छात्रों को नित नये टेक्नोलॉजी को जानने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। आप सभी छात्र बीबीडी यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश एवं भारत का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में डॉ एसएमके रिजवी ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद देते हुए उपस्थित सभी गणमान्य लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बीबीडीयू के कुलपति डॉ. एके मित्तल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. एसएमके रिजवी, सभी डायरेक्टर, डीन्स एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराया

## विकेटकीपर एलेक्स कारी के नाबाद 98 रन और मिचेल मार्श के साथ 140 रन की साझेदारी

## रुद्रांश खंडेलवाल को पैरा विश्व कप में रजत पदक




नयी दिल्ली। भारत के रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह ने सोमवार को यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। रुद्रांश, निहाल और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंहराज की तिकड़ी ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा का रजत पदक भी जीता। चीन ने स्वर्ण पदक हासिल किया। पिछले साल पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज रुद्रांश ने फाइनल में 223.2 अंक जुटाए। इटली के डेविड फ्रांसेचेटी ने 230.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। निहाल ने 202.8 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में रुद्रांश ने 530 और निहाल ने 527 अंक जुटाकर क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई। मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा में रुद्रांश (530), निहाल (527) और सिंहराज (516) ने कुल 1573 अंक के साथ रजत पदक जीता। चीन ने कुल 1611 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाला। राइफल निशानेबाज मोना अग्रवाल ही प्रतिष्ठित पैरा विश्व कप में अब तक भारत के लिए स्वर्ण पदक जीत पाई हैं।

एजेंसी




क्राइस्टचर्च। विकेटकीपर एलेक्स कारी के नाबाद 98 रन और मिचेल मार्श के साथ 140 रन की साझेदारी के दम पर आस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराकर श्रृंखला 2.0 से जीत ली। चौथे दिन कोई भी टीम जीत सकती थी लेकिन मार्श की 80 रन की पारी और कारी के साथ उनकी साझेदारी के दम पर आस्ट्रेलिया ने बाजी मारी। उन्होंने 281 रन का लक्ष्य सात विकेट खोकर हासिल किया जो चौथी पारी में बल्लेबाजी करते हुए 14वां सबसे बड़ा लक्ष्य था। वहीं न्यूजीलैंड टीम अपनी सरजमीं पर 31 साल में पहली बार आस्ट्रेलिया को टेस्ट हराने से चूक गई। आस्ट्रेलिया पर पिछली टेस्ट जीत उसने 13 साल पहले होबार्ट में दर्ज की थी। मार्श के आउट होने के समय आस्ट्रेलिया को 59 रन की जरूरत थी और उसके चार विकेट हाथ में थे। मिचेल स्टार्क अगली गेंद पर आउट हुए तब उसके पास तीन ही विकेट बचे थे। कारी ने हालांकि कप्तान पैट कमिंस के साथ 61 रन की नाबाद साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। कमिंस 32 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 162 रन पर आउट करने के बाद पहली पारी में 256 रन बनाकर 94 रन की बढत ली थी। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 372 रन बनाये थे जिससे उसकी बढत 279 रन की रही और आस्ट्रेलिया को 280 रन का लक्ष्य मिला।

## अनुराग ठाकुर ने सिरमौर में हॉकी एस्ट्रोटर्फ का किया उद्घाटन



नाहन (हिमाचल)। केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के माजरा में महिला हॉकी छात्रावास में साढ़े सात करोड़ रुपये की लागत से बने हॉकी एस्ट्रोटर्फ का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति के मुताबिक उद्घाटन समारोह के दौरान शिमला के सांसद सुरेश कश्यप और पांवटा के विधायक सुखराम चौधरी स्टेडियम में मौजूद थे। उन्होंने ठाकुर को धन्यवाद दिया और कहा कि हॉकी एस्ट्रोटर्फ इस क्षेत्र के खिलाड़ियों की दशकों पुरानी मांग थी। उन्होंने कहा कि इस छात्रावास ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी दिए हैं, जिनमें पूर्व भारतीय महिला टीम की कप्तान सीता गोसाईं भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विश्व स्तरीय एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम होने से अधिक अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी तैयार होंगे।

## अन्नपूर्णा क्लब की जीत में अभिषेक की तूफानी पारी

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच अभिषेक तिवारी (95) रन की तूफानी पारी की बदौलत अन्नपूर्णा क्रिकेट क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के लीग मुकाबले में ट्रंप स्टारलेट्स क्लब को आठ विकेट से पराजित किया।

गियर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में ट्रंप स्टारलेट्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 34 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन का स्कोर बनाया। टीम ने 27 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इस बीच मोहम्मद इरशाद ने 67 गेंदों पर 15 चौके से सर्वाधिक 81 रन की पारी खेली। अमन वर्मा ने 38, तनुराज सिंह ने 30 एवं मनीष बंसल ने 15 रन का योगदान किया।




अन्नपूर्णा क्रिकेट क्लब से कृष्ण कुमार सिंह ने 33 व राघवेंद्र यादव ने 15 रन देकर 3-3 विकेट हासिल किए। हर्षित शुक्ला को एक विकेट मिला। जवाब में अन्नपूर्णा क्लब ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 25 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 211 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## राष्ट्रीय शिविर में हॉकी इंडिया के 28 खिलाड़ियों की घोघणा

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम पर 12 से 30 मार्च तक होने वाले सीनियर पुरूष राष्ट्रीय शिविर के लिये 28 संभावित खिलाड़ियों का ऐलान किया है। पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारियों को पुख्ता करने के लिये यह शिविर काफी महत्वपूर्ण है। एफआईएच प्रो लीग 2023 . 24 में सफलता के बाद टीम शिविर में लौटी है। लीग में भारत आठ मैचों में 15 अंक लेकर इस समय तीसरे स्थान पर है। लीग 22 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में बहाल होगी। इसके बाद एक जून से लंदन और फिर आखिरी चरण नीदरलैंड में खेला जायेगा। संभावित खिलाड़ियों में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पी आर श्रीजेश और सूरज करकेरा, डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और आमिर अली शामिल हैं।

## विनेश फोगाट की 50 किग्रा में जीत दर्ज

एजेंसी

पटियाला। पेरिस ओलंपिक की दौड़ में बने रहने की कवायद में स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने महिलाओं के 50 किलो और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिये और अधिकारियों से लिखित आश्वासन मांगा कि 53 किलो भारवर्ग के आखिरी ट्रायल ओलंपिक से पहले होंगे।

कुश्ती की तदर्थ समिति द्वारा उनकी मांग मानने के बाद विनेश ने 50 किग्रा भार वर्ग में शिवानी को 11-6 से हराकर अगले महीने किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में जगह पक्की कर ली। जकार्ता एशियाई खेलों की यह



स्वर्ण पदक विजेता हालांकि 53 किग्रा का मुकाबला तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अंजू से 0-10 से हार गईं। डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने और लंबे चले प्रदर्शन की अगुवाई करने वाली विनेश 50 किलोवर्ग के ट्रायल के लिये।

## राजनाथ सिंह से मिले खेल संघों के प्रतिनिधि

लखनऊ। खेल सुविधाओं व खेल से जुड़े विभिन्न मुद्दो पर चर्चा के लिए केंद्रीय रक्षामंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह से उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू एसोसिएशन के सीईओ प्रवीण गर्ग की अध्यक्षता में विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधमंडल ने मुलाकात की। इस मुलाकात में पदाधिकारियों ने अपने खेल से जुड़े विभिन्न मुद्दो व उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की और विचार विमर्श किया।

इस मुलाकात में भारतीय जनता पार्टी सरकार में खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए हो रहे अभूतपूर्व कार्यों के लिए धन्यवाद दिया गया। खेल संघ पदाधिकारीयों ने पूर्ण बहुमत से दोबारा भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाने के लिए और लखनऊ लोकसभा से लखनऊ के जनप्रिय सांसद और



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भारी बहुमत से जीताने के लिए समर्थन दिया। इस प्रतिनिधमंडल में लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ.आनंद किशोर पांडेय सहित उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा, उत्तर प्रदेश कराटे संघ के सचिव जसपाल सिंह, उत्तर प्रदेश तलवारबाजी संघ के सचिव यूजिन पाल, उत्तर प्रदेश आत्या-पात्या संघ के उपाध्यक्ष अनिल सिंह, लखनऊ जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की सचिव डा. सुधा बाजपेयी सहित वरिष्ठ ताइक्वांडो कोच मोहम्मद नदीम भी मौजूद रहे।

संक्षेप

### क्रॉम्पटन की ट्रायो रेंज ऑफ लाइट्स लॉन्च

मुंबई। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपनी नई प्रीमियम रेंज, ट्रायो रेंज ऑफ लाइट्स लॉन्च की है। यह आपके लिविंग स्पेस को आलीशान और अद्भुत स्टाइल की लाइटिंग के साथ एक नया रूप देने को तैयार हैं। इंडस्ट्री में अपने तरह की यह अनूठी, ट्रायो रेंज एक ही प्रोडक्ट में तीन अलग-अलग तरह की लाइटिंग का अनुभव लेकर आई है। सीलिंग लाइट्स से लेकर बैटन और लैम्प तक, हरेक को ही जरूरत और खूबसूरती दोनों को ध्यान में रखते हुए बड़ी ही सटीकता से तैयार किया गया है। घर, होटल, रेस्टोरेंट, कैफे और छोटे ऑफिस जैसी जगहों के लिए उपयुक्त, एलईडी लाइट्स की यह ट्रायो रेंज, उपयोगिता और कमाल के स्टाइल के फ्यूजन के साथ लिविंग रूम को रोशन करेगी। इंटीरियर डिजाइन की बदलती दुनिया में, जहां कंटेम्परी पसंद नए-नए आकार लेती रहती है, ऐसे में क्रॉम्पटन लाइट्स ने उन बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए निरंतर बदलाव किए हैं। ट्रायो रेंज की पेशकश पारंपरिक लाइटिंग से काफी हटकर है; आधुनिक रहन-सहन की बदलती जरूरतों के हिसाब एक बेहद शानदार अनुभव पेश किया जा रहा है।

### एमवे इंडिया महिलाओं की खुशहाली के लिए समर्पित

नई दिल्ली। एमवे इंडिया, स्वास्थ्य और खुशहाली बढ़ाने के लिए काम करने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत को प्रोत्साहित करना और जोरदार बनाना था। इसके अंतर्गत कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में अपना विकास करने की इच्छा रखने वाली सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य और खुशहाली के लक्ष्य और अपने सपने पूरे करने के लिए अपनी क्षमताओं को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने का प्रयास करने में लगे रहने का शक्तिशाली संदेश दिया गया। एमवे में, हम मानते हैं कि महिलाएं ही हैं जो बड़े बदलाव लाती हैं। स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए कमर कसकर काम करते हुए, हम यह अच्छी तरह जानते हैं कि अपने परिवारों को खुशहाल रखने में महिलाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# सेंसेक्स में 616 अंकों की गिरावट

मुंबई। कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच धातु और बैंक शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी बढ़त थम गई और दोनों प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट देखने को मिली।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स मुनाफावसूली के कारण 616.75 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,502.64 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 685.48 अंक तक खिसक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 160.90 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,332.65 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड और टाटा स्टील में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इंडसइंड बैंक,



हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी में भी गिरावट रही। एसबीआई का शेयर उच्चतम न्यायालय की प्रतिकूल टिप्पणी के कारण दो प्रतिशत टूट गया। चुनावी बांड से संबंधित सूचनाएं चुनाव आयोग को सौंपने के मामले में उच्चतम न्यायालय ने एसबीआई को सख्त निर्देश दिए हैं। दूसरी तरफ नेस्ले, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

अल्पावधि में निफ्टी में कमजोरी देखी जा सकती है और यह 22,200-22,250 के दायरे में आ सकता है। हालांकि इसमें 22,400 के स्तर पर प्रतिरोध देखा जा सकता है। ब्याज दर में कटौती पर अनिश्चितता के कारण वैश्विक बाजारों में जारी बिकवाली ने घरेलू बाजार की धारणा को प्रभावित किया। अमेरिका में गैर-कृषि क्षेत्रों में नौकरियों के उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़े और अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़े जारी होने से पहले सावधानी बरती गई। मूल्यांकन संबंधी चिंताओं के कारण मझोली और छोटी कंपनियों के सूचकांक में खराब प्रदर्शन जारी है, जबकि निवेशक सोने जैसी सुरक्षित-संपत्ति को शामिल करने के लिए अपने पोर्टफोलियो को संशोधित कर रहे हैं।

### रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 82.75 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शेयर बाजार में नरम रुख के कारण रुपये में गिरावट आई। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि डॉलर के कमजोर होने तथा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने रुपये की गिरावट पर कुछ अंकुश लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.74 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 82.76 प्रति डॉलर के दिन के निम्नतम स्तर को छू गया। कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 82.75 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया 16 पैसे की मजबूती के साथ 82.67 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## बांग्लादेश, श्रीलंका, कई अन्य देश भारत के साथ रुपये में व्यापार करने के इच्छुक

नयी दिल्ली। बांग्लादेश, श्रीलंका और खाड़ी क्षेत्र के देशों सहित कई विकसित और विकासशील देशों ने रुपये में व्यापार करने की इच्छा जताई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत के साथ साझेदारी से कारोबार के लिए लेनदेन की लागत घटेगी।

उन्होंने भरोसा जताया कि यह कदम भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार की दिशा में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। उन्होंने एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा को बताया, बांग्लादेश, श्रीलंका पहले ही हमसे बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हम इसे तुरंत शुरू करें। खाड़ी क्षेत्र के दूसरे देश भी इस पर विचार कर रहे हैं। मुझे लगता है कि समय के साथ लोगों को इसका फायदा पता चलेगा। गोयल ने कहा कि इस पहल में विकसित देश और सुदूर पूर्व के देश भी शामिल हो रहे हैं। सिंगापुर पहले ही कुछ हद तक इसमें शामिल है। मंत्री ने कहा कि धीरे-धीरे देशों को यह एहसास हो रहा है कि घरेलू मुद्रा में व्यापार करने के कई फायदे हैं। इसलिए कई देश अब अपनी स्थानीय मुद्रा और रुपये के बीच सीधा लेनदेन शुरू करना चाहेंगे। गोयल ने कहा कि धीरे-धीरे यह बात समझ में आ रही है कि सभी लेनदेन को तीसरी मुद्रा में बदलने से



उसकी लागत में काफी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा, हमने यूएई से शुरुआत की। यूएई इसे स्वीकार करने वाले पहले देशों में से एक था। अब इसमें तेजी आ रही है। कई देश हैं, जो हमसे स्थानीय मुद्रा और रुपये में सीधे लेनदेन शुरू करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें समय लगता है। इसमें एक ढांचा तैयार करने के लिए दोनों देशों के केंद्रीय बैंकों को शामिल किया जाता है और फिर इसे आयातक और निर्यातक मंजूरी देते हैं।

## एसएमई खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेतः सेबी

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने सोमवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत मिल रहे हैं।

उन्होंने इस खंड में हाल के दिनों में हुई तेजी को अतार्किक उत्साह जैसा बताया। बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि हेराफेरी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) और सामान्य रूप से शेयरों की खरीद-बिक्री, दोनों में है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर महिला पत्रकारों से कहा, हमें संकेत मिल रहे हैं। हमारे पास इस बारे में पता लगाने की तकनीक है। हम कुछ पैटर्न देख रहे हैं। मैं कहूंगी कि यह अभी शुरुआती चरण में है और बात बहुत आगे नहीं बढ़ी है। छोटी और मझोली कंपनियों के सूचकांक में हाल के दिनों में हुई तेज वृद्धि के बारे में पूछने पर बुच ने स्वीकार किया कि बाजार में तेजी के कुछ बुलबुले हैं। उन्होंने कहा, बुलबुले को बनते रहने देना उचित नहीं होगा, क्योंकि जब यह फूटता है, तो निवेशकों



पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह अच्छी बात नहीं है। सेबी प्रमुख ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक अभी भी इसके सभी पहलुओं को समझने और आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए सलाहकारों के साथ काम कर रहा है। बुच ने कहा कि अगर उसे कुछ गलत मिला, तो इस पर सार्वजनिक परामर्श जारी किया जा सकता है। उन्होंने हालांकि गड़बडी में शामिल संस्थाओं के खिलाफ कार्वाई करने की कोई खास समयसीमा नहीं दी। सेबी प्रमुख ने कहा कि निवेशकों को यह समझने की जरूरत है कि एसएमई खंड मुख्य बोर्ड से अलग है। एसएमई खंड को नियंत्रित करने वाले नियम, खुलासा मानदंड अलग हैं और इसलिए जोखिम की प्रकृति भी अलग है। प्रतिभूतियों का बिक्री के दिन निपटान वैकल्पिक आधार पर 28 मार्च से शुरू होगा।

## म्यूचुअल फंड में महिला निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़कर 21 प्रतिशत

मुंबई। म्यूचुअल फंड में महिला निवेशकों की हिस्सेदारी मार्च, 2017 में 15 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर, 2023 में लगभग 21 प्रतिशत हो गई है। उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के नवीनतम आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस साल फरवरी में म्यूचुअल फंड में प्रबंधन के तहत कुल संपत्ति (एयूएम) 50 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई।

बड़ी संख्या में निवेशक बचत करने और कमाई बढ़ाने के लिए म्यूचुअल फंड की ओर आ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड में महिला निवेशकों की हिस्सेदारी मार्च, 2017 में 15 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर, 2023 में लगभग 21 प्रतिशत



हो गई है। इस दौरान वृद्धि की यह गति शहरी केंद्रों की तुलना में दूर-दराज के क्षेत्र में अधिक तेज थी। एम्फी के लिए क्रिसिल द्वारा तैयार और सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 50 प्रतिशत महिला निवेशक 25-44 आयु वर्ग में आती हैं, जबकि व्यक्तिगत निवेशकों के कुल समूह में यह आंकड़ा लगभग 45 प्रतिशत है। म्यूचुअल फंड उद्योग में महिलाओं की हिस्सेदारी सबसे अधिक 40 प्रतिशत गोवा में है। इसके बाद पूर्वोत्तर राज्य 30 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर हैं। चंडीगढ़, महाराष्ट्र और नयी दिल्ली में भी प्रबंधन के अधीन संपत्तियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक है। अधिकतर महिला एमएफ निवेशक नियमित योजना मार्ग के माध्यम से निवेश करना जारी रखते हैं और म्यूचुअल फंड वितरक के माध्यम से निवेश करने पर लंबे समय तक निवेशित रहते हैं। महिला म्यूचुअल फंड वितरकों की संख्या भी बढ़ी है। दिसंबर, 2023 तक यह संख्या 42,000 अंक के करीब थी और उनकी कुल प्रबंधन अधीन संपत्ति एक लाख करोड़ रुपये से अधिक थी।

### गडकरी ने रखी 2,500 करोड़ की राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड में 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी है। मंत्री ने रविवार को ऑनलाइन माध्यम से परियोजनाओं का शिलान्यास किया। आधिकारिक बयान के अनुसार, परियोजनाओं में तुपुदाना से कुंडियाबारटोली खंड (खूंटी बाईपास सहित) को चार-लेन बनाना और बेरो से खूंटी खंड का चौड़ीकरण और उन्नत करना शामिल है। बेरो से खूंटी खंड के चौड़ीकरण से यातायात सुगम होगा और आसपास के क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा। खूंटी बाईपास के चार-लेन बनने से स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचना आसान हो जाएगा, जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### पेप्सी का दिल मांगे मोर कैम्पेन लॉन्च

नई दिल्ली। पेप्सी ने भारत में अपने 125वें जन्मदिन के मौके पर शानदार जश्न मनाते हुए भविष्य को नए सिरे से परिभाषित करने की तैयारी पूरी कर ली है और साथ ही, अपने भव्य अतीत को भी नहीं भुलाया है। इस आइकॉनिक बेवेरेज ब्रैंड ने पॉप कल्चर के दिल पर राज करने की अपनी एक सदी का जश्न मनाते हुए, भारत में नई ग्लोबल ब्रांडिंग पेश की है जो इसकी दमदार धरोहर को आधुनिक सोच से जोड़ती है। इसके साथ ही, पेप्सी ने अपने नए ब्रैंड कैम्पेन यह दिल मांगे मोर भी लॉन्च किया है जो पूरे देशभर में तूफान बरपा कर देगा। इस नए कैम्पेन में आकर्षक और प्रतिभाशाली ब्रैंड एंबैसडर रणवीर सिंह दिखायी दे रहे हैं। यानि, ब्रैंड पेप्सी के लिए यह दोहरा जश्न है जिसमें इसके सफर के अहम मुकाम के साथ-साथ, पेप्सीके आगे के सफर को पर भी जोर दिया गया है। पेप्सी ने अपनी पारी शुरू करने के साथ ही, एक ऐसे आइकॉनिक ग्लोबल कंज्यूमर ब्रैंड के तौर पर खुद को पहचान दिलायी थी जिसके मूल में पॉप कल्चर और मौज-मस्ती समायी है। यह दिल मांगे मोर उस जज़्बात की कहानी बयान करता है जो आज के दौर में पहले से भी ज्यादा मायने रखता है जबकि मौजूदा पीढ़ी बंधे-बंधाए ढर्रों को चुनौती दे रही है और सदियों पुरानी लकीरों को तोड़कर अपनी कामयाबी और खुशियों की नई परिभाषा गढ़ रही है।

### कसरत की डाइट में बादाम का महत्वपूर्ण योगदान

नई दिल्ली। एक सर्वे के मुताबिक, 2 में से लगभग 1 भारतीय ने कोविड-19 महामारी के बाद से अपना कसरत करने का समय बढ़ा दिया है। नियमित रूप से व्यायाम करने के कई फायदे होते हैं, जैसे कि आपकी ताकत और सहनशक्ति बढ़ती है। लेकिन संतुलित आहार लेना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। शीला कृष्णास्वामी न्यूट्रीशन ने कहा जो नियमित रूप से कसरत करते हैं, उन्हें प्रोटीन, कॉम्प्लेक्स कार्बोहाईड्रेट्स और हेल्दी फैट पर्याप्त मात्रा में लेना जरूरी होता है। ऐसे में बादाम बड़े काम आ सकती है। बादाम को खाने से संतुष्टि मिलती है और उसमें प्रोटीन, हेल्दी फैट्स और एंटीऑक्सीडेंट विटामिन ई बहुत अच्छी मात्रा में होता है। यह सभी सेहत के लिये काम करते हैं और मांसपेशियों की टूट-फूट को ठीक करने में सहायक होते हैं। आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा वित्तपोषित हाल में किया गया अध्ययन बताता है ? कि बादाम खाने से मांसपेशियों की कार्यात्मकता सुधर सकती है और कसरत के बाद सामान्य स्थिति पाने में मदद मिलती है। द विटार्ड स्टडी नामक इस अध्ययन ने खुलासा किया है कि इसमें भाग लेकर बादाम खाने वाले लोगों को एक वर्टिकल लीप चैलेंज के दौरान कंट्रोल ग्रुप के लोगों की तुलना में मांसपेशियों का दर्द 25 प्रतिशत कम हुआ।

# देश में होगा नारी शक्ति का उत्कर्ष : मोदी

## प्रधानमंत्री ने पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान में सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम को किया संबोधित

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी संवेदनाएं और योजनाएं जमीन से जुड़े अनुभवों से निकली हैं जो नारी शक्ति के जीवन को आसान बना रही हैं और उनका तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा।

प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली के पूसा स्थित राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान में सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि जब भी वह महिलाओं के कल्याण की बात करते हैं, विपक्षी दल उसे उन्हें गाली देने के अवसर के रूप में उपयोग करता है। इस अवसर पर उन्होंने नमो ड्रोन दीदियों की ओर से कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन देखा और 1,000 से अधिक नमो ड्रोन दीदियों को ड्रोन सौंपे। कार्यक्रम के दौरान कुछ ड्रोन दीदियों से संवाद करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, मोदी की संवेदनाएं और मोदी की योजनाएं जमीन से जुड़े जीवन के अनुभवों से निकली हैं। बचपन में जो अपने घर में देखा, अपने आस-पड़ोस में देखा, फिर देश के गांव-गांव में अनेक परिवारों के साथ रहकर जो अनुभव किया, वही आज मोदी की संवेदनाओं और योजनाओं में झलकता है। उन्होंने कहा कि इसलिए ये योजनाएं नारी शक्ति के जीवन को



आसान बनाती हैं और उनकी मुश्किलें कम करती हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ अपने परिवार के लिए सोचने वाले, परिवारवादी नेताओं को ये बात कतई समझ नहीं आ सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में एक करोड़ से ज्यादा बहनें पिछले दिनों अलग-अलग योजनाओं और प्रयासों के कारण लखपति दीदी बन चुकी हैं। मोदी ने कहा कि यह आंकड़ा छोटा नहीं है और उनका लक्ष्य अब तीन करोड़ लखपति दीदी के आंकड़े को पार करना है। उन्होंने कहा, हमारा तीसरा कार्यकाल नारी शक्ति के उत्कर्ष का नया अध्याय लिखेगा। इस आयोजन के समय देशभर में 11 अलग-अलग जगहों से भी नमो ड्रोन दीदियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने उन लखपति दीदियों को सम्मानित भी किया, जिन्होंने दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सहायता से सफलता प्राप्त की है और वे अन्य स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों के उत्थान के लिए मददगार बन रही हैं तथा उन्हें प्रेरित कर रही हैं। साथ ही प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों को रियायती ब्याज दरों पर लगभग 8,000 करोड़ रुपये का ज ण भी प्रदान किया। ये ज ण बैंकों की ओर से प्रत्येक जिले में बनाए गए बैंक संपर्क शिविरों के माध्यम से दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हर बार जब मैं आपके कल्याण की बात करता हूं, कांग्रेस इसे मुझे गाली देने के अवसर के रूप में उपयोग करती है। परिवारवादी पार्टियां कभी भी आपके संघर्षों से जुड़ नहीं सकतीं।

# राष्ट्रपति मुर्मू मॉरीशस पहुंचीं, राष्ट्रीय दिवस पर मुख्य अतिथि के तौर पर होंगी शामिल

पोर्ट लुइस। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर मॉरीशस पहुंचीं। मुर्मू, मंगलवार को देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी। राष्ट्रपति मुर्मू के यहां पहुंचने पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ ने उनका स्वागत किया। मॉरीशस के साथ भारत के संबंधों को और मजबूत करने के लिए मुर्मू अपने दौरे के दौरान देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी बातचीत करेंगी।



विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर मॉरीशस पहुंचीं। पोस्ट में लिखा गया, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति मुर्मू का पूरे राजकीय सम्मान के साथ स्वागत किया, जो दोनों देशों के बीच करीबी संबंधों को दर्शाता है। दो युद्धपोतों- आईएनएस तीर और सीजीएस सारथी- के साथ भारतीय नौसेना की एक टुकड़ी भी इस समारोह में हिस्सा लेगी। विदेश मंत्रालय ने दौरे की घोषणा करते हुए बताया था कि राष्ट्रपति मुर्मू अपने मॉरीशस समकक्ष पृथ्वीराजसिंह रूपुन और प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, राष्ट्रपति मुर्मू इसके अलावा मॉरीशस नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, वहां के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश और देश के कई महत्वपूर्ण नेताओं से भी मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, मुर्मू, वर्ष 2000 के बाद से मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने वाली छठीं भारतीय राष्ट्रपति हैं।

संक्षेप

## गाजा पर छह सप्ताह का युद्ध विराम चाहते हैं : बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रमजान के अवसर पर दुनिया भर के मुस्लिम समुदाय को बधाई देते हुए रविवार को दोहराया कि अमेरिका बंधकों की रिहाई संबंधी समझौते के तहत कम से कम छह सप्ताह के तत्काल युद्धविराम के लिए अनवरत काम करना जारी रखेगा। बाइडन ने कहा, अमेरिका बंधकों की रिहाई संबंधी समझौते के तहत कम से कम छह सप्ताह के लिए तत्काल युद्धविराम करने के लिए अनवरत काम करना जारी रखेगा। हम स्थिरता, सुरक्षा और शांति के दीर्घकालिक भविष्य की दिशा में कार्य जारी रखेंगे। इसमें यह सुनिश्चित करने के लिए द्विराष्ट्र समाधान शामिल है कि फलस्तीन और इजराइल के लोगों को समान स्वतंत्रता, सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि मिले। स्थायी शांति की ओर यही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका गाजा में जमीन, हवाई मार्ग और समुद्र के माध्यम से अधिक मानवीय सहायता मुहैया कराने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करना जारी रखेगा। उन्होंने मुसलमान समुदाय को रमजान की बधाई देते हुए कहा, यह पवित्र महीना चिंतन और पुनः आरंभ का समय है। इस वर्ष यह महीना अत्यंत पीड़ादायक समय में आया है। गाजा में युद्ध ने फलस्तीनी लोगों को भयानक पीड़ा पहुंचाई है।

# वैज्ञानिकों ने कोविड-19 संक्रमण के खिलाफ नयी एंटीवायरल दवाएं खोजीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। वैज्ञानिकों ने असरदार एंटीवायरल दवाएं खोज निकाली हैं जिनमें भविष्य में कोविड-19 संक्रमण के प्रकोप को रोकने की क्षमता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है। रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने बताया कि कोविड-19 का कारण बनने वाला वायरस एस-सीओवी-2 कोशिकाओं में




एक ऐसे मार्ग को सक्रिय कर देता है, जो पेरोक्सीसोम्स व इंटरफेरॉन के उत्पादन को रोक देता है और ये दोनों ही तत्व सामान्य प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के दो महत्वपूर्ण घटक हैं। कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ अल्बर्टा के शोधकर्ताओं की टीम ने इस नयी एंटीवायरल दवा का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जो इंटरफेरॉन के उत्पादन को बढ़ाकर कोविड-19 के प्रभाव को कम करने का काम करती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि इंटरफेरॉन संक्रमित कोशिकाओं को और अधिक वायरस उत्पन्न करने से रोकने और इन संक्रमित कोशिकाओं को मारने का का काम करता है। इसके बाद यह तत्व संक्रमित कोशिकाओं के आस-पास मौजूद कोशिकाओं को संक्रमित होने से रोकता है। शोधकर्ताओं की टीम ने 40 मौजूदा दवाओं की जांच की जो संकेत देने वाले मार्ग को निशाना बनाती हैं। इनमें से ज्यादातर दवाएं मूल रूप से कैंसर के उपचार के लिए विकसित की गयी थीं, जो अक्सर इंटरफेरॉन के उत्पादन को बढ़ा देती हैं। इनमें से तीन दवाएं फेफड़ों में पाये जाने वाले वायरस की मात्रा को महत्वपूर्ण रूप से कम करने में प्रभावी है और एक दवा चूहे में सूजन व अन्य लक्षणों को कम करने में प्रभावी साबित हुई है। यूनिवर्सिटी ऑफ अल्बर्टा के प्रोफेसर और अध्ययन के मुख्य लेखक टॉम होबमैन ने कहा, हमने कुछ मामलों में एक टेस्ट ट्यूब में वायरस उत्पन्न होने की मात्रा में 10 हजार गुना तक कमी को देखा और जब चूहों पर इसका परीक्षण किया गया तो पाया कि ये दवाएं बहुत वजन में तेज गिरावट को रोकने का काम करती हैं और चूहे बहुत तेजी से ठीक होते हैं। होबमैन ने कहा कि वायरस से संक्रमण के प्रकोप के दौरान वे लोग, जो इसके संपर्क में आते हैं या फिर जिन्हें लक्षण दिखाई देने लगे हैं।

# आप-कांग्रेस गठबंधन पर बरसे शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन की आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 400 से अधिक सीट के साथ सत्ता में लौटेंगे। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शाह ने उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के साथ



दिल्ली के 41 शहरीकृत गांवों में पाइप गैस आपूर्ति सहित अन्य विकास कार्यों की शुरुआत की। केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया, राजनीति में दो तरह के लोग होते हैं - एक वे जो जैसा कहते हैं, उसे पूरा करते हैं और दूसरे जो इसके विपरीत करते हैं। दोनों प्रकार के लोग दिल्ली में मौजूद हैं। एक तरफ नरेन्द्र मोदी हैं और दूसरी तरफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हैं, जिन्होंने (केजरीवाल) जो कहा, वैसा कुछ नहीं किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए आप और कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला और दावा किया कि उनका गठबंधन सफल नहीं होगा।

# चुनावी बॉण्ड इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बॉण्ड का विवरण देने के लिए समय बढ़ाने संबंधी भारतीय स्टेट बैंक की याचिका उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद सोमवार को दावा किया कि यह भारत के इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला साबित होने जा रहा है। उच्चतम न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय बढ़ाए जाने का अनुरोध करने संबंधी एसबीआई की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।









आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com